सूर्योदय 5:40 सूर्यास्त 7:14

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.6 न्यू | 24.6 अधि |
| धर्मशाला | 20.9 न्यू | 29.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81332.72 |
| निफ्टी | 24834.85 |
| सोना | 67,410 |
| चांदी | 89,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




भाकर एयर पिस्टल के फाइनल में
पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 28 जुलाई 2024 | 13 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 221, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### देश ने खोया हिमाचल का एक और जवान



**धर्मशाला।** कांगड़ा जिले की ग्राम पंचायत भरवाना के वार्ड भुआणा नरेलू के 26 वर्षीय सैनिक अजय राणा की बीमारी के बाद मौत हो गई। अजय 2018 में आर्मी में भर्ती हुए था। मौजूदा समय में अजय 8 डोगरा रेजिमेंट जम्मू के बड़ी ब्राह्मणा में तैनात था पिछले एक माह से अजय पीलिया की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका उपचार आर्मी अस्पताल दिल्ली में हो रहा था, जहां उनकी मौत हो गई।

### टिहरी में भूस्खलन से मां और बेटी की मौत

**नई टिहरी।** टिहरी गढ़वाल जिले के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में लगातार बारिश के बाद शनिवार को एक गांव में हुए भूस्खलन में 42 वर्षीय एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई। जिलाधिकारी (डीएम) मयूर दीक्षित के अनुसार टोली गांव में पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) कर्मियों द्वारा चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सरिता देवी और 15 वर्षीय अंकिता के शव बरामद किए गए।

### 5 दिन तक रोजाना 2 घंटे बंद रहेगा चंडीगढ़-मनाली एनएच



**मंडी।** चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर 27 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक मंडी से पंडोह के बीच रोजाना दो घंटे गाड़ियों के पहिए थमे रहेंगे। नेशनल हाईवे पर 4 मील से 9 मील तक पहाड़ी पर हवा में लटके बड़े-बड़े बोल्डरों व चट्टानों को हटाने के लिए हाईवे को बंद किया जा रहा है। इन बोल्डरों व चट्टानों से नेशनल हाईवे पर लगातार लैंडस्लाइड का खतरा बना हुआ है, जिसके लिए हाईवे पर रोजाना सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद रहेगी। छोटे वाहन आने जाने के लिए वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल कर सकेंगे।

### मोदी ने भाजपा के सीएम और डिप्टी सीएम के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भाजपा शासित राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, हरियाणा, मणिपुर और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। भाजपा द्वारा नियमित अंतराल पर आयोजित की जाने वाली 'मुख्यमंत्री परिषद' का उद्देश्य राज्यों में प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करना, सर्वोत्तम शासन प्रथाओं का पालन करना और केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी पहल का क्रियान्वयन करना है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पार्किंग के लिए तरस रहा डीडीयू अस्पताल -पेज 2
- तबादलों पर प्रतिबंध लगाने पर पुनर्विचार करे सरकार -पेज 6
- फेक स्टॉक मार्केट ऐप से लाखों की ठगी -पेज 9
- 'भ्रष्टाचार का सरगना' कहे जाने पर भड़के शरद पवार -पेज 13
- आठवां खिताब जीतने उतरेगी भारतीय टीम -पेज 14


## नीति आयोग की बैठक में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# विकसित भारत बनाने के लिए स्किल, रिसर्च व इनोवेशन जरूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्य सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि वे सीधे लोगों से जुड़े हैं। विकसित भारत हर भारतीय की महत्वाकांक्षा है। यह बात शानिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में कही।

पीएम मोदी ने कहा कि यह दशक बदलावों का है, तकनीकी और भू-राजनीतिक के साथ-साथ अवसरों का भी है। भारत को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और अपनी नीतियों को अंतरराष्ट्रीय निवेश के अनुकूल बनाना चाहिए। यह भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति की सीढ़ी है। बैठक में विकसित भारत @2047 पर विजन डॉक्यूमेंट पर भी चर्चा हुई। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों की भूमिका पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बता दें कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और इसका लक्ष्य 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है।



बैठक में उपस्थित प्रधानमंत्री मोदी, साथ हैं राजनाथ सिंह, अमित शाह व अन्य।

### इसलिए हुई गवर्निंग काउंसिल की बैठक

2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। इस सपने के लिए रोडमैप बनाने और केंद्र और राज्यों के बीच टीम इंडिया के रूप में टीम वर्क को बढ़ावा देने के लिए 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की सिफारिशों पर भी विचार किया गया।

### ममता ने छोड़ी नीति आयोग की बैठक



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की बैठक छोड़कर बाहर निकल आईं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की एकमात्र प्रतिनिधि होने के बावजूद उन्हें भाषण के दौरान बीच में ही रोक दिया गया। बहरहाल, सरकारी सूत्रों ने उनके आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ममता को बोलने के लिए दिया गया समय समाप्त हो गया था। ममता ने कहा कि पांच मिनट के बाद उनका माइक्रोफोन बंद कर दिया गया।

# धर्मशाला बस स्टैंड से जुड़ेगा विकास पुरुष जीएस बाली का नाम : डिप्टी सीएम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगबां**



बाल मेले में उपस्थित मुख्यातिथि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, साथ हैं कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

शनिवार को नगरोटा बगवां में विकास पुरुष स्व. जीएस बाली की स्मृति में आयोजित चार दिवसीय मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जीएस बाली ने राज्य के विकास में अमूल्य योगदान दिया है। सरकार में काबीना मंत्री रहते हुए संबंधित विभागों के आधुनिकीकरण के लिए पहल की है जिसके चलते ही आज भी लोग जीएस बाली को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला बस स्टैंड का नाम विकास पुरुष स्व. जीएस बाली के नाम पर रखा जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है तथा युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए राजीव गांधी स्वरोजगार योजना लागू की है। इस योजना के तहत परिवहन विभाग ने ई-टैक्सी स्कीम लागू की है, जिसमें ई-टैक्सी खरीदने पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इन्हीं ई-टैक्सियों को कम से कम चार वर्षों के लिए सरकारी विभागों द्वारा अनुबंध पर लिया जाएगा।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी विकास पुरुष जीएस बाली को याद करते हुए कहा कि जीएस बाली एक दूरदृष्टा नेता थे, जो हमेशा आम जनता की सेवा के लिए तत्पर रहते थे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने भी जीएस बाली को नमन करते हुए उनके कार्यों को याद किया। इससे पहले कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आभार भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा, सीपीएस किशोरी लाल आदि उपस्थित थे।

# राजस्व मंत्री नेगी ने वार्ता के लिए बुलाए पटवारी और कानूनगो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



महासंघ के अल्टीमेटम के बाद अब राजस्व मंत्री ने पटवारी और कानूनगो को वार्ता के लिए बुलाया है। हिमाचल में स्टेट कैडर का दर्जा देने पर नाराज चल रहे पटवारियों और कानूनगो ने प्रदेश सरकार को दो दिन का अल्टीमेटम दिया था। जिस पर अब प्रदेश राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने पटवारियों और कानूनगो को सोमवार को वार्ता के लिए बुलाया है। यह वार्ता प्रदेश सचिवालय में सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे होगी।

प्रदेश सरकार संयुक्त ग्रामीण राजस्व अधिकारी एवं कानूनगो महासंघ के 12 से 15 पदाधिकारियों को बातचीत के लिए बुलाया गया है। ऐसे में लोगों में उम्मीद जगी है कि वार्ता के सार्थक परिणाम सामने आएंगे। जिससे आम जनता को पहले की ऑनलाइन सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

# कुपवाड़ा में सेना और आतंकियों में मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**एक जवान शहीद मेजर समेत 4 घायल**

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में शनिवार सुबह एनकाउंटर में राइफलमैन मोहित राठौर शहीद हो गए, जबकि मेजर समेत 4 जवान घायल हैं। मुठभेड़ माछिल सेक्टर के पास जंगल एरिया में हुई, इसमें एक पाकिस्तानी आतंकी के मारे जाने की खबर है।

पाकिस्तानी सेना के सैनिक आतंकवादी संगठनों के साथ आतंकियों को कश्मीर भेज रहे थे। सुरक्षाबलों को कुपवाड़ा के कमकारी इलाके में इनकी खबर मिली। सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग कर दी। हमले के बाद आतंकियों के जंगल में भागने की आशंका है। सुरक्षाबल जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। यह हमला कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के एक दिन बाद हुआ है। 26 जुलाई को पीएम मोदी ने कारगिल से पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था- भारतीय सेना आतंकवाद को कुचल देगी और दुश्मन के मंसूबों का मुंहतोड़ जवाब देगी।

### डोडा हमले में 3 आतंकियों के स्केच जारी



**डोडा** पुलिस ने डेसा के ऊपरी इलाकों में घूम रहे तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। जानकारी देने पर 5 लाख रुपए का इनाम रखा गया है। डोडा के डेसा में 15 जुलाई को आतंकियों से मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और पुलिसकर्मी समेत 5 जवान शहीद हुए थे। इस हमले में ये तीन आतंकवादी शामिल थे।

# नवी मुंबई में चार मंजिला इमारत ढही, तीन की मौत


**एजेंसी, मुंबई**



महाराष्ट्र के नवी मुंबई में शनिवार सुबह भीषण बारिश के बीच हादसा हो गया। यहां शहबाज गांव में एक चार मंजिला इमारत अचानक जमींदोज गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है, वहीं दो लोगों को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) के आयुक्त कैलाश शिंदे ने बताया कि आज तड़के चार मंजिला एक इमारत ढह गई, जिसमें कई कमरे और तीन दुकानें थीं। घटनास्थल से 13 बच्चों समेत 52 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि मलबे में फंसे एक पुरुष और एक महिला को भी बचा लिया गया है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि यह इमारत सिर्फ 10 साल पुरानी थी।

# हिमाचल के 8 जिलों में बारिश का अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल के 8 जिलों में मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के कई भागों में लगातार एक सप्ताह तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 27 जुलाई से 2 अगस्त तक कई स्थानों पर बारिश का येलो अलर्ट है। एक से 27 जुलाई तक राज्य में सामान्य से 33 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई। इस अवधि के लिए 220.1 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया, लेकिन वास्तव में 147.5 मिलीमीटर बारिश ही दर्ज की गई।

# अनंतनाग : सड़क हादसे में एक ही परिवार के 8 लोगों की मौत

**अशोक ठाकुर, जूम्मू**



दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग जिले के डकसुम में शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई है। सभी लोग किश्तवाड़ के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार परिवार किश्तवाड़ से सिंथन टॉप होते हुए मारवाह की ओर जा रहा था। पुलिस ने बताया मरने वालों में पांच बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं।

इनकी पहचान इम्तियाज राथर पुत्र गुलाम रसूल राथर निवासी किश्तावर, अफरोजा बेगम पत्नी इम्तियाज अहमद राथर निवासी किश्तावर, रेशमा पत्नी माजिद अहमद, अरीबा इम्तियाज पुत्री इम्तियाज अहमद, अनिया जान पुत्री इम्तियाज अहमद, अबान इम्तियाज पुत्री इम्तियाज, उम्र, मुसैब माजिद पुत्र माजिद अहमद, मुशैल माजिद पुत्र माजिद अहमदके रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि किश्तवाड़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार मारुति स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। (अनंत ज्ञान)

# गाजियाबाद में कांवड़ियों ने मचाया उत्पात, तोड़ी कार

**एजेंसी, गाजियाबाद**



गाजियाबाद में कांवड़ मार्ग पर जमकर हंगामा देखने को मिला है। बताया जा रहा है कि कांवड़ खंडित होने को लेकर कांवड़ियों ने हंगामा कर दिया है। इस दौरान कांवड़ियों ने एक गाड़ी में तोड़फोड़ भी की है।

दरअसल, मामला गाजियाबाद के मुरादनगर इलाके का बताया जा रहा है, जहां एक व्यक्ति गाड़ी लेकर जा रहा था। इस दौरान उसकी गाड़ी किसी कांवड़िए से टच हो गई, जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया। देखते ही देखते कई कांवड़िए एकत्रित हो गए और गाड़ी को तोड़ दिया और उसके बाद मारपीट कर दी।

### कांवड़ रूट पर एटीएस तैनात

**मुजफ्फरनगर।** यूपी में कांवड़ रूट पर एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) तैनात की गई है। लखनऊ से एटीएस कमांडो बख्तरबंद गाड़ियों से शनिवार दोपहर मुजफ्फरनगर पहुंचे। उन्होंने कांवड़ रूट पर सिक्योरिटी व्यवस्था को जांचा-परखा। स्थानीय खुफिया विभाग भी ड्रोन कैमरे से कांवड़ रूट की निगरानी कर रहा है।







## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब के तीन लोगों से 3.54 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला पुलिस ने तीन व्यक्ति से चिट्टा बरामद किया है। तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की तीन लोगों के पास नशीले पदार्थ है। तभी पुलिस हरकत में आई और स्पैशल सैल जिला शिमला की टीम ने पुराना बसस्टैंड के पास ही एक कमरे में ठहरे लखविंदर सिंह, मुनिष व अनंत भारद्वाज निवासी फरीदकोट पंजाब के कब्जे से 3.54 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस की तीनो लोगों से पूछताछ जारी है।मामले की जांच जारी है।

### कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**सपना सूद, नेरवा/चौपा।** कारगिल युद्ध के 25 वर्ष पूरा होने पर फ्रेंड्स क्लब मालत द्वारा देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर योद्धाओं की याद में एक श्रद्धांजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिस में क्लब के समस्त सदस्यों ने कुपवी और चौपाल के वीर जवानों को श्रधान्जली अर्पित कर उन्हें याद किया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम चंदलोग नेरवा क्षेत्र के अमर शहीद श्याम सिंह भिखटा को उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। फ्रेंडस क्लब मालत के सदस्यों द्वारा इस मौके पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले चेत्ता (कुपवी) क्षेत्र के अन्य वीर योद्धाओं शहीद लेफ्टिनेंट हरी सिंह चौहान,शहीद नरेश ठाकुर,शहीद कुलभूषण मांटा एवं शहीद सुरेश दिपटा को भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### खैरा में ट्रक लुढ़का, चालक की मौत

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** थाना सुन्नी के तहत खैरा में ट्रक के गहरी खाई में गिरने से ट्रक चालक की मौत हो गई। बताया जा रहा है की दुर्घटनाग्रस्त हुआ ट्रक बाघेरी सीमेंट प्लांट से सीमेंट लोड करके बिथल जा रहे था। प्रोजेक्ट कार्य में लगे डंपर मिट्टी भर कर आ रहे थे। दूसरी दिशा से आ रहे ट्रक संख्या एचपी 12 डी 3855 ने डंपरों से खेरा के समीप पास लेना चाहा, लेकिन सड़क पर दलदल होने के कारण और ट्रक में लोड के कारण सड़क का निचला हिस्सा धंस गया और ट्रक गहरी खाई में जा गिरा तथा ट्रक चालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस को दुर्घटना की जानकारी मृतक के साथ अन्य ट्रक चालक ने दी। मृतक की शिनाख्त नरेंद्र सिंह (42 वर्ष) पुत्र राजवंत सिंह निवासी कल्याणपुर, तहसील आनंदपुर साहिब, जिला-रूपनगर पंजाब के तौर पर हुई है। थाना प्रभारी दिलू राम शर्मा ने बताया की मृतक का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### एसबीआई कॉन्ट्रेक्ट वर्कर्ज यूनियन का सम्मेलन आयोजित



**अनंत ज्ञान, शिमला।** एसबीआई कॉन्ट्रेक्ट वर्कर्ज यूनियन संबंधित सीटू का तीसरा राज्य सम्मेलन सीटू राज्य कार्यालय किसान मजदूर भवन चिटकारा पार्क कैथू शिमला में संपन्न हुआ। सम्मेलन में प्रदेश के सब जिलों से प्रतिनिधि शामिल रहे। इस दौरान इकत्तीस सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। डिम्पल को अध्यक्ष, राकेश को महासचिव, भूपिंद्र को कोषाध्यक्ष, विनय, चंदेल सिंह, ममता, पूनम को उपाध्यक्ष, सुनीता, राकेश, अरुण, रवि को सचिव, राजेन्द्र, प्रताप, रविन्द्र, रवि, सुमित, छूनो राम, सुभाष, नीमा, राजन, साहिल, रंजन, सुरेश, अश्वनी को कमेटी सदस्य चुना गया। सम्मेलन का उद्घाटन सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने किया।

### अवैध रेहड़ी-फड़ी वालों के खिलाफ कार्रवाई

**दशमी रावत, रोहड़ू।** नगर परिषद रोहड़ू के कार्यकारी अधिकारी पियूष चौहान की अगुवाई में बाजार में अवैध रूप से लगे रेहड़ी-फड़ी वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। इस दौरान कई रेहड़ी-फड़ी वालों के चालान काटे गए और कुछ लोगों का सामान जब्त किया गया। जब्त किया गया सामान चालान करने के उपरांत वापस कर दिया गया है। कार्रवाई में लगभग 15 रेहड़ी-फड़ी वालों के चालान किए गए। आज नगर परिषद की कार्रवाई को भांपते हुए पहले ही कई रेहड़ी-फड़ी वाले अपना ठेला उठाकर बाजार से भाग गए। नगर परिषद रोहड़ू बहुत जल्द ही रजिस्टर्ड (पंजीकृत) रेहड़ी-फड़ी वालों को उचित स्थान आबंटित करेगी। वहीं, जो गैर-पंजीकृत रेडी-फड़ी वाले हैं, उन्हें बाजार से हटा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### कौशल विकास योजना के तहत कार्यशाला आयोजित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल के निर्देशानुसार वाणिज्य विभाग ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत बीकॉम प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य कॉमर्स विभाग के छात्रों को डिप्लोमा कोर्स से अवगत करवाना रहा जो कि इंटरनेट ऑफ थिंग्स एंड कंप्यूटर के बारे में जानकारी प्रदान करता है। इस कार्यशाला में छात्रों को डिप्लोमा कोर्स के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर बॉटनी विभाग के प्रवक्ता डॉ. संजीव कुमार, कॉमर्स विभाग के प्रवक्ता डॉ. भूमेंद्र सिंह जसवाल, डॉ. सुरेश जम्वाल, प्रो. ऋतुराज ठाकुर, प्रो. पूजा शर्मा, प्रो. रजनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री कौशल केंद्र हमीरपुर से शीतल, सही शर्मा, पंकज, प्रवीण और आशीष ने विशेष रूप से छात्र-छात्राओं को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और उनका पंजीकरण भी किया।

### 68 प्रशिक्षकों में से 61 ने पास की परीक्षा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर में रुडसेटी की राष्ट्रीय अकादमी बंगलुरु द्वारा हिमाचल में स्थापित दस संस्थानों में प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों के लिए डोमेन कौशल प्रशिक्षण के चौथे चरण के तीसरे व चौथे दिन 68 प्रशिक्षकों की परीक्षा ली गई। यह जानकारी देते हुए आरसेटी की राज्य कंट्रोलर डॉ. अम्बिका साहू ने बताया कि पूरे प्रदेश से आए 68 प्रशिक्षकों की परीक्षा ली गई। इसमें कंप्यूटर में पांच, डेयरी में तीन फास्ट फूड में 14, जूट बैग में 12, कृषि उद्यमी में दो, मशरूम में 8, पापड़ अचार में सात, पेपर कवर में 3, खिलौने बनाने में 11, बांस का काम में एक और कॉस्ट्यूम ज्वेलरी में 2 लोगों ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि 61 लोग परीक्षा में पास हुए, जिनमें से 6 ग्रेड.1 तथा 55 ग्रेड.2 में पास हुए। इन सभी की कंप्यूटर पर ऑनलाइन परीक्षा ली गई। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए प्रशिक्षक अब दो वर्ष तक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण दे सकेंगे। इन सभी प्रशिक्षुओं के ठहरने व खान पान की व्यवस्था यूको आरसेटी बिलासपुर द्वारा की गई।

### डीसी ने किया डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने शनिवार को बरमाणा में बनाई गई डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया।

### दधोल कृषि सेवा समिति की चुनाव प्रक्रिया एक अगस्त से

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** दधोल कृषि सेवा सहकारी समिति पडयालग के प्रतिनिधियों एवं निदेशक मंडल सदस्यों का चुनाव कार्यक्रम तय हो गया है। 1 अगस्त से चुनावी प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी। सभा सचिव हेमराज निखिल ने बताया कि पंजीयन अधिकारी की ओर से 1 अगस्त से 16 अगस्त तक नोटिस जारी करने के साथ ही मतदाता सूची का प्रकाशन मुख्य कार्यालय पडयालग में किया जाएगा। 17 अगस्त से 17 सितंबर तक दोषी ऋणी अपना अपना दोष ऋण दूर कर सकते हैं। 18 सितंबर सुबह 10 बजे से शाम 3:00 बजे तक मुख्य कार्यालय में अस्थायी मतदाता सूचियां पर आपत्तियां दायर की जा सकती हैं। 4 अक्टूबर को प्रतिनिधियों की वार्ड सूची और निदेशक मंडल मतदाताओं की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। वहीं, सभा के प्रतिनिधियों के चुनाव 6 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से शाम 3:00 बजे तक होंगे।

# पार्किंग के लिए तरस रहा डीडीयू अस्पताल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला का डीडीयू अस्पताल पार्किंग की सुविधा के लिए तरस रहा है। यहां पर गाड़ियां पार्क करने के लिए एक भी पार्किंग नहीं है। ऐसे में अस्पताल में मरीजों को लेकर आने वाली गाड़ियां व एंबुलेंस को पार्क करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग हर कहीं सड़कों पर गाड़ियां पार्क कर रहे हैं। हैरानी की बात है कि सरकार को प्रशासन कई बार लिखित में दे चुका है फिर भी पार्किंग बनाने



#### एंबुलेंस को पार्क करने में भी आ रही काफी परेशानी

के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। यहां पर एक बहुमंजिला भवन भी बनकर तैयार हुआ है, लेकिन पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि पहले पार्किंग का इंतजाम किया जाना चाहिए था।

यहां पर एंबुलेंस भी बड़े मुश्किल से पार्क होती है। स्टाफ वालों की गाड़ियों के लिए फिर दिक्कत बनी हुई है। मरीजों को अस्पताल लाने वाले लोगों को भी कार्ट रोड में गाड़ियां पार्क करनी पड़ती है। कई बार लोगों को चालान तक हो जाते हैं। अब यहां पर मरीजों को लाने वाले लोगों सहित स्टाफ काफी परेशान है।

इस अस्पताल में प्रतिदिन एक हजार से 1500 की ओपीडी रहती है। ऐसे में मरीजों को लाने वाली गाड़ियों की संख्या भी अधिक हो जाती है। कई बार अस्पताल के बाहर वाहनों की इतनी भीड़ लग जाती है कि मरीजों व तीमारदारों को गुजरने की भी जगह नहीं होती है, इसलिए उक्त समस्या का जल्द समाधान किया जाए।

#### आपातकालीन के लिए 20 से 25 गाड़ियों की पार्किंग

**आपातकालीन** के लिए डीडीयू में 20 से 25 गाड़ियों की पार्किंग है, लेकिन यह भी पता नहीं कब तैयार होनी है। इसका काम अभी शुरू हो चुका है। इस पार्किंग में सिर्फ आपातकालीन मरीजों को लाने वाले वाहन व अस्पताल के जरूरी वाहन को पार्क किया जाएगा। एक माह के अंदर इस पार्किंग को बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

#### स्टाफ की भी खल रही कमी

**डीडीयू** अस्पताल में स्टाफ की भी काफी ज्यादा कमी खल रही है। यहां पर 80 के आसपास डॉक्टर, नर्सें व कर्मचारी की आवश्यकता है। स्टाफ की कमी को दूर करने का मामला कई बार प्रशासन ने सरकार के ध्यान में लाया है, लेकिन समस्या तस की जस बनी हुई है। सरकार स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है।

#### हमारे पास पार्किंग की काफी दिक्कत : अधिकारी

**इस** बारे में जब प्रशासनिक अधिकारियों से बात की जाती है तो उनका कहना है की हमारे पा पार्किंग की काफी ज्यादा दिक्कत है। यह मामला हमने सरकार के ध्यान में लाया है। जहां तक स्टाफ की बात है इसकी भी काफी कमी है, लेकिन फिर भी मरीजों को कोई दिक्कतें नहीं आने दी जा रही है।

# फोरलेन प्रभावितों ने कंपनी के खिलाफ खोला मोर्चा



धरना-प्रदर्शन करते हुए किसान सभा के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर के नेतृत्व में पुजारली में फोरलेन कंपनी के खिलाफ पूरा दिन धरना प्रदर्शन किया गया। किसान सभा का आरोप है कि कैथलीघाट से ढली तक निर्मित की जा रही लास्ट फैज की फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य एसपी सिंगला कम्पनी द्वारा किया जा रहा है।

कंपनी द्वारा वैज्ञानिक ढंग से डंपिंग न किए जाने से कोट गेहा पंचायत के भाड गांव से पुजारली पंचायत के दगाह गांव तक बनाई जा रही फोरलेन का सारा मलवा शैमली खड़ में डाला जा रहा है। डॉ. कुलदीप तंवर ने बताया कि परवाणु शिमला फोरलेन मार्ग के लास्ट फेज का कार्य कैथली घाट से ढली तक का निर्माण कार्य एसपी सिंगला कंपनी द्वारा किया जा रहा है। इस सड़क के नेई नामक स्थान पर पुल का निर्माण किया जा रहा है।

इस पुल का सारा मलवा कंपनी द्वारा शैमली खड्ड में डाला जा रहा है। जबकि डीपीआर में डंपिग साइट पहले ही तय की गई है परंतु कंपनी द्वारा जानबूझ कर मलवा को खड्ड में डाला जा रहा है, जिससे करीब 14 किसानों की जमीन तबाह हो गई है। धरने दौरान प्रशासन और कंपनी के अधिकारी मौके पर आए जिनके द्वारा सड़क के मलवे को निर्धारित डंपिग साइट पर गिराने का आश्वासन दिया। डा. तंवर ने कहा कि मलवे की डंपिग शैमली खड्ड में नहीं होने देंगे।

# रिज मैदान पर एक-दूसरे से भिड़े युवक-युवतियां,वीडियो वायरल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला के रिज मैदान पर युवक-युवतियों के बीच हुई लड़ाई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस पर लोग कई प्रकार की तीखी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक रिज मैदान पर कुछ युवक-युवतियां आपस में झगड़ा करने लगे। इस दौरान एक युवक 2 युवतियों के बाल पकड़कर खींचता रहा और युवतियां भी खुद को युवक से बचाने की कोशिश करती रहीं।

इसी दौरान एक लड़की ने लड़ाई की रील बनाकर एक हरियाणवी गाने की धुन के साथ सोशल मीडिया में डाल दी, जिसके बाद ये वीडियो तेजी से वायरल हो गया। बता दें कि जिस समय झगड़ा हो रहा था तो काफी संख्या में लोग वहां मौजूद थे जोकि खड़े होकर



झगड़े के दौरान युवक-युवतियां।

लड़ाई का लुत्फ उठा रहे थे और किसी ने बीच-बचाव करने की कोशिश नहीं की। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक ये लोग वहां से जा चुके थे।

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस मौके पर मौजूद होती तो शायद ऐसी घटना नहीं होती। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि रिज और मालरोड पर हमेशा पुलिस तैनात होनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हो सकें।

### नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार चिंताजनक : बिंदल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हमने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया था कि हिमाचल के हितों की बात है, हम अपना पक्ष नीति आयोग के सामने अच्छे से रख पाएं इसलिए बैठक में जाते लेकिन आज उस बैठक में मुख्यमंत्री का न जाना ये हिमाचल के हितों के साथ अन्याय है, हिमाचल के हितों पर कुठाराघात है और शायद हिमाचल के इतिहास में ये पहली बार हुआ होगा।

डॉ. बिंदल ने कहा कि ऐसा प्लेटफॉर्म जहां सभी प्रदेशों की चर्चा होनी है और वहां पर हिमाचल प्रदेश के विभिन्न कार्यों के लिए धन किस प्रकार से आबंटित होगा और प्रदेश का भविष्य किस प्रकार आगे बढ़ेगा उसकी चर्चा होनी है, उसमें मुख्यमंत्री का भाग न लेना दुखदायी है और कष्टकारक है।

# केंद्रीय बजट का होगा लाभ : मल्होत्रा




जानकारी देते हुए हर्ष मल्होत्रा व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शिमला में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मोदी 3 के पहले बजट की बारीकियों को सभी के सांझा किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत का मार्ग बताया और कहा कि इस बजट को अंतरिम बजट एवं आम बजट को जोड़ कर देखना चाहिए। हर्ष ने कहा कि इस बजट में हिमाचल को भी बहुत कुछ मिला है और हिमाचल का नाम केंद्रीय बजट में अंकित किया गया था। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना की दृष्टि से प्रदेश को बहुत लाभ हुआ है, अधोसंरचना के लिए जहां देश भर में 11 लाख 11 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है जो देश के जीडीपी का 3.4 प्रतिशत है। हिमाचल में भी अनेकों राज्यमार्ग का काम चल रहा है इस बजट में इन सभी परियोजनाओं को बड़ा बल मिलेगा। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लद्दाख के द्रास- कारगिल में कारगिल विजय दिवस रजत जयंती समारोह के शुभ अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने आपदा का जिक्र भी किया और कहा कि हिमाचल को आपदा राहत के लिए 1782 करोड़ तुरंत राहत दी गई थी, 1100 करोड़ रुपए मनरेगा के लिए और 11 हजार मकान केन्द्र ने दिए थे। केंद्र सरकार हमेशा हिमाचल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

### शिमला से राष्ट्रपति निवास तक का मुफ्त सफर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में ब्रिटिश शासनकाल के दौरान बनी हर इमारत खुद में कहानी समेटे खड़ी हुई है। साल 1850 में बनी यहां एक ऐसी ही इमारत है, जिसका निर्माण कोटी के राजा ने करवाया था। साल 2023 में अप्रैल के महीने में आम जनता के दीदार के लिए भी राष्ट्रपति निवास को खोला गया था। 25 जुलाई को देश की मौजूदा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दो साल का कार्यकाल पूरा कर चुकी हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति निवास की ओर से एक विशेष सुविधा दी जा रही है। यहां घूमने के इच्छुक पर्यटकों और लोगों को मुफ्त बस सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। यह बस शिमला की लिफ्ट के पार्किंग के नजदीक से छराबड़ा तक चलाई जा रही है। एचआरटीसी की इस बस में आवाजाही पूरी तरह मुफ्त है। राष्ट्रपति निवास घूमने के इच्छुक लोग इस सुविधा का फायदा उठा सकते हैं।

# शराब पीकर गाड़ी चलाने पर एक माह में 144 चालान

## बिलासपुर पुलिस प्रतिदिन फोरलेन और अन्य स्थानों पर लगा रही है नाका

**शुभम राही, बिलासपुर**

शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ बिलासपुर पुलिस ने फिर से विशेष अभियान शुरू कर दिया है। अभी तक बिलासपुर पुलिस की टीम ने एक माह के भीतर 114 चालान किए हैं। इनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है और इन चालान को कोर्ट में पेश किया जा रहा है। बिलासपुर पुलिस की टीम प्रतिदिन मंडी भराड़ी फोरलेन मार्ग सहित बिलासपुर शहर व जिला के विभिन्न स्थानों पर नाका लगाकर वाहन चालकों की जांच में लगी हुई हैं। प्रतिदिन यहां पर काफी चालान भी किए जा रहे हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के भीतर चौक-चौराहे और आउटर इलाके में तैनात यातायात के जवान खासकर रात के समय ब्रीथ एनालाइजर मशीन से टेस्ट यानी सांसों में अल्कोहल की मात्रा जांचने का परीक्षण कर आसानी से यह पता लगा लेते हैं कि वाहन चालक नशे में हैं या




अल्कोहल ब्रीथ एनालाइजर मशीन से वाहन चालकों की जांच करता पुलिसकर्मी।

नहीं। इसके आधार पर शराबी चालक की पहचान कर मौके पर ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर न्यूनतम 15 हजार रुपए जुर्माना लगाया जा रहा है। वहीं, यह सभी चालान कोर्ट में पेश किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि जिला के सभी थाना प्रभारियों को इस संदर्भ में विशेष रूप से कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं। (अनंत ज्ञान)

> **एक** माह के भीतर ड्रिंक एंड ड्राइव के 114 चालान हुए हैं। प्रतिदिन फोरलेन व अन्य स्थानों पर पुलिस नाका लगाकर वाहन चालकों की चेकिंग करती है। नियमों की अवहेलना करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ बिलासपुर पुलिस सख्त हैं।
>
> **-शिव कुमार चौधरी, एएसपी बिलासपुर।**



#### जिले में अभी तक हुए हैं कुल 7517 चालान

**पुलिस** आंकड़ों के अनुसार अभी तक बिलासपुर जिला में सभी मिलाकर 7517 चालान हुए हैं। यह चालान, ड्रिंक एंड ड्राइव, आईटीएमएस सहित पुलिस द्वारा मौके पर पकड़े गए वाहन चालकों के हैं। इनमें शराब के 114, आईटीएमएस फोरलेन 4011, मौके पर पकड़े गए 3233 कुल चालान अभी तक किए जा चुके हैं।

#### प्रतिदिन किए जा रहे 400 से अधिक चालान

**पुलिस** से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन बिलासपुर जिला में 400 से अधिक चालान होते हैं। घुमारवीं, झंडूता, श्री नयना देवी जी व सदर एरिया में प्रतिदिन पुलिस नाका लगाकर वाहन चालकों की चैकिंग करती है और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाती है।

# पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा भोहट कसोल



भोहट कसोल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के क्षेत्र का निरीक्षण करते अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर में कोल डैम के साथ लगते क्षेत्र भोहट कसोल को पर्यटक स्थल बनाने का निर्णय जिला प्रशासन ने लिया है। शनिवार को उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन, एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग सहित पर्यटन विभाग और एनटीपीसी के अधिकारियों ने इस पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने बताया कि भोहट कसोल को व्यापक पर्यटन स्थल रूप में विकसित किया जाएगा, जिसके लिए विस्तृत कार्य योजना पर काम किया जा रहा है। पर्यटकों को जल, थल और वायु से जुड़ी 20 से अधिक एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा। इस क्षेत्र में ईको टूरिज्म से

#### प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र का किया निरीक्षण

भी जोड़ा जाएगा। यहां टिकाऊ मछली पकड़ने का पर्यटन स्थल यानी एक्वा टूरिज्म को भी प्रमोट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की अन्य सभी संभावनाओं को तलाशा जाएगा। उन्होंने बताया कि कोल्ड डैम में इस क्षेत्र से लेकर तातापानी क्रूर चलाया जाएगा जो कि पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र भी होगा। उन्होंने बताया कि कोल डैम देश के सबसे खूबसूरत वाटर बॉडीज में से एक है जहां पर साल भर पानी का स्तर बराबर बना रहता है। जिससे यहां 12 महीने पर्यटन गतिविधियां कर पाना संभव है।

# बिलासपुर में नई सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र ने दिए 300 करोड़ : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

केंद्र सरकार की ओर से बिलासपुर जिला में सड़कों के निर्माण के लिए कुल 300 करोड़ से अधिक राशि जारी की गई है। यह राशि बिलासपुर सदर विस क्षेत्र के तहत नई सड़कों के निर्माण व कुछ पुलों के निर्माण के लिए खर्च की जाएगी। यह बात शनिवार को बिलासपुर नगर के सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता करते हुए सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कही।

उन्होंने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र की छह सड़कों को अपग्रेड करने के लिए केंद्र सरकार ने 160 करोड़ रुपये मंजूर करने की सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी है। इसमें बिलासपुर-विनायकघाट वाया बंदला सड़क भी शामिल है। करीब 23 किलोमीटर लंबी इस सड़क को अपग्रेड करने के लिए केंद्र सरकार ने 23 करोड़ रुपये, 13 किलोमीटर लंबी अमरसिंह पुरा-गवाल सड़क के लिए 16 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की है। इस सड़क पर एक 25 मीटर लंबा पुल भी बनाया जाना प्रस्तावित है।



#### विधायक ने बिलासपुर में प्रेस वार्ता में दी जानकारी

सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बताया कि कुहघाट-त्रिफालघाट सड़क के लिए सात करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की है। इस सड़क की लंबाई 12 किलोमीटर है। इसके अतिरिक्त 10 किलोमीटर लंबी जबलयाणा-कुहघाट सड़क के लिए 16 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इस सड़क पर 35 मीटर लंबा पुल भी बनाया जाएगा। इसी प्रकार पलैनीघाट.बल्ली बिल्ला सड़क के लिए 18 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। सात किलोमीटर लंबी इस सड़क पर 65 मीटर लंबा पुल बनाया जाएगा जबकि बैरी-नवगांव-दाड़लामोड़ तक 37 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 80 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।

**सूरत-ए-हाल** छह साल से इस सड़क का निर्माण कार्य नहीं करवा पाया विभाग

# आनंदघाट जाने वाला सर्कुलर रोड खस्ताहाल

**गोपाल कपिल, झंडूता**

झंडूता विस क्षेत्र के मेन बाजार से झंडूता ब्लॉक होते हुए आनंदघाट तक जाने वाले सर्कुलर रोड की स्थिति कई जगह से दयनीय है। आपको बता दें कि यह सड़क सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता, कोर्ट, बीडीओ ऑफिस होते हुए पुलिस थाना झंडूता, एसडीएम आफिस होते हुए आनंदघाट तक जाने वाली सड़क है।

विभाग द्वारा कई जगहों से सड़क तो पक्की की गई है, लेकिन बीच बीच में सड़क की स्थिति दयनीय है। पूरी तहसील के लोग यहां अपने विभिन्न कामों से आते रहते हैं। इसके साथ ही इस सड़क पर झंडूता का सामुदायिक अस्पताल है, जहां मरीज आते हैं। सड़क की हालात दयनीय होने की वजह से अक्सर लोग हादसे का शिकार बन जाते हैं। इस सड़क की हालत कई जगहों से बेहद खराब हो चुकी है। सड़क पर बने गड्ढों में पानी भरा हुआ है।





झंडूता ब्लॉक होते हुए आनंदघाट तक जाने वाले सर्कुलर रोड की दयनीय स्थिति। रोड पर कई जगह पड़े बड़े-बड़े गड्ढे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर छह साल से यह कार्य अधूरा है और काफी समय से यहां पर सड़क की हालात बहुत दयनीय है।

बरसात के मौसम में वाहनों के साथ साथ पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानी होती है। कई बार तो भारी बारिश के चलते यहां पर लोगों को चलने में भी भारी मुश्किल हो जाती है। क्योंकि भारी बारिश के चलते यहां पर बारिश का पानी सड़कों पर खड़ा हो जाता है, जिससे ज्यादातर लोगों को इस समस्या के चलते भारी दिक्कतें होती है।

उधर, इस सदंर्भ में जब लोनिवि विभाग झंडूता के अधिशाषी अभियंता केके चैहान का कहना है कि झंडूता के सर्कुलर रोड पर बाजार की वजह से पानी की निकासी का प्रबंध नहीं है। इसके लिए हमने पिछले साल रोड पर टाइलें भी लगाई हैं। जहां जगह मिल रही है वहां से पानी की निकासी निकाल रहे हैं।

लोगों ने सड़क के किनारे मकान बना दिए हैं। हम जहां संभव हो सके वहां से पानी की निकासी निकाल रहे हैं, ताकि लोगों को समस्या न हो। (अनंत ज्ञान)

# झमाकड़ा बोल्दा– नचणे जो, नचाणे जो...

ADMISSION OPEN
DMLT | DOTT | DRIT | B.MLT | B. OTT
B.RIT | BMLT(LE) | MSc MLT | MSc MICRO
MSc MEDICAL | MICROBIOLOGY | BCA
MCA | MBA | BA | MA | BBA | HM | LAW
REASONABLE FEES ₹16500/- PER SEMESTER
NIMT - MOHALI: 7307307171



हाल ही में राजस्थान के जयपुर में सरस्वती स्वर संगम ग्रुप धर्मशाला की कलाकारों ने प्रसिद्ध लोक नृत्य झमाकड़ा प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी।

## लोक नृत्य झमाकड़ा की धूम

## हंसी–मजाक का जरिया झमाकड़ा



**झमाकड़ा** नृत्य प्रदेश के निचले क्षेत्रों जैसे-कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर इत्यादि में किया जाने वाला नृत्य है। इस नृत्य का प्रचलन जिस समय बारात वधू के द्वार पर आ पहुंचती है, उस समय गांव की महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में घघरी, कुर्ता, चुड़ीदार पायजामा तथा आभूषण में चांदी का चोक, कण्ठहार, चन्द्रहार, नाक में नथनी, पैरों में पायजेब पहनकर बारात का स्वागत करते हुए लोक गीतों में उन्हें मीठी-मीठी गाली, सिठनियां, हंसी-मजाक कर झमाकड़ा लोकनृत्य करती हैं। इस नृत्य में ढोलक, बांसुरी, खंजरी इत्यादि लोक वाद्य यंत्र शामिल किए जाते हैं।

## शादी के मौके पर नाचा जाता है झमाकड़ा

**शादी** के वक्त जिस समय तेलसांद, शांति हवन के बाद जब परसाही के लिए लड़के या लड़की को स्नान करवाकर, आंगन में चौकी रखकर बिठाया जाता है तो उस समय एक लोकरीति का निर्वहन मां द्वारा किया जाता है, जिसमें वह माटी की बनी मल्ली में अंगारे रखकर उसमें सफेद सरसों डालती है और उसके धुएं से लड़के या लड़की को अपराशक्तियों, भूत प्रेतों से बचाने का उपक्रम करती है और उसी समय कुल की गोत्रणें पत्ते के डूने लेकर तोरणद्वार पर जाती हैं। जहां मामा औली में पानी लेकर खड़ा होता है, उस औली में पानी होता है जिसे मामे द्वारा तड़के भरा गया होता है। गोत्रणें उस पानी को डूने में भरकर लाती हैं और उसे लड़के या लड़की के पैरों में उडेलती हैं, उसी समय दादकिए पक्ष की महिलाएं आटे का एक 'मानवनुमा' छोटा सा बुत बनाकर उसे नानकियों पक्ष की औरतों को दिखाती और चिढ़ाती हुई गाना शुरू करती हैं– नानू गोरे आया वो, झमाकड़ेया– झमाकड़ेया नंगा नाला आया वो, झमाकड़ेया – झमाकड़ेया इन्हां धीयां जो शरम नीं आई वो झमाकड़ेया– झमाकड़ेया। इसके आगे नाम लेकर गाया जाता है।

नानकिए पक्ष की महिलाएं यह सब सुनकर मैदान में आ जाती हैं, आटे के बने नानू को छीनने का प्रयास करती हैं और शुरू होता है झमाकड़ा– झमाकड़ा वे, झमाकड़ा बोल्दा नचणे जो, नचाणे जो लेई जाणे जो, नीं बसने जो– झमाकड़ा वे – खूब नृत्य होता है। नानकियों, दादकियों ,पक्ष की औरतें अपने–अपने गीत, अपना अपना नृत्य दिखाती हैं, नानू के लिए छीना झपटी भी चली रहती है, अंत में जिस पक्ष का पलड़ा भारी रहता है, जिसके हाथ आटे का बुतड़ जाता है, वो गाता है –जित्तेया, जित्तेया वे नानकियां दा दुध जित्तेया वेहरी गईयां गवारां दीयां, जित्ति गईया सरदारां दीयां। आजकल मंचों पर जब झमाकड़ा नाचा जाता है तो इससे यह नानू वाला प्रसंग गायब दिखता है जो कि सही नहीं है, क्योंकि इस गीत के न रहने से दैत्य की वो कहानी, वो मिथक गायब हो जाता है, जिससे चलते झमाकड़ा लोकनृत्य अस्तित्व में आया।

## शेषनाग देव सुमूनाग की मनमोहक कोठी



मंडी जिला की सुमल वैली खडान में कला का अद्भुत नमूना हाल ही में बनी शेषनाग देव सुमूनाग की मनमोहक कोठी।

## शांत महायज्ञ



सिरमौर जिले की शिलाई तहसील के तहत आने वाले झकांडो गांव में हाल ही में काली माता का नया मंदिर बनने पर एक शांत महापर्व का आयोजन किया गया। काली स्वरूप ठारी देवी को समर्पित इस शांत महायज्ञ में हजारों लोगों ने एक साथ आकर मां का आशीर्वाद लिया। करीब सवा लाख मंत्रोच्चारणों से यह क्षेत्र गूंजायमान हो उठा। इस मौके पर लोगों ने फरसा और तलवारें उठाकर परंपरागत लिंबर नृत्य किया। हिमाचल में अभी भी यह परंपरा बरकरार है।



मंडी में हाल ही में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल होते महंत राजेश्वरानंद सरस्वती और श्रद्धालु।



सुकेत रियासत के हंडेटी में रथ यात्रा के लिए प्रस्थान से पूर्व हंडेटी में विराजमान श्री जगन्नाथ भगवान।



कुल्लू के अखाड़ा बाजार में हाल ही में हुए मां वैष्णो देवी के जागरण में उमड़ा भक्तों का सैलाब।



बैजनाथ के शिव मंदिर में सावन महीने के पहले सोमवार को सजा मंदिर।



जिला मंडी में फागली नृत्य प्रस्तुत करते हुए देवलू। बता दें कि देवता के महत्वपूर्ण उत्सवों में देवलू फागली नृत्य प्रस्तुत करते हैं।



मंडी सराज घाटी के देव विष्णु मतलोड़ा, देव सुमूनाग व देव नगलवाणी एक साथ विराजते हुए। हाल ही में संपन्न हुए मेले में तीनों देवों ने एकसाथ दर्शन दिए।



चंबा जिले के प्रसिद्ध वार्षिक छतराड़ी जातर मेले में गद्दी समुदाय की कला और संस्कृति की झलक देखने को मिलती है।



श्री जगन्नाथ रथ से पूर्व पड्डल स्थित मंदिर में विराजे श्री जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र।



मंडी में मार्मिक नाटक प्रस्तुत करते हुए कलाकार। बता दें कि कलाकार अपने अभिनय से सबका दिल जीत लेते हैं।

# नगरोटा में युवाओं-बच्चों के लिए विकसित किए जाएंगे मैदान और चिल्ड्रन पार्क : बाली

## कैबिनेट रैंक मंत्री बोले, सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उठाएंगे कदम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष, कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र में बच्चों तथा युवाओं के लिए चरणबद्व तरीके से चिल्ड्रन पार्क तथा खेल मैदान निर्मित किए जाएंगे ताकि युवाओं और बच्चों को खेलने के लिए बेहतर सुविधा मिल सके। इसके साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भी कारगर कदम उठाए जाएंगे।

शनिवार को बाल मेला के समापन पर पर्यटन निगम के अध्यक्ष एवं मेला कमेटी के संरक्षक आरएस बाली ने सफल आयोजन के लिए नगरोटा के नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र में विकास को गति प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चालू वित वर्ष के बजट में करोड़ों के विकास कार्यों की सौगतें मिली हैं।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज में नर्सिंग स्कूल को स्तरोन्नत कर नर्सिंग कालेज का दर्जा दिया गया इसके साथ ही टांडा मेडिकल कालेज में नवजात शिशुओं को स्तनपान को प्रोत्साहित करने के लिए शिशुओं तथा जच्चाओं के लिए लैक्टेशन मैनेजमेंट सेंटर खोलने की बजट में घोषणा की गई है इसके अतिरिक्त प्रथम चरण में नगरोटा बगबां विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल के निर्माण कार्य आरंभ करने की घोषणा भी की गई है इसे संस्थान को विश्व स्तरीय मानकों पर उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा।

इसके साथ ही नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के राजीव गांधी



### मेले के सफल आयोजन के लिए नगरोटावासियों का जताया आभार

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तहत एआई तथा डाटा साइंस में बीटेक डिप्लोमा आरंभ करने की भी घोषणा की गई है।

इससे बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में बेहतर कैरियर बनाने का अवसर मिलेगा। नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के 200 करोड़ की लागत से नगरोटा-रानीताल नेशनल हाईवे के निर्माण के लिए प्रस्ताव केंद्र को भेजने की घोषणा भी की गई है।

उन्होंने कहा कि विकास पुरूष स्व जीएस बाली ने सबसे पहले युवाओं को बेरोजगारी भत्ता तथा रोजगार दिलाने के लिए संघर्ष आरंभ किया था उनकी प्रेरणा से वर्ष -2022 में रोजगार संघर्ष यात्रा का श्रीगणेश किया गया था तथा उसी दौरान युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में कदम बढ़ाने का संकल्प भी लिया था और बाल मेले के जरिये रोजगार मेला युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में सार्थक सिद्ध हो रहा है।

### बड़ोह में खुलेगी फायर पोस्ट

पर्यटन निगम के अध्यक्ष, कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा बगवां विधानसभा के चंगर क्षेत्र बड़ोह में फायर पोस्ट खोलने के साथ ही पर्यटन की दृष्टि से नगरोटा विधानसभा क्षेत्र को विकसित करने के लिए 167 करोड़ की परियोजनाओं को भी मंजूरी मिली है, जिसके तहत नगरोटा के सौंदर्यीकरण के लिए 37 करोड़, देश के सबसे बड़े म्यूजिकल फाउंटेन के लिए 40 करोड़ तथा होटल, वेडिंग डेस्टीनेशन तथा इंटरनेशनल कांफ्रेंस सेंटर के लिए 90 करोड़ की राशि व्यय की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

# दिलेर मेहंदी ने नचाए नगरोटावासी

## नगरोटा के गांधी ग्राउंड में आयोजित बाल मेले में बच्चों ने उठाया लुत्फ



बाल मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते पंजाबी सिंगर दिलेर मेहंदी।

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

नगरोटा के गांधी ग्राउंड में स्व. जीएस बाली की स्मृति में आयोजित बाल मेले में बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। बाल मेला कमेटी के संरक्षक पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक, आरएस बाली ने बच्चों के मनोरंजन के लिए निशुल्क तौर झूले व मिकी माउस जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई थीं, वहीं पर आईसक्रीम, जलेबियों तथा मिठाइयां भी वितरित की गईं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें लोक कलाकारों सहित बॉलीवुड कलाकार दिलेर मेहंदी ने लोगों को खूब नचाया।

### सुबह से ही उमड़ी भीड़ आईसक्रीम व जलेबियों का भी लिया आनंद

मेले में सुबह से ही भीड़ जुटना शुरू हो गई थी, भारी संख्या में दूरदराज के क्षेत्रों से बच्चे अपने अभिभावकों के साथ मेले का आनंद लेने पहुंचे थे। इसके साथ ही नगरोटा में बाल मेले के कारण खूब रौनक छाई रही। कबाड़ी पंचायत से आए राम कुमार, प्रीतमो देवी तथा बंता सिंह ने कहा कि स्व. जीएस बाली की स्मृति में बच्चों के लिए बाल मेले का आयोजन एक सराहनीय पहल है इस मेले का बच्चों को विशेष इंतजार रहता है। उन्होंने कहा कि गरीब तथा निर्धन परिवारों के बच्चे इस मेले का भरपूर आनंद उठाते हैं। उनका कहना है कि बाल मेला नगरोटा विधानसभा क्षेत्र की एक पहचान बन गया है।

मेले में आए लोगों का कहना है कि 22 वर्ष पूर्व स्व. जीएस बाली ने इस मेले की शुरूआत की थी उसी परंपरा को आज भी पर्यटन निगम के अध्यक्ष और उनके बेटे आरएस बाली आगे बढ़ा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने बांधा समां



नगरोटा बगवां में बाल मेले के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी-अपनी प्रस्तुति देते कलाकार।

# मेगा मेडिकल कैंप में 6000 लोगों ने करवाया चेकअप

## आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा ने 60 दृष्टिबाधित बच्चों को वितरित की स्मार्ट किट्स

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्व. जीएस बाली की जयंती पर आयोजित मेगा मेडिकल कैंप में 6000 लोगों ने चेकअप करवाया। इसमें 50 करीब विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कैंप में 3000 के करीब लोगों को आंखों की जांच के पश्चात नजर के चश्में भी निशुल्क वितरित किए गए हैं।

एम्स दिल्ली से किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप महाजन, डॉ. बीएल कपूर अस्पताल दिल्ली, रोटरी आई हॉस्पीटल पालमपुर, फोर्टिज्स, डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज टांडा, हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर तथा दृष्टि बाधितों के लिए आईआईटी दिल्ली तथा समक्ष संस्था के चिकित्सकों की टीम ने मेडिकल कैंप में रोगियों का चेकअप किया गया।

इस मेगा मेडिकल कैंप में निशुल्क दवाइयां तथा मेडिकल टेस्ट की सुविधा भी निशुल्क प्रदान की गई इसके साथ ही आंखों का चेक अप भी किया गया तथा लोगों को नजर की चश्में तथा श्रवण यंत्र भी निशुल्क वितरित किए गए इसके अलावा रोगियों के लिए खान पान भी व्यवस्था कैंप के दौरान की गई थी तथा दूरदराज के क्षेत्रों से लोगों को आने जाने के लिए परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई थी। इसके अतिरिक्त राज्य के साठ दृष्टिबाधित बच्चों को स्मार्ट केन तथा मोबाइल फोन तथा घड़ियां भी आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा के माध्यम से वितरित करवाई गईं।



नगरोटा के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्व. जीएस बाली की जयंती पर आयोजित मेगा मेडिकल कैंप के दौरान मंच पर आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा एवं अन्य गणमान्य।



मेगा मेडिकल कैंप में चेकअप करवाने के लिए आए लोगों से बात करते मंत्री गोमा।



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आरएस बाली और राजेश धर्माणी के साथ।

# रिफर्बिश आईफोन देने पर कंपनी को एक लाख हर्जाना

**दीपक पुरी, धर्मशाला**

उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला ने एक मामले में शिकायतकर्ता को 9 प्रतिशत ब्याज के साथ 66,800 रुपए, मुकदमा खर्च के 15,000 रुपए तथा मानसिक उत्पीड़न खर्च की एवज में 15000 रुपए एप्पल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा देने के आदेश दिए।

शिकायतकर्ता शालिका राणा निवासी पालमपुर ने एप्पल का एक आईफोन कंपनी के ऑथराइज्ड सेंटर से खरीदा था। खरीदने के कुछ समय के बाद उसके रियर एंव फ्रंट कैमरे में प्रॉब्लम आ गई। इसके बारे में शिकायतकर्ता ने दुकानदार से संपर्क किया एवं दुकानदार ने कंपनी से संपर्क करके शिकायतकर्ता के फोन को कंपनी के पास भिजवा दिया। कुछ समय के बाद कंपनी ने शिकायतकर्ता को रिफर्बिश आईफोन दे दिया, जिसमे भी कुछ समय के बाद तकनीकी खराबी आ गई। शिकायतकर्ता को जानकारी दी गई कि फोन को रिप्लेस करके दिया गया है तथा इसमें नया सीरियल नंबर लगा हुआ है। इस आईफोन में भी कुछ समय के बाद तकनीकी दिक्कत आ गई। शिकायतकर्ता ने इसके बारे में भी कंपनी और दुकानदार को अवगत करवाया। उसके बाद शिकायतकर्ता ने उपभोक्ता न्यायालय में शिकायत दर्ज करवाई एवं उपभोक्ता आयोग ने हेमांशु मिश्रा की अध्यक्षता में अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस का हवाला देते हुए एप्पल कंपनी को शिकायतकर्ता को 9 प्रतिशत ब्याज के साथ 66,800 रुपए, मुकदमा खर्च के 15,000 रुपए तथा मानसिक उत्पीड़न खर्च 15,000 देने के आदेश एप्पल कंपनी द्वारा देने के आदेश दिए। (अनंत ज्ञान)

# बाल आश्रमों में दी जा रही सुविधाओं का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बाल आश्रम सलियाणा और तितली होम फॉर चिल्ड्रन फरेड का दौरा किया और यहां रह रहे बच्चों से भेंट की। उन्होंने बाल आश्रम में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं, खान-पान एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने दोनों स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा निराश्रित बच्चों के लिये किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का भरोसा भी दिलाया। कहा कि सरकार निराश्रित बच्चों एवं महिलाओं के लिए चिंतित है। प्रदेश सरकार ने ऐसे बच्चों के सुखद भविष्य के निर्माण की जिम्मेदारी ली है।

# अंबाडी में पकड़ा पंचायत रिकॉर्ड का ऑडिट करने आया फर्जी ऑडिटर

**अनंत ज्ञान, गगल।** अंबाडी में शनिवार को एक फर्जी ऑडिटर पकड़े जाने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत अंबाडी के प्रधान विक्रम सिंह ने बताया के उसे सुबह एक कॉल आई, जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने कहा कि वह पंचायत का ऑडिटर बोल रहा है। जब यह व्यक्ति पंचायत घर पहुंचा तो प्रधान को उसकी गतिविधियों पर शक हुआ, जिस पर उन्होंने पंचायत सचिव को कहा कि वह इसकी जांच करें। इस पर पंचायत सचिव ने बीडीओ रैत को फोन करके इस बारे पूछा तो बीडीओ ने कहा नहीं हमने कोई ऐसा व्यक्ति नहीं भेजा है। बीडीओ ने उक्त व्यक्ति से बात की तो उसने कोई संताषजनक जवाब नहीं दिया। पंचायत प्रधान ने उस फर्जी ऑडिटर को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस थाना प्रभारी नारायण सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

# सीपीएस किशोरी आज दियोल में वन महोत्सव में करेंगे शिरकत

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज किशोरी लाल 28 जुलाई से 3 अगस्त तक विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ के प्रवास पर रहेंगे। जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि वह 28 जुलाई को प्रात: 11 बजे दियोल में ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा आयोजित वन महोत्सव में भाग लेंगे। 29 जुलाई को शिव मंदिर बैजनाथ में आयोजित सावन मेले के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे, जबकि 30 जुलाई को कुंसल में विधानसभा स्तरीय वन महोत्सव में भाग लेंगे। 3 अगस्त को प्रात: 11 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीड़ में आयोजित मल्टी स्पेशलिस्टलिटी कैंप में शिरकत करेंगे। (अनंत ज्ञान)

**समारोह** आज का एकीकृत भारत बनाने में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की अहम भूमिका : एमसी कटोच

# सीआरपीएफ ने भलेटा में मनाया स्थापना दिवस

**संजीव महाजन, नूरपुर**

सीआरपीएफ ने शनिवार को भलेटा में 86वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर आयोजक कमेटी सदस्य सहायक कमांडेंट हरनाम सिंह, बिशन दास, सूबेदार हीरा सिंह, राम लाल, सहायक उपनिरीक्षक राजिंदर सिंह, रणजीत सिंह, राय सिंह, प्रेम सिंह, करनैल सिंह और तरसेम सिंह सहित बीएसएफ, आईटीबीएफ तथा अन्य पैरामिलिट्री फोर्स के कई पूर्व कर्मचारियों व उच्चाधिकारियों व जसूर में कार्यरत 14 एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट अनिल तलकोत्रा, इंस्पेक्टर आनंद कुमार व बीएसएफ के पूर्व आईजी रमेश सिंह भडवाल सहित हिमवीर जागृति मंच के वरिष्ठ सचिव पूर्व कप्तान जरनैल सिंह डडवाल ने शिरकत की।



समारोह में एक्स पैरामिलिट्री कल्याण संगठन हिमाचल प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता मनवीर चंद कटोच ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स का गौरवशाली इतिहास बताते हुए कहा कि 27 जुलाई 1939 में मूल रूप से क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के नाम से स्थापित, यह सबसे पुराना केंद्रीय बलों में से एक है। आज के एकीकृत भारत को आकार देने में इस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। आजादी के बाद 28 दिसंबर 1949 को संसद के एक अधिनियम द्वारा इस बल का नाम केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) दिया गया। तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की नव स्वतंत्र राष्ट्र की जरूरतों को देखते हुए इस बल को बनाने में खास भूमिका थी।

कटोच ने कहा कि 21 अक्तूबर, 1959 सीआरपीएफ के जांबाजों ने चीनी हमले को नाकाम किया था, उस समय बल के 10 जवानों ने दुश्मन से बहादुरी से मुकाबला करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन जांबाजों की शहादत की याद में श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल 21 अक्तूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। (अनंत ज्ञान)

# सरकार ने स्टार्टअप योजना के तहत कितनों को दिया रोजगार : शिवा कटोच

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

हिमाचल में रोजगार देने के नाम पर कांग्रेस हर दिन युवाओं के रोजगार के रास्ते बंद कर रही है। सरकार की स्टार्टअप गारंटी पूरी तरह फ्लॉप हो चुकी है।

जयसिंहपुर भाजयुमो अध्यक्ष शिवा कटोच ने सुक्खू सरकार पर सवाल उठते हुए कहा कि सरकार की स्टार्टअप योजना का क्या हुआ ? सरकार बने डेढ़ साल से ज्यादा का समय हो गया है, पर अब तक इस योजना से प्रदेश के कितने युवाओं को लाभ मिला ? चुनाव के समय कांग्रेस ने जो गारंटी दी थी कि हर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के लिए 10 करोड़ के हिसाब से 680 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड का प्रबंध कर दिया जाएगा, जिससे युवा अपने लिए रोजगार के साधन जुटाएंगे और अन्य लोगों को रोजगार भी देंगे। कांग्रेस के नेताओं ने स्टार्टअप योजना के लिए युवाओं से चुनाव से पूर्व ही फॉर्म भी भरवा लिया थे। चुनाव हुए डेढ़ साल से ज्यादा का समय हो गया है, लेकिन अभी तक इस योजना के तहत एक भी व्यक्ति इसका लाभ नहीं उठा पाया है। सरकार इस तरह से युवाओं के भविष्य की अनदेखी नहीं कर सकती।

उन्होंने कहा कि पहले से चल रही स्वावलंबन योजना को बंद कर स्वीकृत प्रोजेक्ट रोक दिए गए हैं। पूर्व में जयराम सरकार ने स्वावलंबन योजना के तहत प्रदेश में कुल 721 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। योजना के अंतर्गत 200 करोड़ की अनुदान राशि प्रदान की गई है। कुल 4377 इकाइयां स्वीकृत हुईं, जिनमें 11674 लोगों को रोजगार मिला। अगर इस योजना को बंद नहीं किया जाता तो प्रदेश में रोजगार के हजारों साधन और राजस्व पैदा होते।

# नूरपुर आईटीआई में हुए कैंपस साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राजकीय आईटीआई नूरपुर में शनिवार को लुधियाना (पंजाब) की एक प्रतिष्ठित कंपनी ने कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया। इसमें इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर, मेकेनिक मोटर व्हीकल, डीजल मेकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक जैसे मेकेनिकल व्यवसाय के 70 आईटीआई अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कंपनी की ओर से राजिंदर पाल सिंह, विजय वर्मा और जेएस कालरा ने सभी 70 अभ्यर्थियों को पर्सनल इंटरव्यू के बाद कंपनी में विभिन्न पदों के लिए चयनित किया। चयनित अभ्यर्थियों को साढ़े 12 हजार रुपये मासिक सैलरी के अलावा और सुविधाएं भी दी जाएंगी।

# फिंगरप्रिंट तकनीक सीखेंगे चार पुलिस जिलों के जांच अधिकारी

## कांगड़ा, ऊना, चंबा और नूरपुर के अफसरों को फॉरेंसिक निदेशालय देगा प्रशिक्षण

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश के पुलिस जिला कांगड़ा, ऊना, चंबा तथा नूरपुर के पुलिस अधिकारियों को अब फिंगरप्रिंट से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। हालांकि इस प्रशिक्षण के लिए तारीख अभी आधिकारिक रूप से तय नहीं हो पाई है।

वहीं, आधिकारिक हवाले से मिली जानकारी के अनुसार इस प्रशिक्षण को नूरपुर में आयोजित किया जाएगा, जहां नूरपुर समेत कांगड़ा, ऊना तथा चंबा जिलों के जांच अधिकारी फिंगर प्रिंट तकनीक का प्रशिक्षण लेंगे, ताकि जांच के सटीक परिणाम आएं। इस प्रशिक्षण में घटनास्थल से फिंगरप्रिंट लेने से



लेकर उनके सहेज कर फॉरेंसिक जांच के लिए पहुंचाने की तकनीक के बारे में बताया जाएगा। देश में लागू हुए आपराधिक कानूनों के चलते अब फॉरेंसिक पहलू अहम हो गया है तथा इसके लिए पुलिस को खास तरह से प्रशिक्षण देना जरूरी हो गया है। बताते चलें कि किन्हीं भी दो लोगों के फिंगरप्रिंट एक जैसे नहीं होते हैं। ऐसे में फिंगरप्रिंट की जांच की तकनीक किसी आपराधिक मामले में अहम हो जाती है।

बताते चलें कि फिंगरप्रिंट एक मानव अंगुलियों की लकीरों द्वारा छोड़ा गया एक निशान है। अपराध स्थल से आंशिक फिंगरप्रिंट लेना फॉरेंसिक विज्ञान की एक महत्वपूर्ण विधि है। संपूर्ण फिंगरप्रिंट की छाप त्वचा पर घर्षण लकीरों की चोटियों से कागज जैसी चिकनी सतह पर स्थानांतरित स्याही या अन्य पदार्थों द्वारा प्राप्त की जा सकती है। फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड में आम तौर पर अंगुलियों और अंगूठे के अंतिम जोड़ पर पैड से छाप होती है, हालांकि फिंगरप्रिंट कार्ड आमतौर पर अंगुलियों के निचले संयुक्त क्षेत्रों के कुछ हिस्सों को भी रिकॉर्ड करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं नूरपुर के एसपी अशोक रतन



**इस** बारे में एसपी नूरपुर अशोक रतन से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि फिंगरप्रिंट तकनीक को लेकर एक ट्रेनिंग कार्यक्रम नूरपुर में होना प्रस्तावित है, लेकिन इसको लेकर अभी तिथि तय नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के चलते यह प्रशिक्षण फॉरेंसिक विभाग की ओर से दिया जाएगा।

# सुलह के बारी में सांड के हमले से 88 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**राकेश डोगरा, डरोह**

विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव महादेव की ग्राम पंचायत बारी में सुबह साढ़े चार बजे शौचालय जा रहे लगभग 88 वर्षीय बुजुर्ग रैंखा राम को लावारिस बैल ने जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया। इस कारण उनके सीने और टांग में गहरा जख्म हो गया। जब उनके पोते ने उन्हें देखा तो आनन-फानन में उन्हें भवारना सिविल अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

आपको बता दें कि यह इस तरह की चौथी घटना है। लावारिस पशुओं का यह आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। न जाने हिमाचल प्रदेश में कितने ही पशु आवारा घूम रहे हैं। प्रशासन भी इस बारे में चुप्पी साधे बैठा है। आए दिन न जाने कितनी ही ऐसी घटनाएं देखने को मिलती हैं, मगर प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगती। पहले लोग पशुओं को बड़े चाव से पालते थे। उन्हें पूजते थे मगर आज इनकी कोई भी संभाल नहीं करता। गाय को दोहने के बाद लावारिस जंगल में छोड़ दिया जाता है। बछड़ों को कम दूध पिला कर मार दिया जाता है या जो जैसे-तैसे जी जाते हैं उन्हें आवारा छोड़ दिया जाता है। लावारिस पशु बड़े होकर लोगों की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। प्रशासन ने जगह-जगह गउशालाएं खोल रखी हैं, मगर उनसे भी कोई फायदा नहीं होता। देखने में आता है कि सड़क के किनारे न जाने कितने ही लावारिस पशु आपको घूमते नजर आएंगे। वे कभी सड़क के किनारे खड़े वाहनों को तोड़ देते हैं तो कभी इंसानों के पीछे भागते हैं।

अगर बात करें तो छोटे स्तर पर पहल हो सकती है। गांव की कमेटी इस समस्या के लिए कुछ कर सकती है या पंचायत लेवल पर भी इस समस्या से कैसे निपटा जाए हम-सबको मिल कर इसका समाधान निकालना होगा। (अनंत ज्ञान)

## हैप्पी बर्थडे



शैलेश और कंचन ठाकुर की पुत्री स्तुति ठाकुर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## योल में आज लगेगा रक्तदान शिविर

**योल।** प्राचीन शिव मंदिर नरवाना बाजार में रविवार को कृष्णा सिमरन फाउंडेशन योल के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चेयरमैन विनय वालिया ने युवाओं से आग्रह किया है कि शिविर में आकर रक्तदान कर पुन्य कार्य में सहयोग दें।

## हमेशा याद रहेगा शहीदों का बलिदान : दलीप

**परागपुर।** चौली के पचायत उपप्रधान एवं मजदूर संघ के नेता दलीप सिंह बर्मा ने कहा कि कारगिल शहीदों का सर्वोच्च बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह दिन भारतीय सैनिकों के शौर्य गाथा के रूप में इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अंकित हो चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने सम्मानित किए शहीदों के परिवार



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर युवा मोर्चा मंडल धर्मशाला द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में विधायक सुधीर शर्मा मुख्यतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल कुलदीप सिंह जमवाल (सेनानिवृत) उपस्थित रहे ।इस अवसर पर अमर शहीद सैनिकों के परिवारों को सम्मानीत भी किया ।

### भद्रोया में वीर नारियों को किया सम्मानित




**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद हिमाचल प्रदेश द्वारा कारगिल विजय दिवस का रजत जयंती समारोह सूर्या डिफेंस अकादमी भद्रोया में मनाया गया। इस मौके पर वीर नारियों को सम्मानित करके देश के प्रति शहादत देने वालों को नमन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कर्नल सतीश चिब तथा कर्नल सतीश पठानिया एसएम, वीएसएम के तौर पर पहुंचे तथा उन्होंने सर्वप्रथम शहीदों को नमन करते हुए भारत माता की जय के नारे भी लगाए। अकादमी के एमडी सूबेदार नरेंद्र पठानिया ने कहा कि सैनिकों के बलिदान और मातृभूमि के प्रति सैनिकों के योगदान को वह हमेशा नमन करते आए हैं तथा उन की अकादमी का मुख्य उद्देश्य नौजवानों को नशे से मुक्त करके उनको अच्छा प्रशिक्षण देकर तथा देशभक्ति की भावना को लेकर यह अकादमी चलाई जा रही है, जिसके चलते सैकड़ों नौजवानों ने इस अकादमी से ट्रेनिंग लेकर भारतीय डिफेंस में अपनी सेवाएं देने का अवसर प्राप्त किया है।

### युवा मोर्चा ने मनाया कारगिल विजय दिवस




**अनंत ज्ञान, डरोह।** शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा सुलह मंडल ने कारगिल विजय दिवस मनाया। इसकी अध्यक्षता भाजयुमो अध्यक्ष मंनदीप अवस्थी ने की। इस कार्यक्रम में सुलह मंडल के 7 शहीद परिवार जनों को सम्मानित किया। इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष कैप्टन देशराज शर्मा, मंडल महामंत्री चंद्रवीर कटोच, हंसराज, मंडल सचिव अनुज महाल, महिला मोर्चा जिलाअध्यक्षा रागिनी रकवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तनु भारती,भाजयुमो महामंत्री निशांत चौधरी, प्रतीक पटियाल, कोषाध्यक्ष भवन जम्वाल, उपाध्यक्ष सुनिल राणा, प्रदीप चौधरी, अनुज राणा, विनय शर्मा, राजीव चौहान, त्रिलोक, विजय राणा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार और अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष राजकुमार उपस्थित रहे।

### अमर शहीदों की शहादत को किया नमन



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शूरवीर अमर शहीदों की शहादत को नमन करने हेतु शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के परिसर में स्थित शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा पुष्प संस्थान के कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर अरुण शर्मा,समस्त शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों ने अर्पित किए। इस अवसर पर संस्थान के एनसीसी कैडेट्स ने शहीदों की शहादत को सलामी दी। जबकि समस्त उपस्थितजनों ने शहीदों के गौरवशाली कारनामों को स्मरण किया और उन्हें नमन किया।

### शहीद भुवनेश डोगरा को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, देहरा।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा के एनसीसी छात्रों ने कागरिल विजय दिवस पर देश भक्ति गानों से खूब समां बांधा। इसके बाद सीटीओ डॉक्टर कपिल सूद के नेतृत्व में एनसीसी छात्रों ने देहरा तक रैली निकालते हुए शहीद भुवनेश डोगरा की प्रतिमा पर फूलमालाएं पहनाकर श्रद्धांजलि दी और तमाम वीर सैनिकों की कुर्बानी को याद किया।



### वृद्धाश्रम व बाल आश्रम सलियाणा में बांटे फल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पूर्व विद्यार्थी संघ गढ़ जमुला द्वारा कारगिल विजय दिवस पर वृद्ध आश्रम एवं बाल आश्रम सलियाणा का दौरा किया। वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल पूछा एवं उन्हें फल बांटे गए। इसके साथ-साथ बाल आश्रम में रह रहे कुछ दिव्यांग बेसहारा बच्चों से भी मिले व उनका हालचाल पूछा और उन्हें भी फल बांटे। पूर्व विद्यार्थी संघ ने बच्चों के लिए आश्रम को 5100 रुपए का अनुदान भी दिया।



## ज्वालामुखी में फंदे पर झूला युवक

**ज्वालामुखी।** नगर परिषद ज्वालामुखी के बार्ड नंबर 3 में एक 28 वर्षीय युवक ने घर में पंखे से फंदा लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। मृतक युवक की पहचान शुभम कुमार उर्फ कान्हा पुत्र राजीव कुमार निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए देहरा अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली की ज्वालामुखी में एक युवक ने अपने घर की ऊपरी मंजिल में जाकर रस्सी से पंखे के साथ फंदा लेकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ज्वालामुखी विजय कुमार ने टीम सहित मौके पर पहुंचकर परिजनों सहित अन्य लोगों के इस बयान दर्ज किए। पुलिस को मृतक के पास किसी भी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे युवक की मौत के सही कारणों का पता चल सके।

# ऑनलाइन स्टोरी कंपटीशन में अनन्या भारद्वाज प्रथम



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां हलके के तहत सद्दू पंचायत की रहने वाली नन्ही छात्रा अनन्या भारद्वाज ने ऑनलाइन स्टोरी कंपटीशन में कई राज्यों के छात्रों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। अनन्या की इस कामयाबी पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। शुक्रवार को एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू व पंचायत प्रधान अर्चना कुमारी ने अनन्या भारद्वाज को सम्मानित किया। इस दौरान अनन्या भारद्वाज की माता बबीता शर्मा, दादी सुलोचना शर्मा, उपप्रधान दिलीप चंद, पंचायत सदस्य अनीता शर्मा व सचिव सीताराम आदि गणमान्य भी मौजूद रहे।

एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू व पंचायत प्रधान अर्चना कुमारी ने कहा कि अनन्या भारद्वाज बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं। भविष्य में यह बच्ची बड़ा मुकाम हासिल करेगी।

# विधायक बेटी के स्वागत के लिए हरिपुर में उमड़ा लोगों का हुजूम

## कमलेश ठाकुर ने मौके पर किया लोगों की समस्याओं का निदान

**सालबिया शर्मा, गरली**

विधानसभा उपचुनाव जीतने के बाद पहली दफा देहरा विधानसभा क्षेत्र के आधिकारिक दौरे पर पहुंची नवनिर्वाचित विधायक कमलेश ठाकुर का शनिवार को हरिपुर में पलके बिछाकर स्वागत किया गया। विधायक बेटी से मिलने और उनकी एक झलक पाने को लोग बेहद उत्साहित दिखे। कमलेश ठाकुर के देहरा आने पर स्थानीय नागरिक और पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं के साथ उनका अभिवादन किया। विधायक के हरिपुर पहुंचते ही पहले से इंतजार में खड़े स्थानीय नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश से अपनी विधायक बेटी का अभिनंदन किया। कमलेश ठाकुर ने इस दौरान जल शक्ति विभाग विश्राम गृह देहरा और लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह हरिपुर में लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने सहानुभूतिपूर्वक जनसमस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही अधिकतम का निपटारा किया तथा शेष के समयबद्ध निवारण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देहरा वासियों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगी। (अनंत ज्ञान)



लोगों को संबोधित करतीं कमलेश ठाकुर।

### विधायक नहीं, बेटी के रूप में करूंगी काम

**कमलेश** ठाकुर ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति का आभार जताया। उन्होंने कहा कि देहरावासियों के विश्वास और स्नेह के कारण ही उनकी बेटी हिमाचल विधानसभा तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग उन्हें विधायक न समझें बल्कि अपनी बेटी की तरह व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि वे हृदय से देहरा के लोगों के ऋणी हैं और एक बेटी के रूप में देहरा के विकास के लिए कार्य करेंगी। उन्होंनें कहा कि आने वाले समय में देहरा को आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करने हेतु सिलसिलेवार तरीके से परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा।

## कांगड़ा सेवियर ने बहुतकनीकी संस्थान में आयोजित किया सम्मान समारोह

# ब्लड डोनेशन कैंप में 62 यूनिट रक्त एकत्रित

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

बहुतकनीकी संस्थान कांगड़ा में शुक्रवार को कांगड़ा सेवियर द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि उपायुक्त हेमराज बेरवा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके साथ ही बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही कांगड़ा सेवियर के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी और सदस्यों ने मुख्यातिथि हेमराज



बैरवा को शॉल, टोपी कर व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के दौरान कांगड़ा सेवियर द्वारा यहां पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। इसमें युवाओं और युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं, मुख्यातिथि उपायुक्त हेमराज बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि कांगड़ा सेवियर जो पुण्य का कार्य कर रही है, उसके लिए कांगड़ा सेवियर के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। कांगड़ा सेवियर द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में लगभग 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान रक्तदान से जुड़ी एक ऐप का विटा वर्जन भी लॉन्च किया गया। जिसे हिम सेवियर्स के नाम से लोग प्लेस्टोर से डाउनलोड कर ब्लड ग्रुप की जानकारी लिखकर रक्त के लिए जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# गढ़ बसदी में सुनाईं शिव रहस्य की कथाएं

**अनंत ज्ञान, डरोह**

ग्राम पंचायत गढ़ खास के गढ़ बसदी चौक पर सामुदायिक भवन में नौ दिवसीय महाशिवपुराण कथा का आयोजन 24 जुलाई से एक अगस्त तक चल रहा है।। यह कार्यक्रम स्थानीय निवासी सरला गुलेरिया व नरोत्तम गुलेरिया द्वारा करवाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के कथा वाचक आचार्य सुरेशानंद जी महाराज हमीरपुर वाले हैं। जो अपनी मधुर वाणी से संगत को निहाल कर रहे हैं। 27 जुलाई को शिव भगवान के शिव लिंग को घर में रखना चाहिए कि नहीं।

शिव नैवेद्य को मनुष्यों को ग्रहण करना चाहिए कि नहीं और हिंदू गृहस्थियों के घर में कौन-कौन से देवता रखे जाने चाहिए। शिव लिंग कितने प्रकार के होते हैं, यह सब



शिव रहस्य की कथाएं सुनाकर भक्तों को अनुगृहित किया।

इस अवसर पर भारी संख्या में आस-पास के गांवों के तथा भवारना, पालमपुर से भी भक्तों ने कथा में पहुंच कर अपने भाग्य का उत्थान किया।

## बैजनाथ में मनाया विश्व हेपेटाइटिस डे

**बैजनाथ।** खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉ. दिलावर सिंह दियोल की अध्यक्षता शनिवार को सीएच बैजनाथ में विश्व हेपेटाइटिस डे मनाया गया। खंड स्वास्थ्य शिक्षक बीरबल वर्मा ने बताया कि विश्व हेपेटाइटिस डे का इतिहास बहुत पुराना है। नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक डॉ. बारूक ब्लमबर्ग के जन्मदिन पर हर साल 28 जुलाई को इसे मनाया जाता है। डॉ. बारूक ब्लमबर्ग ने ही हेपेटाइटिस वायरस की खोज की थी। हेपेटाइटिस होने पर व्यक्ति के लिवर में सबसे पहले सूजन आ जाती है और खाना पचाने में भी कई सारी परेशानियों होने लगती है।

## 'भाषा' ने तीसरे वर्ष किया पौधरोपण



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बीड होटल एसोसिएशन (भाषा) ने लगातार तीसरे वर्ष पौधरोपण का कार्यक्रम संपन्न किया, जिसमें स्वच्छता मित्रों सहित लगभग 30 के आसपास लोगों ने भाग लिया। जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष सतीश अबरोल ने बताया कि पिछले दो वर्षों में हम 400 देवदार के पौधे रोपित कर चुके हैं। इस वर्ष भी हमने 150 पौधे लगाए हैं, जिसमें 100 पौधे बान और 50 पौधे देवदार के रोपित किए गए हैं। क्योर पंचायत के जंगल में इस बार का पौधरोपण कार्यक्रम हुआ है, जिसमें वन विभाग का हमें हर वर्ष की भांति बहुत ही अधिक सहयोग मिला है और वह हर बार हमें पौधे मुफ्त में उपलब्ध करवाते हैं। इस मौके पर संस्था के संरक्षक दिनेश पॉल हमारे वॉलंटियर्स भुवनेश कटवाल और उनकी टीम ,अमित, राजवीर राणा और संस्था के सुपरवाइजर देशराज वा स्वच्छता मित्रों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# जरूरतमंद लोगों की मदद करने में रेडक्रॉस सोसायटी का महत्वपूर्ण योगदान : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा में रेडक्रॉस सोसायटी अहम भूमिका का निर्वहन कर रही है। शनिवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा स्थित धर्मशाला में उपायुक्त हेमराज बैरवा उपायुक्त के कर कमलों से पात्र दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग वितरित किए गए। उपायुक्त ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि रेडक्रॉस सोसा;टी के साथ जुड़कर मानवता की सेवा में अपना रचनात्मक सहयोग सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम में सिद्धार्थ बंगार, प्रबंधक, विस्टीओन कंपनी, पुणे, महाराष्ट के द्वारा 19 पात्र दिव्यांगजननों को हाईटैक कृत्रिम अंग वितरित किए गए। जिला रेडक्रॉस सोसायटी, कांगड़ा द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को उपायुक्त के कर कमलों से कृत्रिम अंग निशुल्क प्रदान की गई व कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए मूल्यांकन भी किया गया।




**संकल्प** सीपीएस बुटेल ने घरमोता से किया पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ, देवदार का पौधा लगाया, कहा

# पालमपुर मंडल में रोपित किए जाएंगे 2 हजार पौधे

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा, आशीष बुटेल ने कहा कि लोक निर्माण विभाग मंडल पालमपुर में विभिन्न प्रजातियों के 2000 पौधे रोपित करेगा। सीपीएस ने शुक्रवार को घरमोता से इस पौधारोपण कार्यक्रम के शुभारंभ किया। आशीष बुटेल ने देवदार का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर लगभग 40 देवदार के पौधे रोपित किए गए।

उन्होंने कहा कि स्थानीय परिस्थितिकिय संतुलन को बनाए रखने में वनों की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। पौधे लगाने से अपने आसपास की वातावरण को स्वच्छ रखा जा सकता है। उन्होंने सभी से पौधारोपण का आह्वान किया। इसके उपरांत मुख्य संसदीय सचिव ने न्यूगल पुल कंडी में पालमपुर से रजनाली- धरेड़ टेम्पो ट्रैवेलर बस सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

सीपीएस इसी बस में सवार होकर रजनाली तथा धरेड़ गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि बस सुविधा आरम्भ करना इस क्षेत्र के लोगों की पुरानी मांग थी जिसे पूरा करने का प्रयास किया गया है। बस से अपने गांव पहुंचें स्थानीय लोगों ने सीपीएसनक जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विशेष कर ग्रामीण क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क और परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना उनकी विशेष प्राथमिकता में शामिल है।



घरमोता में पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीपीएस आशीष बुटेल।

इससे पहले सीपीएस ने अपने निवास स्थान और घमरौता में लोगों की समस्याओं को भी सुना और अधिकांश का मौके पर ही निवारण किया। शेष समस्याओं को संबंधित विभाग को समाधान के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चंद, वन मंडल अधिकारी डॉ.संजीव शर्मा, एसीएफ ओम प्रकाश चंदेल, मंडल प्रबंधक पंकज , भारतीय वन सेवा की प्रोबेशनर अधिकारी दिव्या, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग विनीत शर्मा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मातृभूमि की रक्षा में हिमाचल के सैनिकों का अहम योगदान : बुटेल

**पालमपुर।** मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा, आशीष बुटेल ने कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर सीपीएस आशीष बुटेल ने पहले परमवीर चक्र मेजर सोमनाथ शर्मा, परमवीर चक्र कैप्टन विक्रम बत्रा, अशोक चक्र मेजर सुधीर वालिया, कैप्टन सौरव कालिया के अतिरिक्त बलिदानी लेफ्टिनेंट कर्नल रजनीश परमार, कैप्टन विशाल भंडारल तथा सिपाही नेक राम गणोंत्रा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण तथा श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की रक्षा में हिमाचली सैनिकों का अहम योगदान रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 60 पटवार और कानूनगो वृत्तों में नहीं बने प्रमाण पत्र

**चंबा।** चंबा के 60 पटवार और कानूनगो वृत्तों में ताले लटके रहे। इससे राजस्व संबंधी कार्यों जैसे निशानदेही, तकसीम, ऑनलाइन प्रमाण पत्र जैसे हिमाचली, आय प्रमाण पत्र, कृषि पंजीकरण संबंधी कार्य करवाने आने वाले लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। निराश होकर लोग सरकार से पटवारियों-कानूनगो की मांगों को पूरा करने की पैरवी करते नजर आए। बता दें कि पटवारी-कानूनगो महासंघ स्टेट कैडर का विरोध कर रहा है। संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ तहसील चुराह के अध्यक्ष प्रमोद कुमार और सचिव प्रेम लाल, मीडिया प्रभारी सुनील देवल ने बताया कि महासंघ की राज्यस्तरीय बैठक 17 जुलाई को कुल्लू में हुई थी। इसमें निर्णय लिया गया कि सरकार ने पटवारी और कानूनगो का जिला से बदलकर स्टेट कैडर कर दिया है। तबादला नीति वाले निर्णय न बदलने के विरोध में अतिरिक्त कार्यभार वाले सर्किलों की चाबियां तहसीलदारों को सौंप दी थीं।

### हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, मामला दर्ज

**मुकेश कुमार, डलहौजी।** पुलिस दल थाना डलहौजी द्वारा बीते कल गश्त के दौरान एचएच 154ए पर देवीदेहरा के पास राहगीर युवक को शक के आधार पर निरीक्षण हेतु रोका गया तो उसकी तलाशी लेने पर उससे कुल 3.89 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को काबू किया गया। आरोपी की पहचान लव शर्मा पुत्र पवन कुमार शर्मा निवासी ध्यानपुर तहसील डेरा बाबा नानक तहसील गुरदासपुर पंजाब के रूप में हुई है। इस मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर द्वारा की गई है।

### समाजसेवियों ने सुन्नी अस्पताल में भेंट किए तकिए




**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** समाजसेवी मुश्ताक कुरैशी का नाम दानदाताओं में भी जुड़ गया है। शिमला ग्रामीण के नागरिक अस्पताल सुन्नी में वक्फ बोर्ड के पूर्व सदस्य मुश्ताक कुरैशी ने अस्पताल में जाकर तकिए भेंट किए। सुन्नी अस्पताल में तकिए न होने के कारण मुश्ताक ने तकिए देने का निर्णय लिया, जिसे कार्यवाहक बीएमओ सुन्नी डॉ. कंवर सिंह गुलेरिया की उपस्थिति में अपनी धर्मप ी सलमा कुरैशी के साथ पूरा किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड में 14 तकिए प्रदान किए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, उपाध्यक्ष श्यामा देवी,सदस्य आशा कंवर,वार्ड सिस्टर शशि राय मौजूद रहे।

### 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम आयोजित



**भरमौर।** केंद्रीय विद्यालय बकलोह कैंट में शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान, विद्यार्थियों और उनकी माताओं ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया और पर्यावरण को सुरक्षित और हरा-भरा रखने का संकल्प लिया।
प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम न केवल पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को उजागर करता है, बल्कि समाज में हरित अभियान को बढ़ावा देने के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

# राज्यपाल आज करेंगे मिंजर मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 28 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2024 का विधिवत शुभारंभ करेंगे। राज्यपाल के तीन दिवसीय प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल बताया कि राज्यपाल 27 जुलाई (शनिवार) को सायः चंबा पहुंचे और उनका रात्रि ठहराव परिधि गृह में रहेगा।



28 जुलाई को राज्यपाल सुबह 9.20 बजे श्री लक्ष्मी नारायण जी को मिंजर अर्पित करने के पश्चात सुबह 10 बजे चंबा के ऐतिहासिक चौगान में अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला- 2024 का विधिवत शुभारंभ करेंगे।

उन्होंने बताया कि राज्यपाल सायं 8.35 बजे अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2024 की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि भाग लेंगे। उनका रात्रि ठहराव परिधि गृह चंबा में रहेगा। राज्यपाल 29 जुलाई को सुबह 5.30 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर जाएंगे। वह सुबह 8.30 बजे चंबा से कांगड़ा रवाना होंगे।




अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के शुभारंभ की फाइल फोटो।

## हिमाचल पुलिस बैंड हार्मनी ऑफ पाइंस के कलाकार प्रथम सांस्कृतिक संध्या में देंगे प्रस्तुति

**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2024 के तहत पहली सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल पुलिस बैंड हार्मनी ऑफ पाइन के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे और प्रथम सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण होगा। उन्होंने बताया कि हिमाचली कलाकारों में ममता भारद्वाज, भावना जरयाल सहित चंबा के विभिन्न कलाकार एवं सांस्कृतिक दल अपनी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।



हिमाचल पुलिस बैंड हार्मनी ऑफ पाइंस के दल की फाइल फोटो।

## कुलदीप पठानिया मिंजर मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या के होंगे मुख्य अतिथि

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 27 जुलाई (शनिवार) को दोपहर बाद चंबा पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष के प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 28 को अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2024 के शुभ आरंभ अवसर पर राज्यपाल महोदय के साथ रहेंगे।



29 जुलाई को कुलदीप सिंह पठानिया अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि होंगे। वह 30 जुलाई को सुबह 11 चंबा से सिहुन्ता रवाना होंगे। इस दौरान सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न तरह के पारंपरिक प्रोग्राम पेश किए जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष 31 जुलाई को 11.30 बजे सिहुन्ता से शिमला प्रस्थान करेंगे।

# भरमौर के अभिषेक व खेम सिंह ने फतह की माउंट सिंकुन ईस्ट की चोटी

**ओपी शर्मा, भरमौर**

जनजातिय क्षेत्र भरमौर के दो लड़कों ने माउंट सिंकुन ईस्ट चोटी को फतेह करके नया कीर्तिमान अपने नाम किया है। भरमौर की ग्राम पंचायत संचूई निवासी अभिषेक ठाकुर व खेम सिंह निवासी नागली चोबिया ने 6081 मीटर की चढ़ाई चढ़कर यह कीर्तिमान अपने नाम किया है।

इन दोनों लड़कों ने अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूशन ऑफ माउंट ट्रेनिंग में चल रहे एडवांस 214 कोर्स के दौरान यह उपलब्धि हासिल की है। इस दौरान इंचार्ज शशि पाल और डायरेक्टर अविनाश नेगी व उनकी टीम के साथ 19 जुलाई को यह कीर्तिमान हासिल किया है।

अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए अभिषेक ठाकुर व खेम सिंह ने कहा है इस चोटी पर चढ़ाई करने के दौरान उन्हें अपनी इच्छा शक्ति का एहसास हुआ और एक बड़ी उपलब्धि हासिल करके गर्व महसूस हुआ है।

इन्होंने कहा है कि इस चोटी पर चढ़ाई करने के लिए वह सुबह 3:00 बजे बेस कैंप से चले और 9:30 बजे चोटी पर पहुंच गए। उन्होंने कहा है कि इस दौरान उन्हें



तिरंगा फहराते हुए भरमौर के युवा।

जीवन का एक अलग ही अनुभव महसूस हुआ और चोटी पर पहुंच कर अपने अंदर की इच्छा शक्ति का एहसास हुआ उन्होंने कहा है कि अगर व्यक्ति अपने दिल में ठान ले तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस कैंप के दौरान कोर्स के इंचार्ज शशि पाल वह डायरेक्टर अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंट ट्रेनिंग अविनाश नेगी और उनकी पूरी टीम के प्रयास व आशीर्वाद के कारण ही यह सब संभव हो पाया है। उनकी इस उपलब्धि पर भरमौर में चारों ओर चर्चा है और सब तरफ से खुशी का माहौल है।(अनंत ज्ञान)

# नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार हिमाचल के हितों से खिलवाड़: जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करना प्रदेश के हितों के साथ खिलवाड़ है। विकास के मामलों में इस तरह से राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

राजनीति से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री प्रदेश के हितों की अनदेखी कर रहे हैं। नीति आयोग की बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री द्वारा की गई, जिसमें वित्त मंत्री समेत कई महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री शामिल थे। जिस बैठक में जाकर मुख्यमंत्री प्रदेश के हितों के लिए अधिक से अधिक वित्तीय सहायता और परियोजनाओं को दिए जाने के संबंध में केंद्र सरकार के सामने अपनी मांगे रख सकते थे उस मौके को उन्होंने राजनीति की भेंट चढ़ा दिया। मुख्यमंत्री द्वारा ऐसी महत्वपूर्ण मीटिंग का राजनीति से प्रेरित होकर बहिष्कार करना प्रदेश के हित में नहीं है।

इस तरह की राजनीति हमेशा प्रदेश के विकास के लिए हानिकारक होती है। प्रदेश के हितों से समझौता करके राजनीति नहीं की जा सकती है। बैठक का बहिष्कार करने के फैसले की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। कांग्रेस हाई कमान द्वारा नीति आयोग की महत्वपूर्ण मीटिंग को बॉयकॉट करने के निर्देश देना निराशाजनक है।

## चेन स्नेचिंग मामले में तीनों युवक रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के एहजू में छात्र का पर्स छीन कर उसे करीब 50 मीटर तक घसीटने के मामले गिरफ्तार पंजाब के गांव दूहेवाला, मुक्तसर के रहने वाले तीन युवकों अर्पित सिंह उम्र 20 वर्ष, सनमप्रीत सिंह 22 वर्ष तथा कुलविन्द्र सिंह की जोगिंद्रनगर पुलिस द्वारा न्यायिक हिरासत में मंडी के न्यायाधीश के सामने तीनों युवकों की पीड़ित छात्रा ने सामने शिनाख्त करवाके अब कोर्ट से रिमांड हासिल किया जाएगा।

पुलिस जांच अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच अब और आगे बढ़ेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों युवक प्रदेश के कुल्लू-मनाली में घूमने के लिए जा रहे थे।

# राज्य सरकार कमजोर वर्गों के उत्थान और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि समाज में सभी को समान अवसर और संसाधन उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने ऐसे वर्गों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, ताकि वह सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत 50 हजार रुपये से कम आय वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के परिवारों को घर के निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते वित्तीय वर्ष में 1,150 लाभार्थियों को आवास सुविधा के लिए 17.25 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। सुक्खू ने कहा कि इसके अलावा प्रदेश सरकार कमजोर वर्गों को वित्तीय सहायता के साथ-साथ पेशेवर प्रशिक्षण भी दे रही है, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सकें।

प्रदेश में संचालित 97 केंद्रों में कम्पयूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा और डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को प्रति माह 1000 रुपये प्रोत्साहन राशि और सरकारी कार्यालयों में छह माह के दक्षता प्रशिक्षण के दौरान 1500 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं।

## अध्यापकों को पद सहित मर्ज करने की मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षा खंड चौंतड़ा प्रथम ने शिक्षा मंत्री से मांग की है कि सरकार 5 और 5 से कम विद्यार्थियों वाले जिन स्कूलों को मर्ज करने की तैयारी कर रही है, उन स्कूलों के अध्यापकों को भी छात्रों के साथ ही नजदीकी स्कूलों में जहां ज्यादा नामांकन है वहां पर पद सहित मर्ज किया जाए।

संघ की महिला कार्यकारिणी की प्रधान कुंता राही ने कहा कि 2 अध्यापक 2 कमरों वाले प्राथमिक स्कूलों की अवधारणा का समय अब निकल चुका है। संघ ने प्रधान संजय ने सरकार से विनम्र निवेदन करते हुए मांग की है कि यदि कक्षावार अध्यापक हमारे स्कूलों को देती है तो स्कूल पुन: अपनी गौरवशाली पताका देश भर में लहराएंगे।

# साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन का कल तक रूट हुआ चेंज

**नरोत्तम शर्मा, ऊना**

रेलवे की ओर से गुजरात से ऊना-दौलतपुर चौक तक आने वाली साबरमती ट्रेन के रूट में अस्थायी तौर पर परिवर्तन किया गया है। लंबी दूरी तय कर ऊना आने वाली ट्रेन 29 जुलाई तक मेहसाना-ऊंझा-पालनपुर न होकर वाया मेहसाना-भीलड़ी-पालनपुर होकर संचालित होगी। पहले रोज भी उसी रास्ते से ट्रेन पहुंची है। इससे यात्रियों को अपने गंतव्य स्टेशन तक पहुंचने में मामूली अतिरिक्त समय खर्च करना पड़ सकता है।

रेलवे बोर्ड के अधिकारियों की मानें तो ट्रेन के रूट में बदलाव अनुरक्षण कार्य के चलते किया गया है। हालांकि साबरमती से जिला ऊना को प्रतिदिन आने वाले साबरमती-दौलतपुर चौक एक्सप्रेस ट्रेन अपने समय अनुसार आवागमन करेगी। अनुरक्षण यानी मरम्मत आदि का कार्य चार दिनों के लिए प्रस्तावित है।

शुक्रवार को भी साबरमती से ऊना के लिए चलने वाली ट्रेन का मार्ग परिवर्तित रहा। इसके चलते ट्रेन पालनपुर करीब 45 मिनट देरी से पहुंची। साबरमती-दौलतपुर चौक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 19411 साबरमती से सुबह 9 बजकर 46 मिनट पर चलती है। 26 घंटे 15 मिनट का सफर तय कर अगले दिन दोपहर 12 बजे दौलतपुर चौक पहुंचती है। (अनंत ज्ञान)

# पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों ने दी आंदोलन की धमकी

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की हिमुडा कॉलोनी बीते दो माह से पानी की एक-एक बूंद को तरस रही है। कई बार विभाग को भी इस बारे में सूचित किया, लेकिन फिर भी विभाग द्वारा हिमुडा कॉलोनी की समस्या का समाधान नहीं हुआ।



हिमुडा कॉलोनी बंगाणा कमेटी के प्रधान नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि हिमुडा कॉलोनी में सौ से ज्यादा परिवार रहते हैं और जब हिमुडा कॉलोनी को विभाग द्वारा प्लॉट देने की बात शुरू हुई थी तो हिमुडा कॉलोनी बंगाणा को बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं देने की लिखित रूप में बात की थी, लेकिन अब हिमुडा कॉलोनी पानी की एक एक बूंद को तरस रही है। यहां के 100 परिवार 800 रुपए का अपनी निजी आय से पानी का टैंकर मनवाकर पानी की आपूर्ति कर रहे हैं।

शर्मा ने हिमुडा विभाग जिला ऊना पर प्रश्न खड़े करते हुए कहा कि हिमुडा कॉलोनी के रख रखाव के लिए हर परिवार से धन इकट्ठा करते हैं, लेकिन जब सुविधाओं की बारी आती है तो विभाग हिमुडा कॉलोनी को अंगूठा दिखाकर अधिकारी चले जाते हैं, आखिर ऐसा कब तव चलेगा।

उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारियों को पानी की समस्या बताई जाती है तो अधिकारी भीषण गर्मी का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ देते हैं, लेकिन ऐसा कब तक चलेगा। नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि अगर हिमुडा विभाग के अधिकारी हिमुडा कॉलोनी को पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं से सकते हैं तो फिर हिमुडा कॉलोनी में लोगों को रहने का क्या फायदा है।

हिमुडा कॉलोनी बंगाणा कमेटी के प्रधान नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि अगर विभाग द्वारा हमारी समस्या का समाधान नहीं किया तो मजबूरन हिमुडा कॉलोनी में रहने वाले सौ परिवार विभाग के खिलाफ सड़कों पर आक्रोश रैलियां निकालना शुरू कर देंगे जिनकी जिम्मेदारी खुद विभाग की होगी। नरेश कुमार ने राज्य सरकार और हिमुडा विभाग से आग्रह किया है कि हिमुडा कॉलोनी बंगाणा को जल शक्ति विभाग बंगाणा से जोड़ा जाए, ताकि हिमुडा कलोनी बंगाणा को पानी की सप्लाई तो सुचारु रूप से मिल सके। (अनंत ज्ञान)

## 'जलवायु स्थिरता की खोज विषय पर सम्मेलन आयोजित



**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** संत ढांगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में जलवायु स्थिरता की खोज अवसर व चुनौतियां नामक विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग से प्रोफेसर अनीता भटनागर उपस्थित रही।

सबसे पहले सम्मेलन के संयोजक डॉ. दलीप बाली ने प्रो. अनीता भटनागर का औपचारिक स्वागत किया। तत्पश्चात प्रो. अनीता भटनागर ने 'जलवायु परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा' पर अपना व्याख्यान दिया। आज के अलग-अलग सत्रों की अध्यक्षता राजकीय महाविद्यालय खड्ड से प्रो. रवि राज, रीजनल सेंटर धर्मशाला से प्रो. संजीव कुमार, तथा गुरुतेग बहादुर खालसा कॉलेज आनंदपुर साहिब से प्रो. संगीत कुमार द्वारा की गई। (अनंत ज्ञान)

## आग से झुलसी दिव्यांशी ने पीजीआई में दम तोड़ा

**विवेक शर्मा, अंब।** उपमंडल अंब के प्रताप नगर की आग में जलने के कारण 6 वर्षीय मासूम बच्ची ने पीजीआई चंडीगढ़ में दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान दिव्यांशी पुत्री पवन गुप्ता के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार दिव्याशीं पुत्री पवन कुमार निवासी गांव प्रताप नगर गत 5 जुलाई को उस समय आग की चपेट में आ गई, जब उसकी माता गैस की भट्टी पर काम कर रही थी और अचानक उसकी पाइप फट गई। इस कारण पास में खेल रही दिव्यांशी आग की चपेट में आकर झुलस गई। उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल अंब ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। जहां से उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया, जहां 25 जुलाई को उसकी मौत हो गई। एसडीपीओ अंब डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर वारिसों को सौंप दिया गया है। एसडीपीओ अंब डॉ वसुधा सूद ने बताया कि मृतक बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है।

## नीरज बने प्रदेश युकां के महासचिव प्रदेश कांग्रेस का किया धन्यवाद



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले युवा नेता नीरज ठाकुर को प्रदेश युवा कांग्रेस ने महासचिव की जिम्मेदारी दी है। बता दें कि नीरज ठाकुर इससे पहले एनएसयूआई में कैंपस अध्यक्ष, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव व ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। नवनियुक्त प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव नीरज ठाकुर ने अपनी नियुक्ति पर भारतीय युवा कांग्रेस राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, युवा कांग्रेस प्रभारी विनिज कंबोज, सह प्रभारी योगेश हांडा, प्रदेशाध्यक्ष निगम भंडारी, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मुनीष ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप सूर्या, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा व ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा का आभार जताया है। नीरज ठाकुर ने बताया कि पार्टी के मजबूती के लिए आगे भी काम किया जाएगा।

## डीसी ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय और सीएसडी कैंटीन का किया दौरा



**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने जिला सैनिक कल्याण विभाग के कार्यालय और सीएसडी कैंटीन का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने कार्यालय क्षेत्र और सैनिक विश्रामगृह का निरीक्षण किया और पूर्व सैनिकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का ब्यौरा लिया। उनका यह दौरा पूर्व सैनिकों की सुविधाओं को सुधारने और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को समर्पित था। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों की सुविधा और कल्याण को प्रतिबद्ध है। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में पूर्व सैनिकों के लिए सम्मेलनों और बैठकों के आयोजन को लेकर एक उपयुक्त स्थल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौजूदा कार शेड एवं सामुदायिक क्षेत्र के विस्तार के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने पूर्व सैनिकों को आधिकारिक कार्य के लिए कार्यालय सीढ़ियां चढ़ने में होने वाली कठिनाई के समाधान के लिए एएफडी क्लर्क की मेज को निचली मंजिल पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए, ताकि पूर्व सैनिकों की उनतक आसानी से पहुंच सुनिश्चित हो सके। इस दौरान सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक कर्नल एसके कालिया उनके साथ रहे।

## सूडोकु 0009

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0008 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

28 जुलाई, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** अष्टमीः (7:29) **: नक्षत्र :** अश्विनी (11:48), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** शूल (8:10) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:54), **राहुकाल** (5:32 -7:14 ।

**विशेष दिन**

» 28 जुलाई 2024 : कालाष्टमी आज।

» 28 जुलाई विश्व हेपेटाइटिस दिवस आज।

**मेषः** आज का दिन मिश्रित फलकारक है। बड़े अधिकारी से अनबन नुकसानदायक रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण बनाए रखें। नए संबंध से भाग्य चमकेगा।

**वृषभः** आप यदि व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी का कोप भाजन बनना पड़ सकता है।

**मिथुनः** आज दिन के पूर्वार्ध में छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। व्यवसाय में एक बार अनुभव हो जाए तो बस दुनिया अपनी मुट्ठी में ही समझिए।

**कर्क :**आज आप अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपना काम करते रहें। आगे चलकर सफलता आपके कदम चूमेगी।

**सिंहः** आज शत्रुजनित षड्यंत्र, लोक अपवाद से बचने का प्रयास करें। अनावश्यक दुश्चिन्ताओं से मन क्षुब्ध रहेगा। नई उपलब्धियां कड़ी मेहनत से मिलेगी। सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा।

**कन्याः**आज कामकाज में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। राजकीय मदद भी मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं।

**तुलाः** आपकी पद, अधिकार की महत्वाकांक्षा अन्तर्विरोध को जन्म देगी। समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशान्ति रहेगी। दूर-समीप का यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित हो सकता है।

**वृश्चिकः** आज का दिन कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में व्यतीत होगा। अधिकारीवर्ग से अच्छी साठ-गांठ बनेगी। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ की पृष्ठभूमि भी आज ही बनेगी।

**धनु :** किसी विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत रूका धन आश्चर्यजनक रूप से प्राप्त हो जाएगा। इससे आज आपका विश्वास धर्म एवं आध्यात्म में बढ़ेगा।नए संपर्क से सितारा बुलंद होगा।

**मकरः** आज कार्यक्षेत्र में अपने से वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा।

**कुंभः** आज गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। उत्तरार्ध की वृद्धि अस्थिरता को जन्म देगी। वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है।

**मीनः** आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति दशम भाग्य भाव में धनु राशि का होकर तथा चंद्रमा अपनी ही राशि कर्क पर विराजमान है। अतः आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याओं को हल करने का है।

**आयोजन** हिमोत्कर्ष परिषद ने कंवर हरि सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित किया सेवा कार्यक्रम

# कंवर हरि सिंह ने समाजसेवा को दिया नया आयाम : डीसी

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमोत्कर्ष संस्था के संस्थापक रहे स्वर्गीय कंवर हरि सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर हिमोत्कर्ष परिषद द्वारा स्थानीय सुविधा पैलेस होटल में श्रद्धांजलि व सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त जतिन लाल मुख्यातिथि तथा पूर्व विधायक ओपी रत्न व जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, जबकि विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में शामिल होकर स्व. कंवर हरिसिंह को भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्यातिथि उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि कंवर हरि सिंह ने समाज सेवा के क्षेत्र को नया आयाम दिया तथा हिमोत्कर्ष का ऐसा वटवृक्ष लगाया, जो पीड़ितों व वंचितों को सहारा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि हिमोत्कर्ष संस्था ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कदम उठाए। ऊना जिले में बच्चियों के लिए स्कूल तथा लड़कियों के लिए अलग से कन्या कॉलेज कंवर हरि सिंह की सोच का नतीजा रहे।



उपायुक्त जतिन लाल के साथ हिमोत्कर्ष संस्था के प्रतिनिधि और पात्र महिलाएं।

कंवर हरि सिंह ने सामाजिक उत्थान के लिए धरातल पर कार्य किया। वह न सिर्फ एक अच्छे समाज सेवक रहे, बल्कि एक निर्भीक पत्रकार व प्रखर लेखक भी थे। उनकी दिखाई राह ने ऊना जिले के नौजवानों को समाज सेवा के क्षेत्र में उतरने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ओपी रत्न ने भी कंवर हरि सिंह की सेवाओं को नमन करते हुए उन्हें याद किया। कार्यक्रम को जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा, हिमोत्कर्ष प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, महासचिव ठाकुर यशपाल सिंह, महिला मंच अध्यक्ष दीपशिखा कौशल व जिलाध्यक्ष कर्णपाल मनकोटिया ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर हिमोत्कर्ष प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, ठाकुर यशपाल सिंह, दीपशिखा कौशल, करणपाल मनकोटिया, प्रो. बीके शर्मा, एमएम गर्ग, अश्विनी सैणी, रविंद्र डोगरा, योगेश कौशल, रजनीश डोगरा, विजय साहनी, शेषपाल ठाकुर, डॉ.जागृति दत्ता, रेखा जसवाल, लवली जसवाल, सुरेश कुमार, नरेंद्र जीत सिंह राणा, चंद्रशेखर, सीडीपीओ कुलदीप दयाल, ओसी शर्मा, सुरेश कुमार, कृष्ण ठाकुर, विनोद कुमार, पीएस जसवाल, डॉ. सतीश शर्मा, अशोक ऐरी, ईशान ऐरी, अजय ठाकुर, रजनीश लूंबा, पूजा, कपिला, रमा कंवर, कविता गोयल, मंजू मनकोटिया, अनूपा ठाकुर, सुलोचना ठाकुर, रंजू, मीना, सोनिया, कमला, विकास कौंडल, मुनिंद्र अरोड़ा, सुधीर कुमार, मणि कुमार, संदीप शर्मा, रोटरी क्लब ग्रेटर से मोहिंद्र वर्मा, अजय शर्मा, रोटरी क्लब ऊना के पूर्व प्रधान ब्रजिंद्रजीत सिंह गोल्डी, भारत विकास परिषद के सचिव संजीव अग्निहोत्री, युवा सेवा क्लब के प्रधान मोहन लाल, गुरु का लंगर सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष अश्विनी जैतक, सचिव व अन्य सदस्य उपस्थित रहे। हिमोत्कर्ष परिषद, हिमोत्कर्ष महिला मंच, भारत विकास परिषद, रोटरी क्लब ऊना, इन्नर व्हील क्लब, प्रेस क्लब, गुरु का लंगर सेवा सेमिति ट्रस्ट, रोटरी क्लब ग्रेटर के सदस्यों, युवा सेवा क्लब के पदाधिकारियों ने हिमोत्कर्ष संस्थापक कंवर हरिसिंह के चित्र पर पुष्प भेंट कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान कई छात्रों को लाखों की छात्रवृत्तियां प्रदान की गई।

वहीं, 55 महिलाओं को कुल 123750 रुपए का राशन वितरण किया गया। इस प्रकल्प में दानवीर सज्जनों ने भी सहयोग किया। कार्यक्रम में संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान ऊना की छात्राएं व स्टाफ सदस्य व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अमेरिका से परिषद के अंतरराष्ट्रीय सलाहकार डॉ. राजेंद्र शर्मा के सौजन्य से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को श्रीराम चरितमानस ग्रंथ भेंट किया। परिषद के संस्थापक कंवर हरिसिंह की स्मृति में परिषद के वरिष्ठ सदस्य ई.एमएस रयात के सौजन्य से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में गुरु का लंगर सेवा समिति ट्रस्ट के माध्यम से लंगर का आयोजन किया गया। (अनंत ज्ञान)

ऐसे रिश्तों को पोषित करने में समय और ऊर्जा लगाएं जो आपका उत्थान करें और आपका समर्थन करें। -दलाई लामा

## संपादकीय

# नाम और पहचान पर बवाल

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों, ढाबों और ठेलों पर नेमप्लेट लगाने को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सुप्रीम कोर्ट पहले ही नेमप्लेट लगाने के निर्देश पर रोक लगा चुका है, जो अभी भी जारी रहेगा। अभी दुकानदारों के लिए अपना नाम लिखने की कोई अनिवार्यता नहीं होगी। हालांकि अदालत ने साफ किया है कि जो दुकानदार अपना नाम लिखना चाहते हैं, वह लिख सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद यह विवाद थमा है तो अब नया हंगामा खड़ा हो गया है। उत्तराखंड के हरिद्वार में जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी मस्जिदों और मीनारों को सफेद कपड़े से ढकवा दिया है। हालांकि जब इसका विरोध शुरू हुआ तो आनन-फानन में ये सफेद पर्दे हटवा दिए गए। उत्तराखंड के मंत्री सतपाल महाराज इसे लेकर सफाई देते हैं कि मस्जिदों के पास से कांवड़ियों के गुजरने के कारण माहौल खराब न हो और शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके चलते यह काम किया गया था। इसके पीछे किसी की धार्मिक भावना को आहत करने का मकसद नहीं है। धर्म के नाम पर नया विभाजन शुरू हो गया है।

कांवड़ यात्रा मार्ग पर पहले दुकानों के सामने नेमप्लेट लगाने का मामला सामने आया, लेकिन अब इस मार्ग पर एक नई मुहिम छेड़ दी गई है। एक धर्मगुरु दुकानों और ढाबों पर मूर्तियां बांट रहे हैं। घूम घूम कर दुकानों पर भगवा ध्वज लगाने की मांग कर रहे हैं। बाबा हर दुकान पर जाकर हिंदू देवता की तस्वीर बांट रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि नेमप्लेट हटाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जैसे वह नई मुहिम में जुट गए हैं। स्वामी यशवीर जी महाराज ने ही सबसे पहले दुकानों के बाहर नेमप्लेट लगाने की मुहिम शुरू की थी, लेकिन इस पर सुप्रीम कोर्ट की रोक लगने के बाद अब वे खुद मैदान पर उतरे हैं। अब यह बाबा उसी कांवड़ा रास्ते में हिंदू दुकानदारों को यह मूर्तियां बांट रहे हैं। वह कांवड़ा यात्रा मार्ग पर दुकानदारों से अपील कर रहे हैं कि अपनी दुकानों के बाहर हिंदू धर्म के प्रतीक की तस्वीरें लगाएं ताकि कांवड़ियों को पहचान करने में आसानी हो। चाहे आपका होटल है, ढाबा, चाय, मिठाई या जूस की दुकान या फलों की दुकान या फिर खाद्य पदार्थ की कोई भी दुकान है उन पर अपना और अपने पिता का नाम मोटे अक्षरों में लिखो। अपने आधार कार्ड तथा टूअर की कॉपी भी लगाओ। महंत यह दावा करते हैं कि उनका यह अभियान कांवड़ यात्रियों की तपस्या के लिए तथा पूरे महीने में चल रही इस पवित्र यात्रा के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि भगवान वाराह का जहां कहीं भी चित्र या मूर्ति लगी होगी वहां पर भोजन में थूकने का, मूत्र करने का या गौ मांस डालने का ऐसा घृणित कार्य नहीं होगा।

जहां भगवान वाराह की मूर्ति या चित्र है वहां पर आपको सात्विक शुद्ध भोजन मिलेगा। अपने इस अभियान में महंत ने घूम घूमकर भगवान वाराह की तस्वीरें भेंट की। उनके इस अभियान को भरपूर समर्थन मिल रहा है। बेशक इसका लाभ दुकानदारों और श्रद्धालुओं को मिल रहा है, लेकिन नाम और पहचान के इस फार्मूले से बवाल मच गया है। एक तरफ जहां हिंदू धर्म के लोग इस मुहिम हो सराह रहे हैं तो वहीं, मुस्लिम समुदाय के लोग इसे सांप्रदायिक कदम करार दे रहे हैं। जब कांवड़ यात्रा निकल रही है तो ये हिंदू गुरु मुसलमान और हिंदुओं के बीच टकराव की स्थिति पैदा करना चाहते हैं और दोनों समुदायों के बीच एक खाई खोदने की मंशा रखते हैं। इस तरह के बयान देश को नुकसान पहुंचाने वाले होते हैं। ये समाज के ताने-बाने को तोड़ने वाले होते हैं।

हिंदुओं को अपने अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए अपने पर्वों और त्योहारों की पवित्रता को बरकरार रखने के लिए आगे आना होना। हर बार शासन प्रशासन योगी और मोदी ही आगे आएं यह जरूरी नहीं। इस मुहिम ने एक बार फिर नाम पहचान के विवाद को जिंदा कर दिया है। सवाल यह उठता है कि कांवड़ रूट पर ऐसी मुहिम चलाने की जरूरत क्यों पड़ी? दुकानदारों को नेमप्लेट और मूर्ति बांटने की जरूरत क्यों पड़ी? इस मुहिम से नफरत की आग बढ़ेगी। सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि होती है, लेकिन इस तरह की मुहिम कहीं न कहीं समाज को दोफाड़ जरूर कर देती है। नेमप्लेट विवाद थमा तो अब तस्वीरें बांटने का दौर शुरू हो गया। नेमप्लेट हटाकर लोग अपनी पहचान के पोस्टर चस्पां कर रहे हैं। आखिर यह विवाद कब थमेगा? ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### वरिष्ठ नेताओं में से एक

**रामेश्वर** ठाकुर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में से एक थे। उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित संस्थानों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया था। वह वर्ष 2004 से 2006 तक उड़ीसा, 2006 से 2007 तक आंध्र प्रदेश, 2007 से 2009 तक कर्नाटक और 2009 से 2011 तक मध्य प्रदेश राज्य के राज्यपाल रहे। रामेश्वर ठाकुर शिक्षा के उत्थान, समाज सेवा और ग्रामीण विकास जैसे कार्यों ने सदैव संलग्न रहे। आदिवासियों, हरिजनों और अन्य सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के कल्याणार्थ भी उन्होंने काफी कार्य किया। रामेश्वर ठाकुर का जन्म झारखंड में गोड्डा जिले के 'ठाकुर गांगटी' नामक ग्राम में हुआ था। इन्होंने भागलपुर, पटना विश्वविद्यालय में अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। उसके बाद 'कोलकाता विश्वविद्यालय' से एमए की डिग्री ली और एलएलबी. भी किया। रामेश्वर ठाकुर ने 'इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट', नई दिल्ली से एफसीए किया। रामेश्वर ठाकुर ने एक व्याख्याता के रूप में 'कोलकाता विश्वविद्यालय' से अपनी सेवाएं प्रारंभ कीं। इन्होंने प्रबंध अध्ययन विभाग दिल्ली में अतिथि प्रोफेसर के रूप में अपने दायित्व का निर्वाहन किया। उन्होंने सक्रियता से 'भारत छोड़ो आंदोलन', 1942 में भाग लिया और संथाल परगना में राजमहल पहाड़ियों में लगभग छह महीने के लिए भूमिगत रहे। बाद में इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और कोलकाता की सेंट्रल जेल में रखा गया। वह 1946 में भी राष्ट्रीय आंदोलन से संबंध रहे। उन्होंने सामाजिक सुधार के कार्यों में भी पूरी सक्रियता से भाग लिया था, विशेष रूप से संथाल परगना में पुनर्निर्माण गतिविधियों के कार्यों में योगदान दिया।



रामेश्वर ठाकुर
जन्म : 28 जुलाई, 1927
मृत्यु : 15 जनवरी, 2015

## अपनी बात

**नशीली** दवाओं का उपयोग निश्चित रूप से रिश्तों, काम और सामाजिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। ये नशे महंगे होते हैं, जिससे कई तरह की वित्तीय समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। जब नशे के लिए पैसे खत्म हो जाते हैं तो संबंधित व्यक्ति अपराध पर उतारु हो जाता है और छोटी-मोटी छीना झपटी पर आश्रित हो जाता है। यहां तक कि वह किसी को शारीरिक हानि भी पहुंचा देता है। नशीली दवाओं को रखने या वितरित करने पर कानूनी परिणाम हो सकते हैं, जिनसे छुटकारा पाना आसान नहीं होता। नशे की लत से जूझ रहे हैं, तो किसी चिकित्सा पेशेवर, चिकित्सक या सहायता समूह से संपर्क करें। नशीली दवाओं के उपयोग से जुड़े जोखिमों के बारे में खुद को शिक्षित करें। उन गतिविधियों में संलग्न रहें, जो भलाई को बढ़ावा देती हैं, जैसे व्यायाम, शौक या रचनात्मक गतिविधियां आदि। अपने आप को सकारात्मक प्रभावों के सांचे में ढालें, तभा आप नशे को छोड़ सकते हैं। -अरविंद शर्मा, सगूर

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए आधार संरचना के लिए प्रयासों की जरूरत

भारत एक कृषि प्रधान देश है। किसान भारत की आर्थिक विकास में रीढ़ है। कृषि किसान की आत्मा है। भूमि उसकी माता है। माटी किसान की जान है। दो दशक से भारत में कार्बनिक खेती की बात हो रही है, परंतु जितनी सफलता मिलनी चाहिए, उतनी सफलता अभी तक नहीं मिल पा रही है। इसके पीछे कई कारण है। इसे समझने की जरूरत है।

ऑर्गेनिक फार्मिंग वह खेती है, जिसमें पर्यावरण और प्राकृतिक स्वच्छता व संतुलन को हानि पहुंचाए बिना तथा उनके उपजाऊ क्षमता और पानी की क्वालिटी को बनाए रखते हुए लंबे समय तक अधिक पैदावार प्राप्त की जाती है। इस प्रकार की खेती में रासायनिक खादों की जगह गोबर गोमूत्र पौधों के भूसे इत्यादि को उचित तरीके से अपनाया जाता है, ताकि खेती में होने वाले रसायनों के खर्चों को कम से काम करके अधिक पैदावार प्राप्त की जा सके। अत: गोबर गोमूत्र पौधों के भूसे इत्यादि प्राकृतिक पदार्थ से बनाई जाने वाली खाद को वैज्ञानिक मानकों के अनुसार इस्तेमाल कर की जाने वाली खेती को ऑर्गेनिक खेती कहा जाता है।

आधुनिक कृषि जगत में पर्यावरण की रक्षा हेतु ऑर्गेनिक फार्मिंग का विशेष स्थान है इसमें रासायनिक खादों और रसायनों आदि के प्रयोग को कम करने की सलाह दी गई है। लेकिन प्रमुख समस्या यह है कि इतनी अधिक मात्रा में ऑर्गेनिक खाद की पूर्ति कैसे की जाए जिससे पूरी तरह से रासायनिक खादों का प्रयोग कम या पूर्णतया बंद किया जा सके।

आधुनिक खेती रसायनों पर अत्यधिक आश्रित होने के कारण कई तरह के प्रदूषण को जन्म देती है। हमारे देश में हर बार 70 करोड़ टन कचरा कागज इत्यादि के रूप में इकट्ठा होता है। इन सब के कारण हमारा पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है जिससे हमारी फसलों की उपज गुणवत्ता आदि से में भारी कमी आई है।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, विवि पालमपुर

हमारे गांवों में कचरा घास, गोबर, फसलों का भूसा, सब्जियां और फलों के छिलके इत्यादि काफी मात्रा में पाए जाते हैं। इन्हें किसान या तो जलाकर नष्ट कर देते हैं या जमीन में ढेर लगाकर छोड़ देता है। यह सब कचरा इधर-उधर फैला रहता है, जो पर्यावरण को गंदा करता है। इसके कारण कई प्रकार के हानिकारक जीवाणु और कीटाणु जन्म लेते हैं।

पुराने समय में कृषि मात्रा अनाज पैदा करने के लिए नहीं बल्कि एक संस्कृति के रूप में अपनाई जाती थी, ठीक इसी प्रकार विश्व में खाद्यान्न उत्पादन के स्रोत की जानकारी से उपभोक्ताओं को अवगत कराना भी ऑर्गेनिक खेती व्यापार का महत्वपूर्ण अंग है। एक आम छोटा कृषक भी शीघ्र व कम मेहनत से ऑर्गेनिक खेती कर सकता है, जब कृषक दो-तीन फसने ऑर्गेनिक खेती से प्राप्त कर लेते हैं, तब इसके प्रमाणीकरण की औपचारिकताओं को पूर्ण करने के पश्चात बाजार में अपना उत्पाद बेचना आसान हो जाता है। ऑर्गेनिक खाद बनाने की तकनीक का ज्ञान हो तो गोबर तथा जंगल के इकट्ठा किए गए पत्तों आदि के बेहतर उपयोग से लगभग कम लागत से धीरे-धीरे कम होती चली जाती है।

जिन क्षेत्रों में रसायनों का अत्यधिक प्रयोग हो रहा है, वहां दो से तीन वर्ष तक की अवधि में बिना उत्पादन क्षमता में गिरावट के ऑर्गेनिक उत्पादन किया जा सकता है। पारंपरिक रूप से ऑर्गेनिक कृषि प्रमाणीकरण हेतु मान्य है, परंतु पारंपरिक कृषि को बिना रसायनों के प्रयोग से तथा आधुनिक तकनीक से और बेहतर बनाया जा सकता है। पहाड़ी क्षेत्रों में जहां पर सिंचाई की व्यवस्था बहुत कम है प्रणाम पारंपरिक अनाजों का उत्पादन इतना नहीं है जिससे कृषक अपना पालन पोषण भी कर सके और अतिरिक्त अनाज बाजार में विक्रय कर आए प्राप्त कर सके। इन क्षेत्रों में यदि पारंपरिक अनाज का उत्पादन बढ़ाना है तो असिंचित क्षेत्र की भूमि पर रसायनों का प्रयोग उचित नहीं है।

देश में ऑर्गेनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए सरकार को स्वयं आगे आना होगा जिसमें किसानों को ऑर्गेनिक खेती में लगने वाले बीज, खाद, दवा व अन्य घटकों पर सरकारी सहायता 5 साल के लिए सुनिश्चित की जाए जिससे कि छोटे और मझोले किसान जो बहुत कम ही रसायनों का प्रयोग करके अपनी खेती करते हैं, उन्हें आसानी से ऑर्गेनिक खेती की ओर लाया जा सकता है। साथ ही साथ सरकार को ऑर्गेनिक फसलों के प्रमाणीकरण हेतु जिला स्तर पर ही प्रमाणीकरण अधिकारी की नियुक्ति की जानी चाहिए, जिससे किसानों के ऑर्गेनिक उत्पादन का प्रमाणीकरण बहुत ही आसानी से हो सके। तीसरी महत्वपूर्ण बात यह है ऑर्गेनिक खेती में कि यदि ऑर्गेनिक फसल तैयार होता है, तो उसके लिए क्रय-विक्रय का एक स्थान सुनिश्चित करना पड़ेगा जहां पर किसान अपनी फसल को आसानी से बेच सके तथा उपभोक्ता उचित दाम पर उस स्थान से ऑर्गेनिक फसल खरीद सके। यह भी तय होना चाहिए कि ऑर्गेनिक फसल का उचित मूल्य कितना रखा जाए कि जिससे कि किसानों को हानि न उठानी पड़े। इस तरह की एक और व्यवस्था का सृजन करना होगा। यदि बाजार में ऑर्गेनिक उत्पाद उस दिन नहीं बिक पा रहा है, तो बाजार के अंदर ही एक कोल्ड स्टोरेज की सुविधा सरकार द्वारा होना चाहिए, जिसमें न्यूनतम मूल्य पर किसान अपनी उपज को एक दो दिन के लिए उसमें रखकर दूसरे या तीसरे दिन जब बाजार खुले तो बेच सकता है। हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि यहां बहुत छोटे और मझोले किसान अधिक संख्या में हैं। वह गलती से कार्बनिक खेती कर रहे हैं, कारण उसके पास अधिक रसायनिक खाद दवा खरीदने को पैसा नहीं होता है, वे अपने पशुओं के गोबर की खाद ही अपने खेत में डालते हैं। वे किसान बहुत आसानी से ऑर्गेनिक खेती को अपना सकते हैं। इन किसानों का एक आंकड़ा सृजित किया जाए, फिर उनको प्रशिक्षण दिया जाए। कार्बनिक खेती में प्रयोग होने वाले सभी तरह के बीज खाद दवाओं पर सरकार सहायता दे। बाजार विकसित करे और समर्थन मूल्य हर उत्पाद का निर्धारित हो और उसी मूल्य पर ही कोई खरीददारी सुनिश्चित हो।

इसी तरह देश भर के सभी छोटे किसानों का एक आंकड़ा सृजित सरकार करें और उनको प्राकृतिक खेती या कार्बनिक खेती जो भी कर सकते हैं, करने के लिए प्रेरित करें। अभी देश में दो तरह के विचार चल रहे हैं एक समूह प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की बात कर रहा है तथा दूसरा समूह कार्बनिक खेती की बात कर रहा है, दोनों समूहों के मत में भिन्नता है। प्राकृतिक खेती से देश की 140करोड़ जनसंख्या को भोजन नहीं मिल सकता है यह तो स्पष्ट तौर पर दोनों समूह मानते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# जम्मू-कश्मीर के प्रति सदाशयता जरूरी!

विधानसभा के संभावित चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर की राज्य सरकार के कई बड़े अधिकार उपराज्यपाल को दिए जाने पर प्रतिक्रिया स्वाभाविक ही है। प्रारंभिक तौर पर माना गया है कि इस बदलाव से जम्मू-कश्मीर भी दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तरह हो जाएगा। दिल्ली में भी विधानसभा है, पर वहां की सरकार को अन्य राज्यों की तरह कई विशेष प्रशासनिक अधिकार नहीं हैं।

लेखक : डॉ. प्रभात ओझा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जहां तक दिल्ली की बात है, राष्ट्रीय राजधानी होने के कारण दुनियाभर के देशों के दूतावास, वाणिज्यिक कार्यालय आदि यहां मौजूद हैं। दुनियाभर के राजनयिक यहां प्राय: आते रहते हैं। इस तर्क पर आजादी के लंबे समय बाद भी केंद्र में चाहे जो सरकार आए, दिल्ली को अन्य प्रदेशों की तरह राज्य के अधिकार नहीं मिले हैं। केंद्र की ओर से ये ही इन प्रदेशों की शासन व्यवस्था देखा करते हैं। इस दृष्टि से जम्मू-कश्मीर में भी उपराज्यपाल को विशेष अधिकार प्रथम दृष्ट्या ठीक लगते हैं। इसके बावजूद देखें तो दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की अपनी विधानसभाएं हैं। यहां चुनकर आई राज्य सरकार को अन्य राज्यों की तरह अधिकार का नहीं मिलना चर्चा का विषय है। इसके अलावा यहां की सरकार और उपराज्यपाल के बीच अधिकारों के बंटवारे पर भी अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की सरकार के आने के पहले कोई विवाद नहीं रहा है। अब दिल्ली सरकार को लगता है कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले जैसे अधिकार भी उनके पास रहें, तो आम लोगों के हक में होगा।

जम्मू-कश्मीर का केंद्र शासित होना तो हाल का मसला है। यहां अधिकारों को लेकर विवाद स्वाभाविक है। केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने नए फैसले को सीमावर्ती राज्य की सुरक्षा को लेकर जरूरी बताया है। वहां दूसरी सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस से लेकर राज्य की पार्टियों ने इस निर्णय को राज्य के हितों के विपरीत ठहराया है। कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि नए अध्यादेश से साफ है कि केंद्र अपने वादे के अनुसार निकट भविष्य में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं देना चाहता। नेशनल कान्फ्रेंस नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की प्रतिक्रिया और अधिक तीखी है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग शक्तिहीन, रबर स्टैंप सीएम से बेहतर के हकदार हैं। उमर ने जोड़ा कि संशोधन संकेत हैं कि चुनाव नजदीक हैं तथा तय लगता है कि राज्य विधानसभा चुनाव में प्रदेश के मुख्यमंत्री को 'रबर स्टैंप'की तरह बना दिए जाने का मुद्दा भी हावी रहेगा। ज्ञातव्य है कि पांच अगस्त,2019 को केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने का प्रस्ताव संसद में रखा था।

इस प्रस्ताव के पारित होने के बाद जहां संविधान का अनुच्छेद 370 निष्प्रभावी हो गया, वहीं राष्ट्रपति के आदेश के जरिए बना 35 ए भी समाप्त हो गया। इसके साथ ही राज्य लद्दाख को अलग कर जम्मू-कश्मीर के साथ इन दोनों को केंद्र शासित राज्य का दर्जा दिया गया। तब सरकार ने वादा किया था कि जम्मू-कश्मीर को जल्द ही फिर से पूर्ण राज्य का दर्जा वापस दे दिया जाएगा। इस अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाओं के जरिए चुनौती दी गई थी, जिन्हें निस्तारित करते हुए कोर्ट ने 11 दिसंबर,2023 को केंद्र के फैसले को बरकरार रखा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## कारगिल विजय के योद्धा



नेहा ठाकुर, छात्रा
हिप्र केंद्रीय विवि

*आओ सुनाऊं आज कहानी*
*कारगिल के संग्राम की*
*कद्र न जानी थी शत्रु ने*
*जब शांति के पैगाम की*
*धोखे से शत्रु भारत का*
*मुकुट चुराने आया था*
*फूंक मारकर संधि का*
*चिराग बुझाने आया था*
*पर उसको अनुमान नहीं था*
*भारत मां की शक्ति का*
*उसके वीर सपूतों की*
*रग रग में बहती भक्ति का*
*इन शेरों की दहाड़ों से*
*फिर उसको था पड़ा भागना*
*कारगिल के पहाड़ों से*
*टाइगर हिल पर आखिरकार*
*सेना ने तिरंगा लहराया था।*

# सरकारी कर्मचारी जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियां समझें

जनता द्वारा चुकाए जाने वाला टैक्स सरकारी कर्मचारियों का वेतन बनता है, यह बात आज उन्हें स्मरण रखने की जरूरत है। जनता अगर इस बात के प्रति सजग हो गई, तो सरकारी कर्मचारी अवश्य ही जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियां सही निभाने की आदत डाल लेंगे। बढ़ती बेरोजगारी के चलते आजकल सरकारी नौकरी मिलना सौभाग्य की बात है। बेरोजगारी विश्व स्तर पर महामारी का रूप धारण करने जा रही है ,इस बात को स्वीकार करना ही होगा। सरकारी कर्मचारी जनता की सुख-सुविधा के लिए सरकारों ने तैनात कर रखे हैं। कर्मचारी स्वयं को जनता के प्रति सदैव जिम्मेदार रहने की आदत बना लें, अन्यथा आगामी भविष्य में इसके विपरीत परिणाम सामने देखने को मिलेंगे।

प्रदेश सरकार के फैसले के खिलाफ जाने वाले भू-राजस्व विभाग के कर्मचारियों को सस्पेंड किए जाने की घोषणा की प्रदेश में सराहना की जा रही है। सरकार इतनी निर्दयी नहीं फिलहाल भू-राजस्व विभाग के कर्मचारियों को काम पर लौटने का अल्टीमेटम जरूर उन्हें दिया गया है। सच कहें तो वह दिन भी अब दूर नहीं जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियां मेहनत, ईमानदारी और निष्पक्षता से न निभाने वाले कर्मचारियों को कार्यालयों में घूसने तक नहीं दिया जाएगा। सुख की सरकार 95 हजार करोड़ रुपए की कर्जदार होने बावजूद सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन सहित तमाम सुविधाएं उन्हें मुहैया करवा रही है। जनता की सुख सुविधा के लिए क्या योजनाएं बनानी, प्रदेश सरकार का अपना अधिकार क्षेत्र है। सरकारें सरकारी कर्मचारियों को प्रदेश में कहीं भी तैनात कर सकती हैं।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

सरकारी कर्मचारी प्रदेश सरकार के आदेशों की सरेआम आलोचना करके अपने कामकाज ठप कर विरोध-प्रदर्शन पर उतर आएं, तो वह कतई जनहित में नहीं है। हिमाचल प्रदेश में अथाह विकास हो चुका हर गांव सुविधाओं से संपन्न है। प्रदेश सरकार ने भू-राजस्व विभाग के पटवारी,कानूनगो जो दशकों से अपने जिला में डेरा जमाए हुए थे, उन्हें प्रदेश कैडर में लाने की योजना बनाई है। भू-राजस्व विभाग के कुछेक कर्मचारी उल्टा प्रदेश सरकार पर स्टेशनरी, इंटरनेट और स्मार्ट मोबाइल फोन की सुविधा न मुहैया करवाने का आरोप लगाकर कामकाज ठप करके बैठ गए हैं। सरकार फिलहाल बड़े पैमाने पर इस विभाग के कर्मचारियों की ट्रांसफर नहीं करने जा रही, न ही उनकी सुविधाओं में कोई कटौती होने वाली है। पटवारी, कानूनगो ने सुख की सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ाकर अपने कार्यालयों की चाबियां तहसीलदारों को सौंपकर पिछले कुछ दिनों से कामकाज ठप कर रखा है।

प्रदेश की जनता के भू-राजस्व संबंधी कार्य आजकल नहीं हो रहे हैं। सुख की सरकार ने जमीनों के इंतकाल करवाकर जो प्रदेश में रिकार्ड बनाया उसे पटवारी,कानूनगो ने हड़ताल करके घूमिल कर दिया है। पटवारी, कानूनगो द्वारा कामकाज छोड़कर चाबियां प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपने के उपरांत ही सरकार ने उनके खिलाफ सख्त कदम उठाने का फैसला लिया है। सरकार के सख्त फैसले का अनुबंध पर लगे कर्मचारियों को इसका बड़ा भुगतान करना पड़ सकता है। सुख की सरकार के फैसले के खिलाफ जाकर कामकाज ठप करने वाले भू-राजस्व विभाग के कुछेक कर्मचारी जनता के प्रति कितने जवाबदेह हो सकते, सरकार को मंथन करना जरूरी है।

विजिलेंस की टीमें आए दिन पटवारी,कानूनगो को रिश्वत लिए जाने की एवज में सरेआम गिरफ्तार कर रही हैं। कुछेक रिश्वतखोर कर्मचारियों की वजह से मेहनत, ईमानदारी से काम करने वाले कर्मचारियों की साख भी धूमिल हो रही है। हिमाचल प्रदेश में शिक्षित बेरोजगारों का आंकड़ा लाखों में है। बेरोजगारी की चक्की में पीसने वालों को बेहतर ट्रेनिंग करवाई जाए तो वे कम वेतनमान में जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभा सकते हैं।

प्रदेश सरकार को ऐसा सख्त कदम उठाने के लिए कभी मजबूर नहीं करना चाहिए। भू-राजस्व विभाग के कर्मचारी आज अपनी ही प्रदेश सरकार के फैसले के खिलाफ लामबंद है। सच बात यह है कि आज दिन तक इन कर्मचारियों पर किसी सरकार का कोई आदेश, नियम कभी सही तरह से लागू नहीं हो पाया है। नतीजतन भू-राजस्व विभाग के कर्मचारी अपनी मनमर्जी से कार्य करके जनता की सदैव अनदेखी करते आ रहे हैं।

भू-राजस्व विभाग के अधिकतर कार्य आजकल आनलाइन होने बावजूद इनके पास हमेशा समय का अभाव रहता है। तहसील में जमीन की होने वाली रजिस्ट्री के लिए यह समय निकाल ही लेते हैं। प्रत्येक काम का शुल्क उक्त कर्मचारी अपनी मनमर्जी से जनता से वसूल करते हैं। जमीनी विवादों की फाइलें दशकों से अलमारियों के अंदर धूल फाकती है। जनता को तहसीलों में सिर्फ फाइलों पर जमीं धूल को हटानें के उद्देश्य से बुलाया जाता है। तहसीलों में जनता को अगली पेशी की तारीख ही मिलती है। पूर्व भाजपा सरकार समय लगे जनमंचों में जमीनी विवादों का कोई समाधान नहीं हुआ था। सुख की सरकार ने तहसीलों के चक्कर काटने वाले लोगों का दर्द समझा और इंतकाल किए जाने की सराहनीय मुहिम शुरू की।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सनातन हिंदू आर्य वैदिक परंपरा में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है

सनातन हिंदू आर्य वैदिक परंपरा में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष चौबीस एकादशियां होती हैं। जब अधिकमास या मलमास आता है, तब इनकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को ही देवशयनी एकादशी कहा जाता है। कहीं-कहीं इस तिथि को 'पद्मनाभा' भी कहते हैं। सूर्य के मिथुन राशि में आने पर यह एकादशी आती है। इसी दिन से चातुर्मास का आरंभ माना जाता है। इस दिन से भगवान श्री हरि विष्णु क्षीरसागर में शयन करते हैं और फिर लगभग चार माह बाद तुला राशि में सूर्य के जाने पर उन्हें उठाया जाता है। उस दिन को देवोत्थानी एकादशी कहा जाता है। इस बीच के अंतराल को ही चातुर्मास कहा गया है।

इसी प्रयोजन से इस दिन को 'देवशयनी' तथा कार्तिकशुक्ल एकादशी को प्रबोधिनी एकादशी कहते हैं। इस काल में यज्ञोपवीत संस्कार, विवाह, दीक्षाग्रहण, यज्ञ, गृहप्रवेश, गोदान, प्रतिष्ठा एवं जितने भी शुभ कर्म है, वे सभी त्याज्य होते हैं। भविष्य पुराण, पद्म पुराण तथा श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार हरिशयन को योगनिद्रा कहा गया है। संस्कृत में धार्मिक साहित्यानुसार हरि शब्द सूर्य, चंद्रमा, वायु, विष्णु आदि अनेक अर्थों में प्रयुक्त है। हरिशयन का तात्पर्य इन चार माह में बादल और वर्षा के कारण सूर्य-चंद्रमा का तेज क्षीण हो जाना उनके शयन का ही द्योतक होता है। इस समय में पित्त स्वरूप अग्नि की गति शांत हो जाने के कारण शरीरगत शक्ति क्षीण या सो जाती है। शास्त्रों के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष में एकादशी तिथि को शंखासुर दैत्य मारा गया। अत: उसी दिन से आरंभ करके भगवान चार मास तक क्षीर समुद्र में शयन करते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागते हैं। भगवान ने पहले पग में संपूर्ण पृथ्वी, आकाश और सभी दिशाओं को ढक लिया। अगले पग में संपूर्ण स्वर्ग लोक ले लिया। तीसरे पग में बलि ने अपने आप को समर्पित करते हुए सिर पर पग रखने को कहा। इस प्रकार के दान से भगवान ने प्रसन्न होकर पाताल लोक का अधिपति बना दिया और कहा वर मांगों। बलि ने वर मांगते हुए कहा कि भगवान आप मेरे महल में नित्य रहें। बलि के बंधन में बंधा देख उनकी भार्या लक्ष्मी ने बलि को भाई बना लिया और भगवान से बलि को वचन से मुक्त करने का अनुरोध किया। तब इसी दिन से भगवान विष्णु जी द्वारा वर का पालन करते हुए तीनों देवता चार-चार माह सुतल में निवास करते हैं। विष्णु देवशयनी एकादशी से देवउठानी एकादशी तक, शिवजी महाशिवरात्रि तक और ब्रह्मा जी शिवरात्रि से देवशयनी एकादशी तक निवास करते हैं। इस एकादशी को सौभाग्य की एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन पूरे मन और नियम से पूजा करने से महिलाओं को मोक्ष की प्राप्ति होती हैं। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार देवशयनी एकादशी का व्रत करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।



लेखक : संजय तिवारी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

शास्त्रों के अनुसार चातुर्मास में 6 संस्कारों का आदेश नहीं हैं। एक बार देवऋषि नारदजी ने ब्रह्माजी से इस एकादशी के विषय में जानने की उत्सुकता प्रकट की, तब ब्रह्माजी ने उन्हें बताया-सतयुग में मांधाता नामक एक चक्रवर्ती सम्राट राज्य करते थे। उनके राज्य में प्रजा बहुत सुखी थी। किंतु भविष्य में क्या हो जाए, यह कोई नहीं जानता। अत: वे भी इस बात से अनभिज्ञ थे कि उनके राज्य में शीघ्र ही भयंकर अकाल पड़ने वाला है। उनके राज्य में पूरे तीन वर्ष तक वर्षा न होने के कारण भयंकर अकाल पड़ा। इस दुर्भिक्ष (अकाल) से चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई। धर्म पक्ष के यज्ञ, हवन, पिंडदान, कथा-व्रत आदि में कमी हो गई। जब मुसीबत पड़ी हो तो धार्मिक कार्यों में प्राणी की रुचि कहां रह जाती है। प्रजा ने राजा के पास जाकर अपनी वेदना की दुहाई दी।

राजा तो इस स्थिति को लेकर पहले से ही दुखी थे। वे सोचने लगे कि आखिर मैंने ऐसा कौन सा पाप कर्म किया है, जिसका दंड मुझे इस रूप में मिल रहा है। फिर इस कष्ट से मुक्ति पाने का कोई साधन करने के उद्देश्य से राजा सेना को लेकर जंगल की ओर चल दिए। वहां विचरण करते-करते एक दिन वे ब्रह्माजी के पुत्र अंगिरा ऋषि के आश्रम में पहुंचे और उन्हें साष्टांग प्रणाम किया। ऋषिवर ने आशीर्वचनोपरांत कुशल क्षेम पूछा। फिर जंगल में विचरने व अपने आश्रम में आने का प्रयोजन जानना चाहा। तब राजा ने हाथ जोड़कर कहा- 'महात्मा' सभी प्रकार से धर्म का पालन करता हुआ भी मैं अपने राज्य में दुर्भिक्ष का दृश्य देख रहा हूं। आखिर किस कारण से ऐसा हो रहा है, कृपया इसका समाधान करें।' यह सुनकर महर्षि अंगिरा ने कहा' हे राजन! 'आषाढ़ माह के शुक्लपक्ष की एकादशी का व्रत करें। इस व्रत के प्रभाव से अवश्य ही वर्षा होगी।' राजा अपने राज्य की राजधानी लौट आए और चारों वर्णों सहित पद्मा एकादशी का विधिपूर्वक व्रत किया। व्रत के प्रभाव से उनके राज्य में मूसलधार वर्षा हुई और पूरा राज्य धन-धान्य से परिपूर्ण हो गया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरनगर में 29 जुलाई को होगा प्लेसमेंट कैंपस का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर ।** राजकीय आईटीआई पीडब्ल्यूडी सुंदरनगर में 29 जुलाई को डेरेको क्रॉप्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा वेल्डर, फिटर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, इलेक्ट्रिकल ट्रेड के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह कंपनी विभिन्न कंपनियों के लिए एचआर सर्विसेज प्रोवाइड करती है। राजकीय आईटीआई पीडब्ल्यूडी सुंदरनगर के प्रधानाचार्य आदित्य रैना ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में 18 से 23 वर्ष के लड़के एवं लड़कियां जिन्होंने अपना आईटीआई उत्तीर्ण कर लिया है या जो इस वर्ष अपना आईटीआई उत्तीर्ण करेंगे, वे भाग ले सकते हैं। इलेक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक ट्रेड के अभ्यर्थियों का डिक्शन टेक्नोलॉजी नोएडा के लिए चयन किया जाएगा।

### उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन शुरू

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंडी विजय सिंह हमलाल ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अर्न्तगत विकास खंड बालीचौकी की ग्राम पंचायत रैंस के निसार गांव में और ग्राम पंचायत भटवाड़ी के गांव रेहूकलधार में, विकास खंड सुंदरनगर की ग्राम पंचायत घांघल के गांव घांघल में और ग्राम पंचायत बाढो रोहाड़ा के गांव चंदनगला में, विकास खंड द्रंग की ग्राम पंचायत भड़वाहन के गांव लोहड़ा में और विकास खंड सदर की ग्राम पंचायत नसलोह के गांव चौकी भलेड में उचित मूल्य की दुकानें आबंटित की जानी हैं। इच्छुक व्यक्ति 29 जुलाई से लेकर 21 अगस्त तक कर सकते हैं।

### राहगीरों को बांटा बंद बोतल पानी





**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर की ग्राम पंचायत खुड्डी के माता भभोरी में युवा मोर्चा ने जोगिंद्रनगर अस्पताल में उपचाराधीन पीलिया के मरीजों को 50 पेटी मिनरल वाटर देने की घोषणा की है। युवा मोर्चा के प्रधान अरुण कुमार ने कहा कि युवा मोर्चा इस पानी वितरण में व्यापार मंडल का सहयोग करेगा। व्यापार मंडल के संयुक्त सचिव साहिल वालिया ने माता भमभोरी युवा मोंचा का इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। उधर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी ने कहा कि बस अड्डे में लोगों को मिनरल वाटर उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है उन्होंने इस अवसर पर अस्पताल में मरीजों तथा उनके परिजनों को भी पानी वितरित किया।

### 25 अधिकारियों को बेसिक कंप्यूटर का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केन्द्र सुन्दरनगर में बेसिक कंप्यूटर कोर्स विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण केन्द्र के उप-प्रधानाचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह, समस्त प्रशिक्षण अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी एवं कृषि प्रसार अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. भारत भूषण ने बताया कि इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### मंडी का पारंपरिक लोकगीत 'भयागड़ा' हो रहा वायरल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर ।** हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी में गाए जाने वाला पारंपरिक लोकगीत भयागड़ा जिसे सुबह की बेला में गया जाता है महिलाएं जब शादी विवाह में जाती है तो सुबह 4 बजे यह लोकगीत गाया जाता है जिसे एक बहू ससुर पति के बीच संवाद होता है। लाभ सिंह राणा जो की चंडीगढ़ पंचकूला में आईटीबीपी केंद्रीय विद्यालय में संगीत के प्राध्यापक है और जोगिंदरनगर की ग्राम पंचायत धार के आल गांव से संबंध रखते हैं और उनके साथ जोगिद्रनगर की लड़वान गांव के हिमाचली लोक गायक सुभाष राणा की जुगलबंदी ने पारंपरिक गाने को बहुत अच्छे तरीके से गाया है। यह गाना सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है।

### जरूरी मरम्मत के चलते 29 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी ।** सहायक अभियंता, विद्युत उप-मण्डल मंडी नंबर-3 होशियार सिंह ने बताया कि 11 केवी एचटी विद्युत लाइन की आवश्यक मरम्मत एवमं रखरखाव का कार्य करने के कारण 29 जुलाई को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक बाड़ी, बनाणु, लोअर बिजनी, मट्ट, अर्ठी, गुमाणु, गांधी कॉलोनी तथा इसके आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि मौसम के खराब रहने की स्थिति में कार्य को स्थगित या अगले दिन किया जा सकता है।
वहीं जोगिंद्रनगर विद्युत उपमंडल के सहायक अभियंता राजेश कुमार ने कहा कि आज को विद्युत उपमंडल जोगिंद्रनगर वन के तहत जरूरी मरम्मत कार्य के कारण मकरैना, जोगिंद्रनगर बाजार, ढेलू, गरोडू व आस पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुबह साढ़े नौ बजे से शाम 5 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक बंद रहेगी।

### बगस्याड में दिव्यांगता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** नागरिक अस्पताल बगस्याड में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व जिला रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में संवेदना कार्यक्रम के तहत दिव्यांगता अवलोकन शिविर आयोजित किया गया। जिला रेडक्रास सोसायटी सचिव ओपी भाटिया ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांग जनों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शिविर में लगभग 151 दिव्यांगजनों की जांच की गई तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए पंजीकृत किया गया। जिसमें नेत्र रोग से ग्रसित 46,मनोविज्ञान के 3, शल्य चिकित्सा के 4 हड्डी रोग से ग्रसित 62, ईएनटी के 36 रोगी शामिल थे। इस दौरान शिविर में दिव्यांग जनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए विशेषज्ञों द्वारा व्यक्तियों की जांच की गई तथा सभी पात्र दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र जारी किए गए।

### लोगों को 400 हर्बल पौधे किए वितरित



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एवं अमृता सेवा समिति मंडी के गठन पर सरकाघाट शिव मंदिर में अमृता सेवा समिति मंडी की अध्यक्षा सोमा राणा की अध्यक्षता में करीब 400 हर्बल पौधे वितरित किए। वहीं समिति ने वरिष्ठ नागरिक परिषद भरेडी में विशेष कोच विद्यासागर की अध्यक्षता में करीब 200 पौधे वित्तरित किए। इधर कारगिल विजय दिवस पर टिहरा लोक निर्माण विश्राम गृह में विधायक चंद्रशेखर की अध्यक्षता में तथा वेतन कैप्टन रमेश तपवाल की उपस्थिति में भी करीब ढाई सौ पौधे वितरित किए गए।

# फेक स्टॉक मार्केट ऐप से लाखों की ठगी

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश में ऑनलाइन ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामले में मंडी जिला के सुंदरनगर में स्टॉक मार्केट के माध्यम से बड़ा लाभ कमाने के चक्कर में एक व्यक्ति अपने 9.10 लाख रुपए गंवा बैठा है। इस ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के पैर केवल हिमाचल तक ही नहीं फैले हुए हैं बल्कि देश के विभिन्न राज्यों के लोगों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जोड़ कर धंधा चलाया जा रहा है। इसमें ठगों द्वारा किसी लिंक पर लोगों से क्लिक करवा कर ठगी का शिकार बनाया गया है।

वहीं, शिकायतकर्ता को उसके साथ ठगी होने की भनक लगने पर इसकी शिकायत पुलिस के साइबर सेल के समक्ष दी गई। इसके उपरांत मामले की जांच पुलिस थाना सुंदरनगर द्वारा अमल में लाई जा रही है।

शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया है कि बीते जून माह में स्टॉक मार्केटिंग सिक्योरिटी ऐप आईआईएफएल के माध्यम से उसके साथ 9.10 लाख रुपए की ठगी हुई है। शिकायतकर्ता को ठगों ने ऐप का भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा पंजीकृत होना भी बताया गया।

उसने यह पैसा पांच अलग-अलग बैंक अकाउंट से ट्रांसफर किया है। इस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि युवक के साथ ऑनलाइन माध्यम से 9.10 लाख रुपए की ठगी हुई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिना किसी जानकारी के किसी अकाउंट में पैसा न डालें और अपना ओटीपी किसी के साथ सांझा न करें।( अनंत ज्ञान)




**बिना जानकारी अकाउंट में पैसा न डालें और ओटीपी ने करें साझा**

### जमा पैसे में दिखाया गया झूठा ब्याज और झूठी वृद्धि

**मामले** में शातिरों ने शिकायतकर्ता से ठगी की घटना को अंजाम देने के लिए उसके द्वारा जमा कराए गए पैसों में ब्याज लगने और वृद्धि होने की जानकारी दी गई। इससे शिकायतकर्ता को उसके द्वारा ट्रांसफर किए गए पैसों से उसे हो रहे लाभ का झांसा दिया गया। लेकिन शिकायतकर्ता का माथा तब ठनका जब ठगों द्वारा पैसों की निकासी के समय उससे सिक्योरिटी के तौर पर 5 लाख रुपए जमा कराने की मांग की गई। इस पर शिकायतकर्ता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

### पुलिस ने लेनदेन में उपयोग बैंक खातों को किया फ्रीज

**शिकायतकर्ता** द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित व्यक्ति द्वारा की गई ट्रांजैक्शंस को लेकर विभिन्न खातों को फ्रीज कर दिए हैं।



जानकारी के अनुसार मामले में ऑनलाइन ठगी के माध्यम से ठगी करने वाला गिरोह राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहा है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में पैसों के लेनदेन की जांच पंजाब,उत्तर प्रदेश सहित देश के बाहर दुबई तक पहुंचे हैं। मामले में शिकायतकर्ता द्वारा किसी बैंक खाते में जमा कराए गए पैसों को दुबई में भी निकाला गया है।

### गरीब लोगों के खातों को ठगी का बनाया जा रहा माध्यम

**ऑनलाइन** ठगी के मामलों में हैरान कर देने वाला एक खुलासा हुआ है कि ठगी की घटना को अंजाम देने वाले शातिरों द्वारा गरीब लोगों के नाम पर खोले गए खातों को अब प्रयोग में लाया जा रहा है। इसके अंतर्गत पीड़ित लोगों द्वारा अज्ञात खातों में भेजी गई धनराशि की जांच करने पर पुलिस ने उन खातों के असली खाताधारक गरीब लोग पाए हैं।

इन खाताधारकों के पास कोई भी पैसा नहीं होने के बावजूद भी उनके खातों में कई बड़ी-बड़ी धनराशियों की ट्रांजैक्शंस हुई है। ठगों द्वारा कुछ रूपयों का लालच देकर खाता धारकों के खाते में लाखों की धनराशि मंगवाकर ऑनलाइन ठगी को अंजाम दिया जा रहा है।

# पेयजल के सैंपलों की जांच जारी ईको लैब चंडीगढ़ भेजे जा रहे सैंपल



सैंपल एकत्र करते स्वास्थ्य एवं जल शक्ति विभाग के कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से जोगिंद्रनगर में फैले पीलिया रोग को लेकर जहां स्वास्थ्य विभाग की नींद उड़ी है वहीं पर जल शक्ति विभाग के भी पसीने छूटते नजर आ रहे हैं। प्रतिदिन नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर में जल जनित रोगों की ओपीडी में भी बढ़ोतरी हो रही है वहीं पर टेस्ट के लिए भी लोगों को निजी व सरकारी लबों का सहारा लेना पड़ रहा है। जल संक्रमण को लेकर जल शक्ति विभाग ने शहर के तमाम वाटर कलरों को शील्ड कर दिया है वहीं पर विभाग भी निरंतर सैंपल लिए जा रहे हैं।

आज मेडिकल कॉलेज नेरचौक की टीम ने आकर जोगिंद्रनगर के बस स्टैंड, थाना चौक नैर घरवासड़ा व आरठी आदि जगहों से सैंपल लेकर नेरचौक मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता प्रकाश ने बताया कि सैंपलों की निरंतर जांच की जा रही है ताकि कोई अनहोनी न हो और आज सैंपलों को इकोलैब चंडीगढ़ में भेजा जा रहा है। इस संदर्भ में कई संस्थाओं ने अस्पताल व बस स्टैंड पर मिनरल वाटर वितरण लोगों की सुविधा के लिए किया जा रहा है।

**संस्थाएं अस्पताल और बस स्टैंड पर लोगों को बांट रहीं बोतल बंद पानी**

## सीवरेज का चैंबर बंद होने से घर में घुसा गंदा पानी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी शहर के मंगवाई मोहल्ले में सीवरेज का पानी एक घर के अंदर भर गया। घर के मालिक प्रकाश चंद ने बताया कि उनके टॉयलेट सीट से पूरे मोहल्ले का सीवरेज का गंदा पानी मकान के अंदर भर गया है और कुछ वस्तुएं जो जमीन पर रखी थी वो पूरी तरह से खराब हो गई है।

उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग को कई कंप्लेंट करने पर भी उन्होंने समय पर सुनवाई नहीं कि करीब 7 बार शिकायत करने के बाद शनिवार 11 बजे कार्य किया उसके पहले पानी लगातार घर के अंदर से बाहर निकल रहा था। उन्होंने नगर निगम और जल शक्ति विभाग से आग्रह किया है ऐसी समस्याओं को समय रहते निपटा दिया जाना चाहिए।

जल शक्ति विभाग एसडीओ रोहित गुप्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता की शिकायत उनकी समस्या का निपटारा समय पर विभाग द्वारा कर दिया गया और बरसात से पहले सभी नालियों और सीवरेज नालियों की सही तरीके से सफाई करवाई गई थी साथ ही सीवरेज की नियमित सफाई भी करवाई जाती है।

## परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, मंडी ।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के प्रदेश महामंत्री रूप चंद शर्मा व अषोक पराशर ने बताया की सरकार पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित देय भत्ते के लिए गंभीर नहीं है। रूप चंद शर्मा ने बताया की मांग पत्र 2023 को सरकार को दिया था। उसके एक साल बाद एक स्मरण पत्र भी भेजा गया पर सरकार की तरफ से अभी तक कोई भी पत्र नही मिला और ना ही उनकी कोई मांग को पूरा किया गया। रूप चंद शर्मा ने बताया कि 30 तारिख को मंडी में बस स्टैड़ से भारी मात्रा में सेवानिवृत्त कर्मचारी इक्कठा होकर रोश रैली निकालेगें और प्रदर्शन कर डीसी को ज्ञापन सौंपेंगे।

### माण्डव्य कला मंच ने मनाया रजत जयंती समारोह

## शहीदों को नमन, वीर नारियों को सलाम

**आदर्श यादव, नेरचौक**

प्रदेश की विख्यात सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था माण्डव्य कला मंच, मंडी ने कारगिल विजय दिवस का रजत जयंती समारोह शहीदों को नमन-वीर नारियों को सलाम कार्यक्रम का आयोजन शिव मंदिर कन्सा चौक के प्रांगण में लगे भागवत दरबार में किया।

कारगिल में बल्ह घाटी के स्यांह गांव के शहीद सिपाही टेक सिंह मस्ताना की वीरनारी बीना देवी और सैहल (पैड़ी) के शहीद नायक अशोक की वीरांगना (बेटी) दीपा को माण्डव्य कला मंच के संस्थापक कुलदीप गुलेरिया व पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ, शॉल, टोपी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कुलदीप गुलेरिया ने कहा कि षड्यंत्रकारी पड़ोसी देश की कायरतापूर्ण हरकत से आरंभ हुआ कारगिल युद्ध भारतीय जवाजों की वीर गाथा के साथ ऑपरेशन विजय की अंतिम परिणति तक पहुंचा।

समारोह में शिव मंदिर कमेटी कन्सा चौक के प्रधान प्रवीण कुमार और उनके पदाधिकारी, हिमाचल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हरीश शर्मा ,जिला सचिव रोशन लाल कपूर, रोटरी क्लब नेरचौक के प्रधान अमृतपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



माण्डव्य कला मंच के कलाकार समारोह मनाने के दौरान सामूहिक चित्र में।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने ऑनलाइन आयोजित किया कवि सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अखिल भारतीय साहित्य परिषद हिमाचल प्रदेश की ओर से कारगिल विजय दिवस के मौके पर गूगल मीट के जरिए राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस साहित्यिक उत्सव में राज्य भर से मशहूर रचनाकारों ने रचनाएं प्रस्तुत की।

कवि सम्मेलन में एनसीसी बटालियन सोलन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संजय शांडिल ने मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लिया, जबकि अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद की राज्य अध्यक्ष डॉक्टर रीता सिंह ने की। मंच संचालन योगेश अत्री ने किया। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन अखिल भारतीय साहित्य परिषद की सोलन इकाई द्वारा किया गया, जिसने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से डॉक्टर अनेक राम सांख्यान, उत्तम चन्द शर्मा, रचना चंदेल, हेमराज ठाकुर, सुरेंद्र मिश्रा, मनोहर नायक, युद्धवीर टंडन, श्याम अजनबी आदि कवियों ने कविताओं से समां बांधा।

## हिमाचल पेंशन फेडरेशन ब्लॉक धर्मपुर की मासिक बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



बैठक के दौरान मौजूद गणयमान्य।

हिमाचल पैंशन फेडरेशन ब्लॉक धर्मपुर की मासिक बैठक फेडरेशन के खंड अध्यक्ष रूप लाल ठाकुर की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस टिहरा में आयोजित की गई। इसमें फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि धर्मपुर ब्लॉक को पहले से ही 10 जोनों में विभाजित किया गया है लेकिन जब कभी भी खंड स्तरीय मासिक बैठक होगी तो उसमें निचले धर्मपुर से बैठक स्थल के लिए धर्मपुर सिद्धपुर मढ़ी सजयाओ ऊपरी धर्मपुर से सधोट चोलथरा टिहरा तथा संधोल कोठुआ और मंडप बरोटी जगहों को चुना गया। उपरोक्त जगहों में से किसी एक जगह पर महीने में एक बार खंड स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया जाएगा।

## गौरव ने यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति में हिमाचल का किया प्रतिनिधित्व

**रितेश, सरकाघाट**



सरकाघाट की ग्राम पंचायत थौना गांव पड़ासला के निवासी गौरव शर्मा सुपुत्र इंदर पाल शर्मा ने प्रतिष्ठित यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन की 46वीं विश्व धरोहर समिति में राज्य का प्रतिनिधित्व कर हिमाचल प्रदेश को अत्यधिक गौरव दिलाया है। हाल ही में, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। दुनिया भर के केवल 50 यंग प्रोफेशनल्स युवा पेशेवरों में से एक के रूप में चयनित, गौरव ने यूनेस्को व भारत सरकार द्वारा इस वर्ष आयोजित अत्यधिक प्रतिस्पर्धात्मक यंग प्रोफेशनल फोरम में भाग लिया। हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करते हुए, शर्मा ने पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण पर अपने शोध अभिनव को प्रस्तुत किया। गौरव ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय भव्य कार्यक्रम में हिमाचल के सांस्कृतिक मूल्यों का सुंदर प्रतिनिधित्व किया। (अनंत ज्ञान )

### केंद्रीय विद्यालय मंडी में शिक्षा सप्ताह का आयोजन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** केंद्रीय विद्यालय खलियार मंडी में शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम 22 जुलाई से 28 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के छठे दिन आज दिनांक 27 जुलाई को विद्यालय में इको क्लब के द्वारा फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य दीपा देवी चंद के नेतृत्व में 20 विद्यार्थियों तथा उनकी माताओं ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्ष विद्यालय परिसर में रोपित किए। विद्यार्थियों तथा उनकी माताओं ने पर्यावरण को सुरक्षित तथा हरा भरा रखने का भी प्रण लिया।

## धर्मपुर की बेटी श्वेता बनी सेना में नर्सिंग लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



उपमंडल धर्मपुर की ग्राम पंचायत तनियार के गांव नल्याना की श्वेता का चयन नर्सिंग लेफ्टिनेंट पद हुआ है। वे लखनऊ के कमांड अस्पताल में लेफ्टिनेंट नर्सिंग अधिकारी के रूप में सेवाएं देगीं। श्वेता की जमा दो कक्षा तक की पढाई डीएवी पब्लिक स्कूल में ग्रेयोह में हुई है।

उन्होंने जीडीसी धर्मशाला सीबीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी कर चिकित्सा के क्षेत्र में उनके शानदार करियर की नींव बनी। श्वेता की शादी नौसेना में बतौर लेफ्टिनेंट सेवाए दे रहे विशाल से हुई है, लेकिन शादी ने उनके सपनों को नहीं रोका। राष्ट्र की सेवा में इस गर्वित परंपरा को आगे बढ़ाते हुए श्वेता के पति, विशाल राणा, भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट हैं और वर्तमान में विशाखापट्टनम में सेवा कर रहे हैं।

## छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मोहा दर्शकों का मन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

एनटीपीसी कोल डैम हाइड्रो पावर स्टेशन की आवासीय परिसर में एनटीपीसी के नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत आयोजित चार सप्ताह के बालिका सशक्तिकरण अभियान का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आबिद हुसैन सादिक उपायुक्त बिलासपुर रहे। मुख्य अतिथि ने बालिकाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। समापन कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी कोलडैम के आवासीय परिसर का माहौल मुस्कुराहट और आंसुओं से पूर्ण रहा। समापन समारोह के दौरान बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में योगा, नृत्य, हिमाचली लोक नृत्य नाटी की प्रस्तुति देकर, उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं द्वारा तैयार की गई चित्रकारी का भी प्रदर्शन किया गया जिसका मुख्य अतिथि ने दौरा किया तथा चित्रकारी की प्रशंसा की। इस अवसर पर अभिषेक गर्ग उपमंडलाधिकारी सदर बिलासपुर, एनटीपीसी कोलडैम से परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर, मधुकर अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।



बालिका सशक्तिकरण अभियान के समापन पर सामूहिक चित्र में मुख्यातिथि व अन्य।

**सुरक्षा** | 31 जुलाई तक दो घंटे तक बिंद्रवनी के पास ट्रैफिक रोकने का कार्य शुरू

# मालवाहक वाहनों को करना पड़ा दो घंटे इंतजार

**पुष्पराज, मंडी**

शनिवार से 31 जुलाई तक दो घंटे 11 बजे से 1 बजे तक बिंद्रवनी के पास पंडोह और मनाली जाने वाले यात्रियों के लिए ट्रैफिक रोकने का कार्य शुरू हो गया है, जिसमें मंडी पुलिस द्वारा बिंद्रवनी के समीप बैरिकेट लगाकर ट्रैफिक को ठिक ग्यारह बजे रोक दिया गया।

बता दें की मंडी से पंडोह के बीच में कई एसी जगह पर डेंजर जोन बन गई है जिसके कारण कई हादसे पहले भी पेश आ चुके है लोगों को किसी प्रकार का नुकसान न हो इसलिए ट्रैफिक को दो घंटे के लिए रोक कर एनएचएआई द्वारा जो पहाड़ियों में बड़ी चट्टाने और पत्थर लटके हैं उन्हे निकालने का कार्य किया जा रहा है। बीती बरसात में भारी लैंडस्लाइड हुआ जिसके कारण मंडी से पंडोह मार्ग कई बार प्रभावित हुआ ।

वहीं ट्रैफिक जाम होने के दौरान पुलिस ने इसमें अहम भूमिका निभाई जिसमें कई स्थानों पर पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था और जिन लोगों को कुल्लू या पंडोह की तरफ जाने के लिए जल्दी थी उन्हें वैकल्पिक मार्गों बाया कटौला और बाया चैलचौक से भेजा गया। लेकिन मालवाहक वाहनों और बस आदि को दो घंटे जाम में रूकना पड़ा।



रुके हुए वाहन, जो दो घंटें बाद रवाना हुए।

### छोटे वाहन चालक वैकल्पिक मार्गों का करे इस्तेमाल: एसपी

**एसपी** मंडी साक्षी वर्मा ने पर्यटकों से अपील की है कि यदि कुल्लू-मनाली की तरफ यात्रा करनी है तो मंडी से 11 बजे से पहले और 1 बजे के बाद ही यात्रा करना सुनिश्चित करें या फिर छोटे वाहन वैकल्पिक मार्गों से भी अपने गंतव्य की ओर जा सकते है।

### लोगों की सुरक्षा के लिए डीसी ने लिया था फैसला

**बता** दें कि परियोजना निदेशक, एनएचएआई, मंडी ने उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन को इस बारे में सूचित किया था कि 20 जुलाई को जिले भर में भारी वर्षा के कारण लगातार एनएच 21 में बिंद्रवनी से लेकर पंडोह तक भूस्खलन हो रहा था। लोगों की सुरक्षा के प्रति उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने आदेश जारी करते हुए 27 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक एनएच-21 को बिंदरावणी से पंडोह तक वाहनों की आवाजाही के लिए रोजाना दो घंटे के लिए बंद किया।

## कुशाल ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



मरीजों और तीमारदारों से उनका हाल चाल जानते हुए कुशाल भारद्वाज।

जोगिंद्रनगर में फैले पीलिया रोग के चलते जिला परिषद सदस्य एवं माकपा के नेता कुशाल भारद्वाज ने देर शाम जोगिंद्रनगर अस्पताल का दौरा किया तथा हर मरीज व उनके तीमारदारों से मिलकर उनका हाल जाना तथा उनका हौंसला बढ़ाते हुए उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा भी दिया।

इस दौरान कुशाल भारद्वाज ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं उसकी पूरी जानकारी भी है इसलिए दिन के बजाए देर शाम को अस्पताल का दौरा करना उचित समझा गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन व स्टाफ द्वारा मरीजों के उपचार हेतु लगातार किए जा रहे कार्यों में कोई बाधा नहीं डालना चाहता था और दूसरा हर प्रभावित मरीज व उनके अभिभावकों से व्यक्तिगत बात कर जानकारी लेना चाहते थे। इसलिए लगभग 4 घंटे अस्पताल में रुककर सबसे बातचीत की तथा अपनी तरफ से हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर में डॉक्टरों के कई पद खाली हैं।

कुशाल भारद्वाज ने मांग की कि पीने के पानी के सभी स्त्रोतों का निरंतर सैंपल लेकर टेस्टिंग होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### वामपंथी नेता मकरध्वज को दी श्रद्धांजलि

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी/सुंदरनगर**

सुंदरनगर के पुराना बाजार स्थित नरसिंह देव मंदिर सराय भवन में आयोजित शोक सभा में दिवंगत वामपंथी नेता कामरेड मकरध्वज को श्रद्धांजलि दी गई। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सहित अन्य राजनीतिक दलों तथा जन संगठनों के नेताओं ने कामरेड मकरध्वज की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

बार कौंसिल आफ इंडिया के पूर्व सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता कामरेड देश राज ने समस्त उपस्थित गणमान्यों का अभिनंदन करते हुए कामरेड मकरध्वज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस मौके पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव कामरेड भाग सिंह चौधरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जबकि किसान नेता पूर्व विधायक कामरेड के के कौशल, हरदेव सिंह अन्य मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव 2024



## की समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

### आभार



अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव 2024 के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचार पत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करते हैं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।



ओपी शर्मा
वरिष्ठ संवाददाता, चंबा
मो. 9318134100


मुकेश कुमार
वरिष्ठ संवाददाता
डलहौजी जिला चंबा
मो. 8894656560

अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव की समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## Guru Nanak Public School Dalhousie

Aff to CBSE Boarding cum Day Boarding School

"In competition with none but itself to be the best always"






अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव की समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डीएस ठाकुर
विधायक
विधानसभा क्षेत्र डलहौजी
चंबा (हिमाचल प्रदेश)



अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव की समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

नीरज नैय्यर
विधायक
विधानसभा क्षेत्र चंबा सदर
हिमाचल प्रदेश



अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव की समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश आमंत्रण




*मुख्य विशेषताएँ:*

- अनुभवी और समर्पित शिक्षण स्टाफ
- सर्वांगीण विकास के लिए समृद्ध पाठ्यक्रम
- नैतिक और सांस्कृतिक शिक्षा पर जोर
- सुरक्षित और प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण

*प्रिय नगर निवासीगण,*

यदि आप अपने बच्चों को उत्कृष्ट और उच्च मानदंड वाली कॉन्वेंट शिक्षा प्रदान करना चाहते हैं, तो सेक्रेट हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन करें। हमारे विद्यालय में धार्मिक सिस्टर्स आपके बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों की भी शिक्षा देती हैं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है।

इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने के लिए आज ही संपर्क करें
mob. 7650087852 email. www.shsdalhousie.org
और अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव रखें।

## DALHOUSIE PUBLIC SCHOOL

DALHOUSIE (CHAMBA)

अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव की समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



Dr. (Capt.) G.S. Dhillon
Chairman & Director





## न्यूज ब्रीफ

### जेटकिंग चंडीगढ़ को ऑल ओवर इंडिया में पहला रैंक




**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** जेटकिंग चंडीगढ़ को ऑल ओवर इंडिया में पहला स्थान प्राप्त हुआ जिसमें 50,000 रुपए का नकद पुरस्कार मिला। यह पुरस्कार जेटकिंग को इस साल के वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम में हंड्रेड परसेंट प्लेसमेंट के ऊपर मिला, जिसमें से 4225 बच्चों को अलग-अलग कंपनियों में जैसे टेक महिंद्रा टेक पो लर के अन्य बड़ी नामी कंपनी में जॉब मिली जेटकिंग के यहां पर प्रोग्रामिंग कोर्स 6 महीने का और 1 साल का होता है, जिसकी पूरे दिन में क्लास 2 घंटे की लगती है पूरा अनुभवी स्टाफ है। जेटकिंग अपने आप में 1993 से चंडीगढ़ में खुला था आज तक रैंकिंग में नंबर वन रहा है जेटकिंग के सेंटर मैनेजर प्रमोद यादव ने बताया कि इस साल उन्होंने सभी बच्चों को प्लेसमेंट दिया है और इसके उपलक्ष्य में उनको यह पुरस्कार मिला पुरस्कार उनको मुंबई के जेटकिंग के डायरेक्टर द्वारा दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब प्रांत में 38 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने पंजाब प्रांत में 38 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है जिनमें से अधिकतर इस्लामिक स्टेट (आईएस) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े हैं। पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने एक बयान में कहा कि उसने पिछले सप्ताह पंजाब में 2,500 से अधिक तलाशी अभियान चलाए और लोधरान, रहीम यार खान तथा बहावलपुर से 38 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। इसमें कहा गया कि आईएस और टीटीपी के कुछ मुख्य आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें फहीम, वहीद, सऊद, ताहिर, सुभान, शाहिद, उमर अयाज और रहमान गुल शामिल हैं। प्रतिबंधित आतंकवादी समूह टीटीपी पूरे पाकिस्तान में शरिया कानून लागू कराना चाहता है। सीटीडी ने बताया कि आतंकवादियों के पास से विस्फोटक सामग्री, एक हथगोला, 29 डेटोनेटर, 50 फुट फ्यूज वायर, हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं।

### आईफोन की कीमतों में 6,000 तक की कटौती

**नई दिल्ली।** बजट में मोबाइल फोन पर आयात शुल्क कम करने की घोषणा के बाद दिग्गज स्मार्टफोन विनिर्माता एप्पल ने भारत में आईफोन की कीमतें 6,000 रुपये तक घटा दी हैं। एप्पल की तरफ से जारी नवीनतम कीमत सूची के मुताबिक, आयातित आईफोन प्रो मॉडलों की कीमत में 5,100-6,000 रुपए की कटौती कर दी गई है। एप्पल पहले आईफोन 15 प्रो को 1,34,900 रुपए और आईफोन 15 प्रो मैक्स मॉडल को 1,59,900 रुपये की शुरुआती कीमत पर बेच रही थी।

### किराये पर हेलिकॉप्टर लेगी राजस्थान सरकार

**जयपुर।** राजस्थान सरकार वीआईपी उड़ानों के लिए एक निजी कंपनी से लीज या किराये पर हेलिकॉप्टर लेगी और इस योजना पर हर साल लगभग 23.79 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। विधानसभा में कांग्रेस विधायक शिखा मील बराला द्वारा पूछे गए एक अतारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्य सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकार ने बताया कि वर्तमान में उसके पास कोई हवाई जहाज या हेलिकॉप्टर नहीं है। सरकार के अनुसार, उसने पांच जून 2024 को रेडबर्ड एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड से हेलिकॉप्टर को लीज या किराये पर लेने का अनुबंध किया तथा इस पर प्रतिवर्ष 23.79 करोड़ रुपए की राशि व्यय होना अनुमानित है।



### म्यांमार के पीएम व डोभाल ने सीमा क्षेत्र में शांति को लेकर की चर्चा

**नेपीता।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने म्यांमार के प्रधानमंत्री सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की और सीमा क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाने के उपायों पर चर्चा की। डोभाल म्यांमा में 'बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल' (बिम्सटेक) के सदस्य देशों के सुरक्षा प्रमुखों की चौथी वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। 'स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन काउंसिल' के अध्यक्ष ह्लाइंग ने शुक्रवार को डोभाल का अपने कार्यालय में स्वागत किया। बैठक में ह्लाइंग और डोभाल ने भारत और म्यांमा के बीच मैत्री संबंधों व सहयोग, म्यांमा की राजनीतिक प्रगति, स्वतंत्र व निष्पक्ष लोकतांत्रिक आम चुनाव कराने की तैयारियों और सीमा क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए उपायों पर विचार साझा किए।



### ऋण पर संशय जारी रहने से पाकिस्तान बेचैन

**इस्लामाबाद/कराची।** महत्वाकांक्षी चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे से जुड़े बकाया ऋणों को पुनर्निर्धारित करने के लिए पाकिस्तान के दो मंत्री बीजिंग में डेरा डाले हुए हैं। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के वित्त और राजस्व मंत्री मुहम्मद औरंगजेब और ऊर्जा (बिजली प्रभाग) मंत्री सरदार अवैस अहमद खान लघारी पिछले तीन दिनों से बीजिंग में हैं। शनिवार को यहां मीडिया खबरों में यह जानकारी दी गई। दोनों मंत्री एक के बाद एक प्राधिकरण और एजेंसी से मिल रहे हैं, जिनमें पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) के गवर्नर पान गोंगशेंग और नेशनल एसोसिएशन ऑफ फाइनेंशियल मार्केट इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनएएफएमआईआई) के उप महासचिव काओ युआनयुआन शामिल हैं। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया कि चिंता यह है कि चीन शुरू में इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार नहीं था, जो ऊर्जा ऋण से संबंधित वार्ता पर पाकिस्तान के साथ उनकी असहमति का संकेत है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने कहा कि पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से चीन से अपने ऋणों को पुनर्निर्धारित करने का अनुरोध किया। इसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) बिजली परियोजनाओं के लिए बकाया राशि पिछले वित्त वर्ष के अंत तक 44 प्रतिशत बढ़कर 401 अरब पाकिस्तानी रुपए हो गई।

### गगनयान मिशन से पहले अंतरिक्ष जाएगा भारतीय गगनयात्री

**नई दिल्ली।** भारत के गगनयान मिशन की तैयारियां जोरों पर हैं। अब केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया है कि गगनयान मिशन के चार गगनयात्रियों में से एक गगनयात्री को अगस्त में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) भेजा जाएगा। भारत के गगनयात्री को भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा साथ मिलकर अगस्त में आईएसएस भेजेंगे। वीरवार को टीएमसी सांसद सौगत राय ने संसद में एक सवाल किया था, जिसमें उन्होंने लोकसभा में गगनयान मिशन के बारे में जानकारी मांगी थी। इस सवाल के जवाब में केंद्रीय विज्ञान और तकनीक राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने बताया कि गगनयान मिशन के क्रू के एक सदस्य को इसरो और नासा के बीच एक साझा अभ्यास के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र भेजा जाएगा।



### सरकार चीनी का एमएसपी बढ़ाने पर करेगी फैसला

**मुंबई।** केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने शनिवार को कहा कि सरकार अगले कुछ दिनों में चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी पर फैसला ले सकती है। ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन (एआईएसटीए) के एक सम्मेलन में उन्होंने कहा कि हम एमएसपी प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे हैं। आने वाले दिनों में उम्मीद करते हैं कि हम कोई फैसला लेंगे।गन्ना किसानों को दिए जाने वाले उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में वार्षिक बढ़ोतरी के बावजूद, चीनी का एमएसपी 2019 से 31 रुपए प्रति किलोग्राम पर बना हुआ है। नेशनल फेडरेशन ऑफ को-ऑपरेटिव शुगर फैक्टरीज सहित उद्योग निकायों ने सरकार से एमएसपी को कम से कम 42 रुपए प्रति किलोग्राम तक बढ़ाने का आग्रह किया है।



# जयशंकर ने संघर्ष समाप्त करने के लिए संवाद, कूटनीति पर जोर दिया

**एजेंसी, वियनतियाने (लाओस)**

भारत ने युद्धग्रस्त गाजा में तनाव कम करने और संयम बरतने का आह्वान करने के साथ यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने के लिए बातचीत और कूटनीति के महत्व पर शनिवार को जोर दिया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) की बैठकों के तहत लाओस की राजधानी में 14वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए गाजा और यूक्रेन संघर्षों पर भारत के रुख पर प्रकाश डाला।

जयशंकर ने ईएएस प्रक्रिया, भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति के एक दशक और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति एवं स्थिरता के लिए खुले समुद्री मार्ग के महत्व को रेखांकित करने के साथ दुनिया के दो सबसे गंभीर संघर्षों इजराइल-फलस्तीन और यूक्रेन-रूस के मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने अपने संबोधन के बाद 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''गाजा में तनाव कम करने और संयम बरतने का आह्वान किया।



भारत फलस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता देना जारी रखे हुए है। लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले चिंताजनक हैं। भारत समुद्री नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में स्वतंत्र रूप से योगदान दे रहा है।''

भारत ने 15 जुलाई को फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को उसके मुख्य कार्यक्रमों और सेवाओं में सहयोग के लिए 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया। यह भारत द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले कुल 50 लाख अमेरिकी डॉलर की पहली किस्त थी।

कई मंचों पर भारत ने गाजा के लिए द्वि-राष्ट्र समाधान का समर्थन और मानवीय आधार पर गाजा में तनाव कम करने एवं संयम बरतने का आह्वान किया है।

यूक्रेन में संघर्ष पर विदेश मंत्री ने बातचीत और कूटनीति के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। भारत हरसंभव तरीके से योगदान देने के लिए तैयार है।'' जून में मोदी ने इटली में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की से मुलाकात की थी। बाद में प्रधानमंत्री ने रूस की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान मॉस्को में राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा, ''ईएएस हमें ऐसे समय में साथ लाने में महत्वपूर्ण है जब मतभेद तीखे हैं और हित विविध हैं। भारत हमेशा ईएएस प्रक्रिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहेगा।''

### जयशंकर ने तुर्किये के विदेश मंत्री से की मुलाकात

**वियनतियाने।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को तुर्किये के अपने समकक्ष हकन फिदान से मुलाकात की। इस दौरान, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) की बैठकों में शामिल होने के लिए लाओस पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक की राजधानी में हैं। दोनों नेताओं ने आसियान की बैठकों के इतर मुलाकात की। जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''वियनतियाने में आसियान की बैठकों के इतर तुर्किये के विदेश मंत्री हकन फिदान के साथ मुलाकात की। हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।'' जयशंकर ने शुक्रवार को रूस, यूरोपीय संघ, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, लाओस, ब्रूनेई और न्यूजीलैंड के नेताओं से मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न आयामों पर चर्चा की।

### शिष्टाचार भेंट



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की।

## हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता फैलाना,समय की मांग : डॉ. साहनी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हेपेटाइटिस, जिसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है, से निपटने के लिए स्क्रीनिंग और शीघ्र पता लगाना ही एकमात्र तरीका है। यह बीमारी बिना किसी लक्षण के क्रोनिक लिवर डैमेज का कारण बन सकती है, जब तक कि यह लिवर कैंसर या लिवर सिरोसिस के रूप में घातक बीमारी के चरण तक नहीं पहुंच जाती।

हेपेटाइटिस और इससे जुड़ी जटिलताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। विश्व हेपेटाइटिस दिवस-2024 का थीम है 'इट्स टाइम फ़ॉर एक्शन'। विश्व हेपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में एक जानकारीपूर्ण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता फोर्टिस अस्पताल, मोहाली के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और हेपेटोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. अरविंद साहनी ने की।



डॉ. साहनी ने कहा, 'मानसून के मौसम में हेपेटाइटिस ए और ई के मामले काफी आम हैं और ये दूषित पानी और भोजन से फैलते हैं। दोनों वायरस मल-मौखिक मार्ग से फैलते हैं, जो तब होता है जब कोई असंक्रमित व्यक्ति संक्रमित व्यक्ति के मल से दूषित पानी या भोजन का सेवन करता है। दूसरी ओर, हेपेटाइटिस बी और सी रक्त-जनित(ब्लड बोर्न) वायरस हैं जो दूषित रक्त, रक्त उत्पादों, दूषित सुइयों, सीरिंज आदि के माध्यम से फैलते हैं।' (अनंत ज्ञान)

## हिमकेयर बंदी कांग्रेस का एक और तुगलकी फरमान : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश के प्राइवेट अस्पतालों में हिमकेयर कार्ड को बंद करने के निर्णय पर निराशा प्रकट करते हुए इसे जनहित के खिलाफ कांग्रेस का एक और तुगलकी फरमान बताया है।



अनुराग ठाकुर ने कहा, 'कांग्रेस की मौजूदा सरकार हिमाचल के इतिहास की सबसे क्रप्ट, कन्फ्यूज और कामचोर सरकार साबित हुई है। 19 महीने की इस सरकार की अपनी तो कोई उपलब्धि है ही नहीं, साथ ही भाजपा के अच्छे कामों पर तालाबंदी कर कांग्रेस जनता के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है।

साल 2019 में भाजपा ने अपने कार्यकाल में हिमाचल में आयुष्मान भारत योजना से छूट गए लोगों को कैशलेस इलाज देने के लिए हिमकेयर योजना को शुरू किया था, मगर हिमाचल प्रदेश में जनता का सहारा बनी हिमकेयर योजना को कांग्रेस सरकार ने निजी अस्पतालों के लिए बंद करने का तुगलकी फैसला लिया है।

## धामी ने बचाव कार्य प्रभावी तरीके से चलाए जाने के निर्देश दिए

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी गढ़वाल के भिलंगना विकासखंड के बाल गंगा एवं बूढ़ा केदार में हुई भारी बारिश और भूस्खलन से हुई क्षति पर गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे एवं जिला अधिकारी टिहरी गढ़वाल मयूर दीक्षित को राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी तरीके से चलाए जाने के निर्देश दिए है।

मुख्यमंत्री ने घटना के प्रति दुख व्यक्त करते हुए टिहरी के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को घटना स्थल पर जाकर राहत एवं बचाव कार्य की समीक्षा करने को कहा है।


मुख्यमंत्री ने टिहरी जिला प्रशासन को प्रभावित क्षेत्र के संवेदनशील गांवों को तत्काल चिन्हित कर प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि स्थानीय निवासियों के साथ ही मवेशियों एवं अन्य पालतू पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि राहत कैंप में बिजली, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया टिहरी गढ़वाल के भिलंगना विकास खंड के बालगंगा क्षेत्र में रात को भारी बारिश और भूस्खलन से तोली गांव में एक मकान में मलवे से दो महिलाएं दबने की सूचना प्राप्त हुई थी। (अनंत ज्ञान)

## संयुक्त राष्ट्र में मोरारी बापू करेंगे रामकथा

**एजेंसी, वाशिंगटन**

आध्यात्मिक नेता मोरारी बापू रामचरितमानस की प्रासंगिकता का प्रसार करने के लिए न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पहली बार रामकथा करेंगे। पिछले 65 वर्षों से अधिक समय से रामकथा का पाठ कर रहे मोरारी बापू ने कहा कि रामचरितमानस धार्मिक एवं सांस्कृतिक सीमाओं से परे एक वैश्विक संदेश देता है। उन्होंने कहा, ''यह सत्य, प्रेम और करुणा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों की बात करता है जिनकी आज की दुनिया में जरूरत है।''



नौ दिवसीय पाठ की शुरुआत की पूर्व संध्या पर उन्होंने कहा, ''संयुक्त राष्ट्र में रामकथा का आयोजन एक दैवीय कृपा है और यह वैश्विक सद्भाव की दिशा में एक कदम है।'' यह पहली बार है जब न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में रामकथा का आयोजन होगा।

## पीएम मोदी की कीव यात्रा की संभावना तलाश रहे भारत-यूक्रेन

**नई दिल्ली।** यूक्रेन में शांति कायम करने के नए वैश्विक प्रयासों के बीच भारत और पूर्वी यूरोपीय देश अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र की कीव यात्रा की संभावना तलाश रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि मोदी 24 अगस्त को यूक्रेन के राष्ट्रीय दिवस के आसपास कीव की यात्रा कर सकते हैं और उनके यूक्रेन से पोलैंड जाने की भी संभावना है। प्रधानमंत्री ने इटली के अपुलिया में जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर पिछले महीने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की थी। अगर मोदी पोलैंड जाते हैं, तो यह चार दशक से अधिक समय बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पोलैंड की पहली यात्रा होगी।

# 'भ्रष्टाचार का सरगना' कहे जाने पर भड़के शरद पवार

**एजेंसी, मुंबई**

एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर उनके बयान को लेकर पलटवार किया है। दरअसल अमित शाह ने बीते दिनों अपने एक बयान में शरद पवार को राजनीति में भ्रष्टाचार का सरगना करार दिया था। अब शरद पवार ने अमित शाह पर पलटवार किया है। शरद पवार ने कहा कि यह हैरानी की बात है कि एक व्यक्ति जिसे सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुजरात से बाहर किया गया था, वो देश का इतना अहम मंत्रालय संभाल रहा है।



शरद पवार ने कहा कि कुछ दिन पहले गृह मंत्री अमित शाह ने मेरे खिलाफ बयान दिया था और कुछ बातें कही थीं। उन्होंने कहा था कि शरद पवार देश के भ्रष्ट लोगों के कमांडर हैं। हैरानी है कि एक ऐसा व्यक्ति देश का गृह मंत्री है, जिसे कानून के गलत इस्तेमाल के चलते सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात से बाहर कर दिया था।

## पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल का पुत्र गिरफ्तार

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिला मुख्यालय की कोतवाली पुलिस ने व्यापारी नेता एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य बनवारी लाल कंछल के बेटे अमित कंछल को गबन के एक मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अमित कंछल को उनके निवास स्थान शास्त्री नगर घर के पास से शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अमित व उनके छह अन्य साथियों पर भारतीय दंड संहिता की धोखाधड़ी, दस्तावेजों में हेराफेरी, आपराधिक धमकी और शांति भंग के इरादे से जान-बूझकर अपमान करना आदि की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।



## देश में तैयार की जा रही करीब 151 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता : जोशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि देश में करीब 151 गीगावाट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। उन्होंने कहा कि अगले तीन-चार साल में करीब 76.42 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता चालू हो जाएगी।



जोशी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में 'मेरकॉम इंडिया रिन्यूएबल्स समिट 2024' के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार नवीकरणीय ऊर्जा को प्राथमिकता देने के लिए कई पहल कर रही है। करीब 151 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं लागू की जा रही हैं और 76.42 गीगावाट तीन-चार साल में चालू हो जाएंगी। मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है।

## ओडिशा से बीएसएफ की दो बटालियन भेजीं जम्मू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सरकार ने ओडिशा से 2,000 से अधिक कर्मियों वाली सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की दो बटालियन को भारत-पाकिस्तान सीमा पर आतंकवाद प्रभावित जम्मू क्षेत्र में तैनात करने का आदेश दिया है, ताकि वहां सुरक्षा बढ़ाई जा सके। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।



सूत्रों ने बताया कि जम्मू क्षेत्र में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर दोनों इकाइयों को नक्सल विरोधी अभियान ग्रिड से तत्काल जम्मू स्थानांतरित करने का फैसला लिया गया। सुरक्षा प्रतिष्ठान के अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ की इन दोनों इकाइयों को जम्मू क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पहले से अग्रिम पंक्ति पर तैनात इसकी इकाइयों के पीछे रक्षा की ''दूसरी पंक्ति'' के रूप में तैनात किया जाएगा, ताकि सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ और अंदरुनी इलाकों में इन तत्वों द्वारा किए जाने वाले हमलों को रोका जा सके। सूत्रों ने बताया कि इन दोनों इकाइयों के जवानों को सांबा और जम्मू-पंजाब सीमा के पास तैनात किया जाएगा।

### हैरिस अमेरिकी इतिहास में सबसे खराब उदारवादी राष्ट्रपति होंगी : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी की दावेदारी की दौड़ में शामिल कमला हैरिस पर हमला करते हुए कहा कि अगर वह निर्वाचित हुईं, तो ''अमेरिका के इतिहास में सबसे खराब उदारवादी राष्ट्रपति साबित होंगी।'' निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन के राष्ट्रपति पद की दौड़ से पीछे हटने के बाद अब उपराष्ट्रपति हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित प्रत्याशी हैं।



## इसराइल ने गाजा में 'मानवीय क्षेत्र' घोषित किए गए हिस्से को खाली करने का आदेश दिया

**खान यूनिस (गाजा पट्टी)**

इसराइल की सेना ने शनिवार को गाजा के उस भीड़भाड़ वाले हिस्से को खाली करने का आदेश दिया जिसे मानवीय क्षेत्र घोषित किया गया है। सेना ने कहा कि वह खान यूनिस में हमास आतंकवादियों के खिलाफ अभियान की योजना बना रही है, जिसमें मुवासी के कुछ हिस्से भी शामिल हैं।मुवासी एक अस्थायी तम्बू शिविर है जहां हजारों लोग शरण मांग रहे हैं।

यह आदेश उस रॉकेट हमले के जवाब में आया है जिसके बारे में इजराइल का कहना है कि यह हमला इसी इलाके से हुआ है।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने नासेर अस्पताल के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि सोमवार को इस आदेश के बाद खान यूनिस के आसपास कई इजराइली हवाई हमले हुए, जिसमें कम से कम 70 लोग मारे गए।



क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में युद्ध में 39,100 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, हालांकि मंत्रालय अपनी गणना में लड़ाकों और नागरिकों के बीच अंतर नहीं करता है।

युद्ध की शुरुआत सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमास के आतंकवादियों के हमले से हुई थी जिसमें 1,200 लोग मारे गए थे, जिनमें से ज्यादातर नागरिक थे।

### गाजा में हवाई हमले में 30 लोगों की मौत

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)।** इसराइली हवाई हमलों में शनिवार को मध्य गाजा में एक स्कूल और एक अस्पताल को निशाना बनाया गया। हमलों में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई। ये हमले ऐसे समय में हुए, जब फलस्तीन के वार्ताकार प्रस्तावित संघर्षविराम पर चर्चा के लिए अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों से मिलने की तैयारी कर रहे थे।

इसराइली हमले में दीर अल-बलाह में एक स्कूल में शरण लिए हुए कम से कम 30 लोग घायल हो गए। घायलों को अल अक्सा अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

**हादसा** कंटेनर से लदी ट्रेन के आगे बढ़ने के दौरान हुई दुर्घटना

## बोईसर स्टेशन के यार्ड में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पश्चिमी रेलवे के बोईसर स्टेशन के यार्ड में शनिवार सुबह एक मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि, इस घटना से रेल यातायात पर कोई असर नहीं पड़ा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंटेनर से भरी ट्रेन के पांच डिब्बे सुबह 6.45 बजे पटरी से उतर गए।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने कहा कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। चूंकि, यह यार्ड के अंदर हुआ, इसलिए उपनगरीय या लंबी दूरी की ट्रेन की आवाजाही पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। कंटेनर से लदी ट्रेन के आगे बढ़ने के दौरान यह दुर्घटना हुई।



उन्होंने कहा कि डिब्बों को फिर से पटरी पर लाने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल में 10 दिनों से भी कम समय में यह दूसरी दुर्घटना है। इससे पहले, 19 जुलाई को गुजरात के वलसाड के पास डुंगरी स्टेशन पर एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई थी।

# भाकर एयर पिस्टल के फाइनल में

## 10 मीटर महिला एयर पिस्टल स्पर्धा का फाइनल रविवार को खेला जाएगा

**एजेंसी, पेरिस**




आत्मविश्वास से भरी मनु भाकर ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां ओलंपिक खेलों में भारत के अन्य निशानेबाजों की खराब शुरुआत को पीछे छोड़कर 10 मीटर महिला एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश किया। इसका फाइनल रविवार को खेला जाएगा।

बाइस साल की भाकर ने क्वालीफिकेशन में 580 का स्कोर करके तीसरा स्थान हासिल किया, जिसमें हंगरी की निशानेबाज वेरोनिका मेजर ने 582 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रही।

इस स्पर्धा में चुनौती पेश कर रही रिदम सांगवान 573 के स्कोर के साथ 15वें स्थान पर रहीं। भाकर अपने शानदार प्रदर्शन से तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक की निराशा को पीछे छोड़ने में सफल रही। तोक्यो में पिस्टल में खराबी के कारण उनका अभियान आगे नहीं बढ़ पाया था, जिससे वह भावुक हो गई थी। हरियाणा की यह निशानेबाज शुरुआती दो सीरीज में 97-97 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर थी। इस दौरान रिदम 26वें स्थान पर खिसक गई। भाकर तीसरी सीरीज में 98 के स्कोर के साथ शीर्ष-2 में पहुंच गई। उन्होंने पांचवीं सीरीज में एक आठ अंक का निशाना लगाया लेकिन वह इसके बाद सटीक निशाने से वापसी करने में सफल रही और तीसरे स्थान पर रही

## भारत 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित स्पर्धा और पुरुष पिस्टल के क्वालीफिकेशन में बाहर


सरबजोत सिंह

एयर राइफल मिश्रित टीमें की ओलंपिक खेलों में शनिवार को यहां निराशाजनक शुरुआत के बाद सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा ने टुकड़ो में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह नहीं बना सके।

सरबजोत क्वाालिफिकेशन में 577 के कुल स्कोर के साथ 9वें स्थान पर रहे जबकि अर्जुन 574 के स्कोर के साथ 18वें स्थान पर रहे। आठवें स्थान के साथ फाइनल में जगह बनाने वाले जर्मनी के रॉबिन वाल्टर का स्कोर भी 577 था, लेकिन उन्होंने सरबजोत के 16 के मुकाबले 17 सटीक निशाने लगाए थे। सरबजोत चौथी सीरीज में परफेक्ट 100 का स्कोर करने के बाद शीर्ष-3 में पहुंच गए थे, लेकिन 22 साल का यह निशानेबाज लय बरकरार रखने में नाकाम रहा और मामूली अंतर से फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। चीमा भी एक समय चौथे स्थान पर पहुंच गए थे, लेकिन वह भी इस लय का बरकरार नहीं रख सके।

इससे पहले भारतीय निशानेबाज 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन चरण में बाहर हो गए। भारत की दो जोड़ियां इस स्पर्धा में भाग ले रही थी। रमिता जिंदल और अर्जुन बाबूता 628.7 के कुल स्कोर के साथ छठे, जबकि इलावेनिल वलारिवन और संदीप सिंह 626.3 के कुल स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे। रमिता और अर्जुन की जोड़ी ने एक समय उम्मीद बनाई थी। यह भारतीय जोड़ी तीन शॉट शेष रहते पांचवें स्थान पर थी, लेकिन आखिर में पदक राउंड के कट ऑफ से 1.0 अंक पीछे रह गई।

# ओलंपिक पदक का इंतजार खत्म करने उतरेंगे भारतीय 'तीरंदाज'

**एजेंसी, पेरिस**


अंकिता भकत

रैंकिंग राउंड में अभी तक के अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन से उत्साहित भारतीय तीरंदाज रविवार को महिला फाइनल से शुरू होने वाले पदक राउंड में अपनी लय बरकरार रखकर ओलंपिक खेलों में पदक जीतने का 36 साल का इंतजार खत्म करने की कोशिश करेंगे।

भारतीय तीरंदाजी समुदाय धीरज बोम्मादेवरा (चौथी वरीयता प्राप्त) और अंकिता भकत (11वीं) के क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन के बाद लेस इनवैलिड्स एरिना से पदकों की उम्मीद कर सकता है।

भारत ने महिला और पुरुष दोनों वर्ग की टीम स्पर्धा में सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया तथा उन्हें पहले ओलंपिक पदक का सपना पूरा करने के लिए केवल दो जीत की दरकार है। भारत ने तीरंदाजी में 1988 में ओलंपिक में पदार्पण किया था, लेकिन अभी तक उसके तीरंदाज क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रहे हैं।

भारतीय खिलाड़ियों को ओलंपिक में अभी तक दक्षिण कोरिया से हार का सामना करना पड़ता रहा है। इस बार पुरुष टीम फाइनल से पहले कोरिया से नहीं भिड़ेगी, लेकिन महिला टीम का सेमीफाइनल में उनसे मुकाबला हो सकता है।

महिला टीम रविवार को होने वाले क्वार्टर फाइनल में फ्रांस और नीदरलैंड के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेगी।

सभी की निगाहें अंकिता भकत, भजन कौर और दीपिका कुमारी पर टिकी रहेंगी।

जहां तक पुरुष टीम की बात है तो धीरज शानदार फॉर्म में चल रहे हैं जबकि तरुण दीप राय और प्रवीण जाधव भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में पहली बार भारतीय पुरुष टीम पदक की मजबूत दावेदार लगती है। पुरुष वर्ग का फाइनल सोमवार को होगा।

## पेरिस ब्रीफ

### चीन ने ओलंपिक में पहला स्वर्ण पदक जीता



**पेरिस।** यूटिंग हुआंग और लिहाओ शेंग की चीन की जोड़ी ने शनिवार को यहां निशानेबाजी की मिश्रित टीम एयर राइफल स्पर्धा जीतकर पेरिस ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक जीता। यूटिंग और लिहाओ की जोड़ी ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में जिहयिओन केयुम और हाजुन पार्क की दक्षिण कोरिया की जोड़ी को 16-12 से हराया। जिहयिओन और हाजुन की जोड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस स्पर्धा का कांस्य पदक एलेक्सांद्रा ली और इस्लाम सतपायेव की कजाखस्तान की जोड़ी के नाम रहा, जिन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में ऐना यानसेन और मैक्सिमिलियन उल्ब्रिच की जर्मनी की जोड़ी को 17-5 से शिकस्त दी।

### पेरिस ओलंपिक आयोजकों ने मांगी माफी

**पेरिस।** ओलंपिक खेलों के आयोजकों ने कहा कि वे पेरिस में उद्घाटन समारोह के दौरान दक्षिण कोरिया के खिलाड़ियों को उत्तर कोरिया के रूप में पेश करने के लिए 'तहे दिल से माफी' मांगते हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान शुक्रवार शाम जैसे ही दक्षिण कोरिया के दल ने सीन नदी में तैरती एक नाव पर अपने देश का झंडा लहराया, तो उन्हें फ्रेंच और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में 'डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (उत्तर कोरिया)' घोषित किया गया। दक्षिण कोरिया को कोरिया गणराज्य के तौर पर जाना जाता है।

### बारिश के कारण स्केटबोर्डिंग की स्पर्धाएं स्थगित

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के शुरू होने के बाद बारिश सबसे बड़ा चर्चा का विषय बन गई है, जिसके कारण शनिवार को यहां स्केटबोर्डिंग की स्पर्धाएं स्थगित करनी पड़ी। स्केटबोर्डिंग की स्पर्धाएं पेरिस के बाहरी क्षेत्र ला कॉनकॉर्ड अर्बन पार्क में होंगी। इस खेल की विश्व संस्था ने बताया कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण शनिवार को होने वाली स्पर्धाओं को स्थगित करना पड़ा। पुरुषों की स्ट्रीट स्केटबोर्डिंग शनिवार को आयोजित की जानी थी, लेकिन अब इसे सोमवार तक स्थगित कर दिया गया है। महिलाओं की स्पर्धा रविवार को होगी। पेरिस में लगातार हो रही बारिश के कारण शुक्रवार को उद्घाटन समारोह भी प्रभावित हुआ था।

### पेरिस ओलंपिक में डोपिंग का पहला मामला

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में डोपिंग के पहले मामले में इराक के एक पुरुष जूडोका को दो प्रतिबंधित पदार्थ (एनाबॉलिक स्टेरॉयड) के इस्तेमाल के लिए पॉजिटिव पाया गया है। अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसी (आईटीए) ने शुक्रवार को बताया कि 28 साल के सज्जाद सेहेन के नमूने की जांच में प्रतिबंधित पदार्थ मेटांडिएनोन और बोल्डनोन पॉजिटिव पाया गया है। इस 28 साल के खिलाड़ी को मंगलवार को प्रतिस्पर्धा करनी थी। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के लिए डोपिंग रोधी कार्यक्रम की देखरेख करने वाले आईटीए ने कहा कि इस खिलाड़ी के खिलाफ अनुशासनात्मक शुरू कर अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। एजेंसी ने कहा, "इसका मतलब है कि एथलीट को ओलंपिक खेलों के दौरान प्रतिस्पर्धा, प्रशिक्षण, कोचिंग या किसी भी गतिविधि में भाग लेने से रोका जाता है।" सेहेन को पुरुषों के 81 किलोग्राम वर्ग में मंगलवार से शुरू होने वाले अंतिम 32 दौर में उज्बेकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करनी थी।

# भारत का चुनौतीपूर्ण स्कोर

**एजेंसी, पालेकल्ल**




टीम इंडिया ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले टी-20 में पहले बल्लेबाजी करते हुए तेज शुरुआत की। भारत ने 17 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन बना लिए थे।

भारतीय टीम ने 6 ओवर में एक विकेट पर 74 रन बनाए। शुभमन गिल 34 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें दिलशान मदुशंका ने अविष्का फर्नांडो के हाथों कैच कराया। पावरप्ले के बाद 7वें ओवर की पहली गेंद पर भारतीय टीम ने दूसरा विकेट भी गंवाया। यहां यशस्वी जायसवाल 40 रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें महीश तीक्षणा ने मेंडिस के हाथों कैच कराया। 9वें ओवर में भारतीय टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार किया। हसरंगा के ओवर की चौथी गेंद पर सूर्याकुमार ने एक रन लेकर टीम के लिए 100वां रन बनाया। 13वें ओवर में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 22 गेंद पर फिफ्टी बनाई। यह टी-20 में सूर्यकुमार यादव का 20वां अर्धशतक है। 8वें ओवर में कप्तान सूर्यकुमार यादव को जीवनदान मिला।

12वें ओवर में सूर्यकुमार यादव ने ऋषभ पंत के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। उन्होंने ओवर की दूसरी बॉल पर सिंगल लेकर फिफ्टी पार्टनरशिप की। टीम इंडिया ने 74 रन पर दूसरा विकेट गंवाया था। हार्दिक पांड्या नौ रन बनाकर आउट हुए।

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय एकादश में वाशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे, संजू सैमसन और खलील अहमद को मौका नहीं मिला है।

# भारत के बलराज हीट में चौथे स्थान पर, रेपेचेज में पहुंचे



**एजेंसी, चेटेरोक्स ( फ्रांस )**

पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे भारत के एकमात्र नौकायन (रोइंग) खिलाड़ी बलराज पंवार शनिवार को यहां पुरुष एकल स्कल स्पर्धा की पहली हीट (शुरुआती रेस) में चौथे स्थान पर रहे और अब रेपेचेज में हिस्सा लेंगे। पच्चीस साल के बलराज ने सात मिनट 7.11 सेकेंड का समय लिया। वह न्यूजीलैंड के थॉमस मैकिनटोश (छह मिनट 55.92 सेकेंड), स्टीफानोस एनतोस्कोस (सात मिनट 1.79 सेकेंड) और अब्देलखालेक एलबाना (सात मिनट 5.06 सेकेंड) से पीछे रहे। प्रत्येक हीट से शीर्ष तीन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रेपेचेज के जरिए बलराज को सेमीफाइनल या फाइनल में जगह बनाने का दूसरा मौका मिलेगा। बलराज चीन में 2022 एशियाई खेलों में चौथे स्थान पर रहे थे और कोरिया में एशियाई तथा ओसियाना ओलंपिक

## द्रविड़ का गंभीर को संदेश

# मुश्किल समय में सांस छोड़ें और एक कदम पीछे हटें

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने अपने उत्तराधिकारी गौतम गंभीर को उन चुनौतियों से निपटने के लिए एक विशेष संदेश दिया है जिनका उन्हें सामना करना पड़ सकता है। द्रविड़ के संदेश से गंभीर भी भावुक हो गए। द्रविड़ ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप में भारत के चैंपियन बनने के बाद मुख्य कोच का पद छोड़ दिया था। उनकी जगह गंभीर को मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो एक्स पर जारी किया है, जिसमें द्रविड़ ने कहा, " भारतीय क्रिकेट टीम के एक कोच का दूसरे कोच को संदेश: सबसे मुश्किल समय में लंबी सांस छोड़ें और एक कदम पीछे हटें। मेरी आपको शुभकामनाएं गौतम। मुझे पूरा विश्वास है कि आप भारतीय टीम को नई ऊंचाइयों पर ले जाओगे।"

उन्होंने कहा,"भले ही यह आपके लिए मुश्किल हो, लेकिन मुस्कुराइए। जो कुछ भी होगा, वह लोगों को चौंका देगा।" द्रविड़ के इस संदेश में गंभीर के चेहरे पर मुस्कान ला दी। गंभीर इस संदेश के लिए द्रविड़ का आभार व्यक्त करते समय भावुक लग रही थे। गंभीर ने कहा,"मैं आमतौर पर बहुत भावुक नहीं होता लेकिन इस संदेश ने वास्तव में मुझे बहुत भावुक कर दिया है। यह दिल को छूने वाला संदेश है।"

उन्होंने कहा,"मैं एक महान व्यक्ति का उत्तराधिकारी हूं और उम्मीद है कि मैं उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरूंगा।"

# स्पेन के रूडी फर्नांडेज छह ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले पहले बास्केटबॉल खिलाड़ी बने


**विलनोवडास्क ( फ्रांस )**

स्पेन के रूडी फर्नांडेज छह ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले पहले पुरुष बास्केटबॉल खिलाड़ी बन गए हैं। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्पेन की ओर से उतरकर यह उपलब्धि हासिल की।

सोमवार को जब अमेरिका की महिला टीम जापान के खिलाफ उतरेगी तो डायना टोरासी भी छह ओलंपिक में खेलने वाली पहली महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी बन जाएंगी। स्पेन के युआन कार्लोस नवारो, पुएर्टो रिको के टियोफिलो क्रू ज, ऑस्ट्रेलिया के एंड्रयू गेज, ब्राजील के आस्कर शमिट और अर्जेन्टीना के लुई स्कोला पांच ओलंपिक में हिस्सा ले चुके हैं।

# निजी कोच की मांग करना खिलाड़ियों का अधिकार : विजेंदर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



वैश्विक प्रतियोगिताओं में महासंघ द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय कोचों के अलावा निजी कोचों की आवश्यकता है या नहीं, इस अंतहीन बहस में खिलाड़ियों का पक्ष लेते हुए ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज से राजनेता बने विजेंदर सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी पसंद का सहयोगी स्टाफ मांगने का पूरा अधिकार है।

कई भारतीय खिलाड़ियों ने शुक्रवार से शुरू हुए पेरिस ओलंपिक में अपने निजी कोच को ले जाने का विकल्प चुना है जबकि दल में विभिन्न खेलों के राष्ट्रीय कोच मौजूद हैं, जिससे इस बात पर बहस छिड़ गई है कि क्या ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता है।

केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य विजेंदर ने कहा, "निश्चित रूप से, यह आवश्यक है। जब मैं (एमेच्योर सर्किट में) मुक्केबाजी करता था तो हमें इस मामले में पूरी आजादी दी जाती थी। इसलिए हमें मनचाहे कोच और अभ्यास के लिए साथी मिल गए।"

हरियाणा के इस 38 वर्षीय मुक्केबाज ने पेशेवर बनने से पहले 2006 से 2014 के बीच कई पदक जीते जिसमें 2008 बीजिंग ओलंपिक और 2009 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी शामिल है।

# ओलंपिक कॉल्ड्रल हर रात पेरिस के आसमान में दिखेगी



**पेरिस।** पेरिस खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान उड़ान भरने वाली ओलंपिक कॉल्ड्रल ( ओलंपिक ज्वाला) दिन के दौरान जमीन पर रहेगी जबकि रात में यह आसमान में होगी। पेरिस ओलंपिक के आयोजकों ने कहा कि शनिवार से गुब्बारे से जुड़ी कॉल्ड्रल सूर्यास्त से लेकर रात दो बजे तक लौवर संग्रहालय के ग्लास पिरामिड के प्रवेश द्वार के पास तुइलरीज गार्डन से 60 मीटर (197 फीट) से अधिक ऊपर उड़ेगी। दिन के समय में रोजना इसे देखने के लिए 10,000 लोगों को पास जारी किए जाएंगे।

ओलंपिक खेलों में यह पहली बार है जब कॉल्ड्रल को जीवाश्म ईंधन के बिना जलाया गया। आयोजकों ने कहा कि बिजली की लौ को 40 एलईडी स्पॉटलाइट की मदद से प्रज्वलित किया गया हैं।

## महिला एशिया कप

### मेजबान श्रीलंका के खिलाफ खिताबी मुकाबला आज दोपहर 3 बजे

# आठवां खिताब जीतने उतरेगी भारतीय टीम

**एजेंसी, दांबुला**



मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखकर श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले फाइनल में जीत दर्ज करके रिकॉर्ड आठवां खिताब जीतने की कोशिश करेगी। भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है।

उसने लीग चरण में पाकिस्तान को सात विकेट से, संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से और नेपाल को 82 रन से हराया था। सेमीफाइनल में उसने बांग्लादेश को 10 विकेट से पराजित किया था। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अभी तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को कोई मौका नहीं दिया है।

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने अभी तक टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है, लेकिन टीम प्रबंधन गेंदबाजों विशेषकर दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह के प्रदर्शन से काफी खुश होगा। दीप्ति ने टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक 9 विकेट लिए हैं, जबकि रेणुका सात विकेट लेकर तालिका में तीसरे नंबर पर है। इन दोनों का इकोनॉमी रेट भी शानदार है, जिसका मतलब है कि उन्होंने विरोधी टीम के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया है। इन दोनों की कसी गेंदबाजी का फायदा भारत के अन्य गेंदबाजों को भी मिला है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव इसका उदाहरण है, जिन्होंने अभी तक 5.5 के इकोनॉमी रेट से 6 विकेट लिए हैं।

भारतीय टीम के लिए कोई विभाग चिंता का विषय नहीं है, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स को बल्लेबाजी के कम मौके मिलने से वह थोड़ा चिंतित हो सकता है।

दूसरी तरफ श्रीलंका भी अभी तक अजेय रहा है। उसने टूर्नामेंट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी हासिल की है। श्रीलंका ने ग्रुप चरण में मलेशिया को 144 रन से हराया था।

### संभावित टीमें

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), पूजा वस्त्रकार, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजाना सजीवन।

**श्रीलंका :** चमारी अटापट्टू (कप्तान), अनुष्का संजीवनी, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, अमा कंचना, उदेशिका प्रबोदानी, विशमी गुणरथने, काव्या कविंदी, इनोशी प्रियदर्शनी, सुगंधिका कुमारी, अचिनी कुलसूर्या, कवीशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, सचिनी निसानसाला, शशिनी गिम्हानी।

